

7

आवाज की कशिश...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



10

भारत ने यूएई को 78...

■ वर्ष 29 अंक 28 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर सोमवार 22 जुलाई 2024 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने मांगा डिप्टी स्पीकर पद

## बीजेपी समेत 44 पार्टियां हुई शामिल

नई दिल्ली।

संसद के मानसून सत्र और बजट से पहले पार्लियामेंट हाउस में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई। बैठक में बीजेपी समेत 44 पार्टियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। कई केंद्रीय मंत्री इसमें शामिल हुए। विपक्ष की तरफसे कांग्रेस, आप, एआईएमआईएम, वायएसआरसीपी व अन्य पार्टियों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस ने लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मांगा। साथ ही कहा नीट मामले में लोकसभा में चर्चा हो। सपा नेता रामगोपाल यादव ने यूपी कांवड़ यात्रा रूट की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया बैठक में जेडीयू ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा, वायएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश को भी विशेष दर्जा देने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई। इस बैठक में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी नहीं आई। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू को चिट्ठी लिखकर बताया कि उनकी पार्टी का कोलकाता में कार्यक्रम है, इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे।



### हमने उपयोगी चर्चा की: किरेन रिजिजू

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा हमने बहुत उपयोगी चर्चा की। मैं सभी पार्टियों के फ्लोर लीडर्स को धन्यवाद देना चाहता हूंए जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए। हमने संसद के सभी सदनों के नेताओं से सुचारु रूप से सुझाव लिए हैंए यह सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। साथ ही अपील की है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार निर्धारित नियमों का पालन करते हुए संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

### जांच एजेंसियों का हो रहादुरुपयोग

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में कई मुद्दे उठाए गए। जांच एजेंसियों का बहुत ज्यादा दुरुपयोग हो रहा है। ईडी को जो ताकत पीएमएलए को लेकर दी गई है, उसे वापस लिया जाए। बजट अभी आने वाला है, लेकिन बजट मैं लीक कर सकता हूं कि दिल्ली को 325 करोड़ रुपए से ज्यादा नहीं मिलेगा। पिछले कई साल से ऐसा ही होता आ रहा है। ऐसे ही एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मीटिंग में हमने कांवड़ मार्गों पर दुकानों के नेम-प्लेट लगाने के निर्देश का मुद्दा उठाया। अगर कोई सरकार संविधान के खिलाफ कोई निर्देश पास करती है तो उस पर केंद्र सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। इससे छुआछूत को बढ़ावा मिल रहा है।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर 3 तीर्थयात्रियों की मौत



**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर पत्थर गिरने से तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं। यात्री गौरीकुंड से 3 किलोमीटर दूर चिड़वासा में बने पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम की तरफ जा रहे थे, जब वे सुबह करीब 7:30 बजे पत्थरों की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी रुद्रप्रयाग डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट के नंदन सिंह रजवार ने दी है। रजवार ने बताया कि मरने वालों में महाराष्ट्र के नागपुर से किशोर अरुण परते, जालना के सुनील महादेव काले और रुद्रप्रयाग के अनुराग बिष्ट शामिल हैं।

## अविमुक्तेश्वरानंद फर्जी बाबा हैं: स्वामी गोविंदानंद

**नई दिल्ली।** स्वामी गोविंदानंद सरस्वती ने रविवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को फर्जी बाबा बताया है। गोविंदानंद सरस्वती ने



कहा कि इन दिनों मुक्तेश्वरानंद नाम का एक फर्जी बाबा काफी लोकप्रिय हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके पैर छुए हैं और अंबानी जैसे बड़े कारोबारी ने उनका अपने घर में स्वागत किया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य का टैग दिया है। मैं देश के सभी नागरिकों को यह संदेश देना चाहता हूं कि मुक्तेश्वरानंद अपने नाम के साथ साधुए संत या संन्यासी जोड़ने के भी लायक नहीं है, इसलिए शंकराचार्य को भूल जाइए।

## निपाह को लेकर केन्द्र सरकार अलर्ट

**नई दिल्ली।** केरल के मल्लापुरम जिले में 14 वर्षीय लड़के की निपाह वायरस के संक्रमण से मौत हो गई है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने राज्य को तत्काल कुछ कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि पीड़ित में एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम के लक्षण मिले थे। हांलाकि बाद में पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जब सैंपल टेस्ट किया गया तो इसके निपाह वायरस होने की पुष्टि हुई। पहले तो पीड़ित को पेरिंथलमन्ना स्थित हेल्थकेयर फैसिलिटी में भर्ती कराया गया, मगर बाद में उसे कोझिकोड के हायर हेल्थ सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया। डॉक्टर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद मरीज को बचाया नहीं जा सका, आखिरकार उसने रविवार को इस बीमारी के चलते दम तोड़ दिया।



# जल्द ही गिर जाएगी दिल्ली की सरकार

**टीएमसी की शहीद दिवस रैली के दौरान बोले अखिलेश और सीएम ममता बनर्जी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कोलकाता के एस्प्लेनेड में शहीद दिवस रैली की। रैली को ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। पश्चिम बंगाल में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में एकतरफा जीत के बाद टीएमसी की यह पहली बड़ी रैली है। इसमें लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। ममता हर साल शहीद दिवस रैली के मंच से पार्टी की रणनीति की घोषणा करती हैं। टीएमसी की शहीद दिवस रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है। सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया, उत्तर प्रदेश ने भी आपके साथ मिलकर पीछे छोड़ दिया। ये जो कुछ दिन के लिए सत्ता में आए हैं ये कुछ दिन के मेहमान हैं। दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है। हम एक दिन देखेंगे कि यही सरकार गिरेगी और हमारे आपके लिए खुशियों के दिन आएंगे। रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहाए मैं चाहती हूं कि बंगाल के साथ हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हों। अखिलेश यादव यहां आएए मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। मैं समाजवादी पार्टी का अभिनंदन करना चाहूंगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में आपने जो खेल दिखाया है। मैं आपके साथ सहमत हूं कि दिल्ली में सरकार ने एजेंसी लगाकर चुनाव आयोग को लगाकर जो सरकार लाई गई है, वह सरकार स्थिर नहीं हैए वह सरकार कभी भी जा सकती है।

## सपा विधायक, बेटे-बहू और समधी समेत 23 पर एफआईआर

**यूपी के मुरादाबार का मामला, वक्फ जमीन कब्जाने का आरोप**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के गलशहीद थाने में मुरादाबाद देहात विधानसभा सीट से सपा विधायक हाजी नासिर कुरैशी, उनके बेटे आमिर कुरैशी, बहू इरम और समधी शमशाद उर्फ भोंदा समेत 23 नामजद और कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा वक्फ की जमीन पर कब्जा करने और जानलेवा हमला करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है। दो दिन पहले कोर्ट ने एफआईआर के आदेश दिए थे। वक्फके स्कूल और अन्य संपत्तियों के मुतवल्ली रईस अहमद की तरफसे रिपोर्ट लिखी गई है। सपा विधायक ने आरोप गलत बताए हैं। इतना जरूर कहा कि आरोपी और उसके समधी के बीच जमीन को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक मुरादाबाद से असालतपुरा बड़ी मस्जिद निवासी रईस ने एमपी.एमएलए कोर्ट में वाद दायर कहा था कि वह वक्फके स्कूल और अन्य संपत्तियों के मुतवल्ली हैं। उसी स्कूल परिसर में एक प्लाट है। 27 मई 2024 को शमशाद उर्फ भोंदा उनके समधी सपा विधायक नासिर कुरैशी ने अपने लोगों के साथ मिलकर प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की। रोकने की कोशिश करने पर शिकायतकर्ता रईस के बेटे आमिर फैसल पर जानलेवा हमला कर दिया। बाद में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। दूसरे बेटे मोहम्मद फैजियार के सिर पर वार किया।

## नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर पैरामिलिट्री तैनात

**मोबाइल इंटरनेट बंद, ड्रोन से की जा रही निगरानी**

नूंह।

हरियाणा के नूंह में आज सोमवार को ब्रजमंडल यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पिछले साल जमकर हिंसा हुई थी। जिसमें 7 लोगों की मौत हुई और 150 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी गई थी। इस बार हिंसा न होए इसके लिए सरकार और प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। यहां 21 जुलाई रविवार शाम 6 बजे से 22 जुलाई सोमवार शाम 6 बजे तक 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। एक साथ बहुत सारे यानी बल्क मैसेज भेजने पर भी रोक लगाई गई है। डोंगल इंटरनेट



भी नहीं चलेगा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स और कमांडोज तैनात किए गए हैं। ड्रोन के जरिए पूरे नूंह और अरावली की पहाड़ियों की निगरानी की जा रही है। हरियाणा पुलिस लगातार फ्लैग मार्च निकाल रही है। यहां जमीन से आसमान तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। नूंह में इंटरनेट बंद करने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट धीरेंद्र खड़गट ने कहा इंटरनेट सेवाओं का मिसयूज कर भड़काऊ सामग्री, झूठी अफवाहों का प्रसार किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप जिले में सार्वजनिक संपत्तियों व सुविधाओं को नुकसान और कानून एवं शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। मोबाइल इंटरनेट से वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर आदि विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से गलत सूचना व अफवाह फैलाई जा सकती हैं। भीड़ को इकट्ठा कर आगजनी, बर्बरता या किसी प्रकार की हिंसा हो सकती है। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। ऐसा न होए इसके लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

## कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानदारों के नाम बताने वाला मामला पहुंचा सुप्रीम कोट

**आज सोमवार को सुनवाई, यूपी के बाद उज्जैन में भी गर्माया मामला**

**नई दिल्ली।** यूपी सरकार के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है जिसमें राज्य सरकार ने यूपी में कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों के मालिकों को अपने नाम लिखने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट में एनजीओ असोसिएशन ऑफप्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से अर्जी दाखिल कर यूपी सरकार के हाल के फैसले को चुनौती दी गई है। यूपी में कांवड यात्रा के दौरान दुकानदारों को अपने नाम डिस्प्ले करने के लिए कहा गया है। इसके बाद इस मामले में सियायत पहले से गर्म है और इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर इस फैसले को चुनौती दी गई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भाटी केस




की सुनवाई करेंगे। यूपी सरकार ने 19 जुलाई को फैसला किया था कि जितने भी दुकानदार हैं खासकर खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ बेचने वाले दुकानदार हैं, उन्हें कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ रूट पर दुकानों में दुकान के मालिकों का नाम डिस्प्ले करना होगा। कांवड़ यात्रा की रूट पर दुकानकारों को दुकान के सामने मालिक को अपने नाम डिस्प्ले करना होगा। यूपी सरकार ने कहा है कि यह फैसला कानून व व्यवस्था के हित में लिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाद मध्यप्रदेश के उज्जैन में दुकानों पर संचालकों के नाम, जाति सहित पूरा विवरण लिखवाने के सरकार के आदेश पर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं विधायक फूलसिंह बरैया ने इसका विरोध किया है। दूसरी ओर उज्जैन नगर निगम के सहायक जनसंपर्क आयुक्त ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि निगम ने किसी प्रकार का कार्यपालिक आदेश जारी नहीं किया है।। उन्होंने कहा कि नगर निगम किसी प्रकार क कोई कार्रवाई नहीं करने जा रही है।

## सास की हत्या करने वाली बहू, बेटा और नाती गिरफ्तार

**भिंड।** सोने की मोहरें और जमीन बंटवारे को लेकर सास की पीट-पीट कर हत्या करने वाली बहू, बेटा और नाती को बरासों पुलिस ने रात करीब एक बजे चंदूपुरा सब स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। घटना के बाद तीनों लोग गांव से फरार हो गए थे। और रात में पैदल-पैदल भिंड आ रहे थे। शनिवार को पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कियाए जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 95 वर्षीय सुखदेवी बघेल पत्नी रामनाथ बघेल निवासी खैरोली थाना बरासों के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कल्याण बघेल और छोटा बेटा कालीचरण बघेल। सुखदेवी पिछले 30-35 सालों से बड़े बेटे कल्याण बघेल के साथ रह रही थीं। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे सुखदेवी अपनी चारपाई पर लेटी हुई थीं। छोटे बेटे कालीचरण बघेल की पत्नी लीला बघेल ने सोने की मोहरें और जमीन बंटवारे को लेकर अपनी सास से विवाद किया और लीला ने डंडे से सास पर हमला कर दिया। इस दौरान कालीचरण अपनी मां के पास चारपाई पर बैठा रहा। मारपीट के बाद बुजुर्ग महिला का नाती बृजेश दादी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आया।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो छात्रों समेत 4 की मौत

### 6 अन्य लोग भी झुलसे, एमपी के सतना जिले की घटना



**सतना।** एमपी के सतना में आकाशीय बिजली कहर बनकर गिरी। मामूली बारिश के बीच बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग झुलस गए। 5 बकरियों की भी जान चली गई। पुलिस कट्रोल रूम से बताया गया कि जैतवारा के तुर्री में दो छात्रों की मौत हो गई। वरुण पिता प्रदीप सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम डगडीहा एवं आदर्श सिंह पिता भूपेंद्र सिंह उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम अकौना के रूप में हुई है। जैतवारा पुलिस ने बताया कि दोनों छात्र आरपीएस स्कूल जैतवारा में 11 वीं के छात्र थे। दोपहर लगभग 2 बजे छुट्टी के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। इसी बीच बारिश शुरू हो गई, जिससे बचने बाइक खड़ी कर वे एक पेढ़ के नीचे चले गए। इसी दौरान तेज गड़गड़ाहट के साथ गिरी बिजली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोग जब तक उनके बचाव के लिए पहुंचे तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

### गलबल में किसान की मौत

जैतवारा थाना क्षेत्र में ही एक और दुर्घटना ग्राम गलबल में हुई जहां आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से पुष्पेन्द्र तिवारी की मौत हो गई। मृतक किसान था। बताया जाता है कि पुष्पेंद्र अपने खेत मे पानी लगा रहा था इसी बीच मौसम बिगड़ गया और बारिश शुरू हो गई। बचने के लिए वह पेढ़ के नीचे गया लेकिन वहां आसमान से मौत आ टपकी। ऐसे ही रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के करमऊ में भी गाज गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त जिवेंद्र पांडेय निवासी करमऊ के रूप में हुई है। जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई 4 मौतों के अलावा आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं समेत 6 लोग झुलसे भी हैं। जसो थाना क्षेत्र की पुरैना पंचायत अंतर्गत ग्राम हरदुआ में आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोग बुरी तरह झुलस गए।

## दबंगों ने डंपर से महिलाओं पर डाल दी मुरुम

### दो महिलाएं मुरम के अंदर दबीं, मौके पर मची चीख-पुकार

रीवा, मनगवां।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई हैं। यहां के हिनौता गांव में जमीन विवाद में दबंगों ने विरोध करने पहुंची महिलाओं के ऊपर डंपर से मुरुम डाल दी। जिसमें एक महिला गले तक और दूसरी कमर तक मुरुम में दब गई। जानकारी के मुताबिक रीवा जिले के मनगवां थाना के गंगेव पुलिस चौकी अंतर्गत हिनौता गांव में दो पक्षों में जमीन का विवाद चल रहा था। इस बीच राजेश सिंह उर्फ छुटकउ अपनी जेसीबी और मुरुम से भरा डंपर लेकर विवादित जमीन पर सड़क बनाने पहुंच गया। जमीन पर सड़क बनते देख आशा पांडेय और ममता पांडेय इसका विरोध करने के लिए पहुंच गईं। महिलाओं को देख वहां मौजूद दूसरे पक्ष के गोकर्ण पांडेय, महेंद्र पांडेय, चंद्रभान पांडेय सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी।



### फावड़े से मुरुम हटाकर निकाला बाहर

इसके बाद महिलाओं को जान से मारने के लिए आरोपितों ने उन पर डंपर से मुरुम डाल दी। जिसमें एक महिला गले तक और दूसरी कमर तक इसके अंदर दब गई। यह देख परिवार के लोग वहां दौड़े और फावड़े से मुरुम हटाकर दोनों को बाहर निकाला। घटना में बुरी तरह से घायल हो गईं थीं, जिसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगेव में भर्ती करवाया गया। महिलाओं के साथ मारपीट और उनके मुरम में दबे होने का वीडियो वायरल हो रहा है।

### पुलिस ने डंपर मालिक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

इस घटना गंगेव पुलिस चौकी ने डंपर मालिक सहित मारपीट करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इलाज के बाद अब ममता और आशा पांडेय की हालत अब ठीक बताई जा रही हैं। क्षेत्र के लोगों के अनुसार आज तक ऐसा मामला सामने नहीं आया, जिसमें किसी के ऊपर मुरुम डालने की घटना सामने आई हो।

### महिलाओं पर अपराध रोकने में सरकार विफल

पीसीसी चीफजीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर लिखा इस घटना ने एक बार फिर बीजेपी शासन की महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। वैसे भी मध्यप्रदेश महिलाओं पर अत्याचार में पहले नंबर पर है। मुख्यमंत्री जीए क्या आपकी सरकार से ये बहनें उम्मीद रख सकती हैं कि इस घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच होगी। आपकी सरकार महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकने में बार-बार असफल हो रही है।

# जनपद की पाँच पंचायतों का नाम बताने अधिकारियों को छूट रहा पसीना...?

## स्थानीय पत्रकार संघ ने सीईओ, जनपद अध्यक्ष से मागें थे 5 उत्कृष्ट पंचायतों के नाम

ब्यौहारी।

जनपद पंचायत ब्यौहारी सहित समूचे देश प्रदेश मे विकास की गंगा बहाने का ढिंढोरा पीटने वाले शासन प्रशासन मे बैठे लोगो के चेहरे से उस समय हवाइया उडने लगी जब स्थानीय पत्रकार संघ ने जनपद पंचायत ब्यौहारी के सीईओ रामावतार अगरिया जनपद अध्यक्ष आकांछी सिंह और क्षेत्रीय विधायक शरद कोल को ज्ञापन सौंपकर ना सिर्फ ब्यौहारी जनपद अपितु विधानसभा क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 पंचायतो का नाम मागा जहा शासन की संम्पूर्ण योजनाऐ संचालित हो और लोगो को शासन की जनकल्याणकारी और हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ मिल रहा हो जनता खुशहाल हो गई हो और पंचायत उत्क्रष्ट श्रेणी की तराजू में तौली जा सके पत्रकार संघ के ज्ञापन से विधायक सहित जनपद अध्यक्ष और सीईओ अगरिया साहब तिलमिला गऐ है । सवाल यह कि क्या ? विधानसभा क्षेत्र मे एक भी ऐसी पंचायते नही जिनका नाम पत्रकारो को बताया सके ?गौरतलब है कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार अनेक जन हितैषी योजनाऐ संचालित कर गाव और गरीब तक इस योजना को पहुचाने के लिए जद्दोजहद कर रही है और उसी के आधार पर देश प्रदेश मे विकास की गंगा बहाने का दावा कर रही है लेकिन सरकारो को यह पता नही कि जिला और जनपद मे बैठे निकम्मे और भ्रष्टाचारी अधिकारियो के वजह से बहुत सारी जनहितैषी योजनाऐ कैद है जो आज भी जनपद से पंचायत तक नही पहुच पाई है जिससे पंचायत दर पंचायत हाहाकार मचा हुआ है योजनाओ मे पलीता लगा है और भ्रष्टाचार चरम पर है ।




**वेण्डर के नाम पर मची लूट** – विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी की पंचायतो की बात करें तो शासन सत्ता का संरक्षण और कृपा पात्र चुनिन्दा लोग रसीद बुक छपाकर बेण्डर बन गए है जिन्हे मापदण्डमालूम है या नहीं फर्म या दुकाने है भी या नही लेकिन पंचायतो में रोड नाली पुल पुलिया भवन निर्माण कार्य मे सप्लायर बने बेण्डर बडी भूमिका निभा रहे है और अपने फर्म के नाम बिल बाउचर लगाकर लाखो रुपये का आहरण कर बंदर बाट कर रहे है मजे की बात यह है कि ब्यौहारी बाजार को क्रास कर पपौध पोडी और बुडवा क्षेत्र की पंचायतो मे भोगिया मनटोला का बेन्डर मटेरियल सप्लाई का बिल लगा रहा है और पपौध क्षेत्र का बेन्डर 50 किलोमीटर दूर झापर और बनास बुडवा वाणसागर की पंचायतो मे मटेरियल सप्लाई का बिल लगा रहा है सूत्रो से मिली पुष्ट जानकारी के अनुसार अब करोडो रुपयो का बंन्दर बाट बेण्डरो के जरिए हो रहा है और सरपंच सचिव तथा उपयंत्रियो के जरिये ऊपर तक मिल बाट कर खाने की दावत चल रही है और बेन्डर सभी पंचायतो मे अपनी पैठ बनाकर दोनों हाथों से शासन के खजाने को खाली करने मे कोई कसर नहीं छोड रहे हैं

### टैक्स की हो रही चोरी, आयकरविभाग भी मौन

जनपद क्षेत्र की पंचायतो में दो दर्जन से अधिक वेन्डरों की अन्धाधुन्ध कमाई की जानकारी इन्कमटैक्स इन्क्वायरी विभाग को ना हो यह कहना उचित नहीं होगा क्योंकि वेन्डरो का पंजीयन जी यस टी कार्यालय से होता है और मासिक एवं तिमाही लेखा भी वही जमा होता है ऐसे मे जानकारी न होने का सवाल ही नहीं उठता है पर गंगा जमुनी की तहजीब आडे आ रही है सबका साथ सबका विकास होने की तर्ज पर बेन्डर से लेकर जिला तक बबंण्डर मचा हुआ है फिर भी इन्कमटैक्स विभाग मौन है । और खुलेआम हो रही जी यस टी की चोरी के लिए आख में पट्टी बांधे हुए है अगर ग्राम पंचायतों में सामग्री सप्लाई करने वाले वेन्डरो के द्वारा काटे गए बिल तथा जी यस टी भुगतान के लिए भेजी गई जानकारी का मिलान किया जाय तो लाखों की टैक्स चोरी का मामला सामने आ जायेगा ।

**विधायक के गृह ग्राम पंचायत हिरवार मे भारी घोटाला** – विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी से दूसरी बार निर्वाचित हुए विधायक शरद कोल लोगों के बीच चर्चा में है उनके गृह ग्राम पंचायत हिरवार घिनौची के सरपंच के द्वारा बिना काम कराये पैसा निकाल लिया गया था जिसकी शिकायत पर जांच के दौरान 1192298 (ग्यारह लाख बान्नवे हजार दो सौ अन्ठानवे रुपये )की वसूली की कार्यवाही सरपंच रणबहादुर सिंह के नाम प्रस्तावित है इसके अलावा पंचायत के कामकाज में 20 लाख रुपये से अधिक का घोटाला किया जा चुका है गोशाला सहित दर्जनो निर्माण कार्य या तो शुरू ही नही हुऐ या आज भी अधूरे पडे है,कोलान मुहल्ले का हैण्डपम्प खराब है बिजली की आपूर्ति बाधित है और लोगो के चलने के लिऐ सडक तक नसीब नही लोगों द्वारा शिकायत किये जाने पर जाँच मे दोषी पाये गये और वसूली की कार्यवाही का प्रतिवेदन जिला पंचायत भेजा गया किन्तु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई वहीं बगल के गाँव विजयसोता में आजादी के बाद से आज तक बिजली नहीं पहुची लोग परेशान है हिरवार सिंचाई परियोजना का नाम सुनकर लोग हँसने लगते हैं तो कुछ गुस्से से लाल पीले हो रहे है। सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र माफियाराज के चंगुल मे और विधायक चंन्द चाटुकारो के आगोश मे आ गए है और जनता जनार्दन के हितो को भूलकर अपना खजाना भरने मे लगे है। और विधायक के गृह ग्राम की ये स्थिति है तो अन्य पंचायतों का क्या हाल होगा अंदाजा लगाया जा सकता है । जिसके चलते पत्रकारों को क्षेत्र की पाँच उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराने में अधिकारियों को पसीने छूट रहे हैं

### इन्होने कहा

मैने पंचायत इस्पेक्टर को निर्देशित कर दिया है सोमवार को आपको 5 पंचायतों का नाम मिल जाऐगा ।

**सी.ई.ओ.**
**जनपद पंचायत, ब्यौहारी**



# कन्या महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया

**शहडोल ।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय शहडोल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया । सर्वप्रथम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गुरु पूर्णिमा अवसर पर उद्बोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ उषा नीलम ने कहा कि जिस देश समाज में शिक्षक की महिमा को पूजा जाता है।वह देश समाज निश्चित ही उन्नति के ऊंचे शिखर पर जाता है। सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ के कौर,सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ बिनय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिनका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ सी.एम.पी. मिश्र ने बताया कि महर्षि व्यास के जन्म दिवस को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है गुरु शिष्य परंपरा सनातन काल से चली आ रही है।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों का छात्राओं द्वारा पुष्प देकर सम्मान किया गया।

## गायत्री परिजनों ने अनुशासन का पर्व गुरु पूर्णिमा मनाया

**हटा।** गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। रविवार को सुबह पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से पांच पारियों में सैकड़ो परि जनों ने अपनी आहुतियां यज्ञ भगवान को प्रदान की। यज्ञ आचार्य मदनगोपाल दुबे एवं डॉ. सीएल नेमा एवं शैलेंद्र नायक ने यज्ञ का संचालन किया। यज्ञ के दौरान शक्तिपीठ में स्थापित प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा स्मारकों का विशेष पूजन वंदन किया गया। युग निर्माण योजना के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य का व्यास के रूप में विशेष पूजन किया गया। डॉ नेमा ने गुरु पूर्णिमा को गायत्री परिजनों के लिए अनुशासन एवं आत्म समीक्षा का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि जब शिष्य के गुरु के प्रति गहन श्रद्धा विश्वास एवं समर्पण होता है तो गुरु शिष्य को निहाल कर देता है यज्ञ के दौरान पांच परिजनों ने दीक्षा एवं दो परिजनों ने जन्म दिवस संस्कार कराया।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन




**शहडोल ।** गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया यह आयोजन दो दिवसीय आयोजित होगा । आयोजन में मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि, मुख्य वक्ताओं का स्वागत वैदिक मंत्रो से किया गया ।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बागेश्वरी मां सरस्वती के चित्रपट दीप- प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह थी।अध्यक्षता प्रभारी कुलगुरु प्रोफेसर प्रमोद पांडे ने की विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर हरीश निगमएवं प्रोफेसर नीलमणि दुबे, प्रोफेसर बीएस धुर्वे की मंच पर गरिमापूर्ण उपस्थिति में आयोजन किया गया । कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनोद शर्मा एवं प्रोफेसर. के. कुमार ने प्रभारी कुलपति प्रो प्रमोद पांडेय एवं कुल सचिव डॉ आशीष तिवारी का आत्मीय अभिनंदन किया। कुलपति एवं कुल सचिव ने मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल,पुष्पहार से आत्मीय अभिनंदन किया । छात्र-छात्राओं ने प्रसाल में उपस्थित सभी गुरुजनों का पुष्पहार से वंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषर प्रभारी प्रोफेसर करुणेश झा ने अपने उद्बोधन में सभी कार्यक्रम में उपस्थित गुरुजनों का आत्मीय स्वागत करते हुए सभी को कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया।

**गुरू का आदर, पूजन और अभिनंदन भारतीय परंपरा-मनीषा सिंह-** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक मनीषा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु की कृपा स्वरूप ही हमें ज्ञान की प्राप्ति हुई है ।उनका आदर पूजन और अभिनंदन करना हमारी भारतीय परंपरा रही है। यही परंपरा को जीवित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संकल्प लिया और उसे पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में आकार देकर सरकार किया। कार्यक्रम में मध्य में आभासी माध्यम द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के कार्यक्रम का सूत्रपात यही से देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय में हुआ और हम कुलपति का नाम बदलकर कुलगुरु कर दिया। हम जब गुरु का हाथ पकड़ते हैं तो हमारा उद्धार होना तय हो जाता है ।गुरु पूर्णिमा का महत्व अपना अलग है जो पाठ्यक्रम में पढ़ाये वह शिक्षक जो पाठ्यक्रम के बाहर भी दिखे और जिसका ओर-छोर ना हो वह गुरु सर्वव्याप्त है चाहे रामकृष्ण परमहंस हो जिन्होंने विवेकानंद बनाया ।चाहे समर्थ गुरु रामदास हो जिन्हें जिनके परम प्रकाश से शिवाजी बने। चाहे भगवान कृष्ण का जीवन हो उनके जीवन में संदीपन जी का महत्व भुलाया नहीं जा सकता भगवान ने मनुष्य के रूप में जन्म लेकर इस समाज को नैतिक शिक्षा दी है संदीपन जी का त्याग गुरू परंपरा को समृद्ध बनता है भगवान कृष्ण ने 64 कलाओं में पारंगत हुए वह महर्षि संदीपन ही थे जो उनके गुरु के रूप में जगत स्थापित हुए कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व कुल सचिव प्रोफेसर विनय कुमार सिंह का विश्वविद्यालय परिवार की ओर से शाल और श्रीफल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया ।प्रोफेसर हरीश निगम ने अपने उद्बोधन में कहा की गुरु पूर्णिमा को मनाने के लिए उपस्थित हुए है यह उत्सव समर्थ गुरु परम्परा के लिए है जो हृदय के संपूर्ण अंधकार को मिटा दे इसीलिए कहा गया है कि गुरु पूर्णिमा अर्थात गुरु पूरी माँ है ।गुरु परंपरा विकास की सामर्थ परंपरा है जो हमारे जीवन को संभाल देती है ।सरकार को धन्यवाद देता हूं जो इस परंपरा को पुनर्जीवित कर यह कार्यक्रम की संकल्पना की पूरे विश्व में केवल दो जातियां हैं मानव और दानव इन जातियों के मानव का निर्माण गुरु परंपरा ही करती है। उसी प्रकार दो प्रकार के गुरु होते हैं सांसारिक और दूसरा आध्यात्मिक आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु होता है जो सत्य का भान कराकर भगवान से मिलता है ।पूर्व कुल सचिव पूर्व कुलसचिव प्रोफेसर विनय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु सर्वश्रेष्ठ होता है इसमें कोई संदेह नहीं है गुरु पूर्णिमा की जो परंपरा विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में प्रारंभ हुई है यह सराहनीय है ।





# गुरु व्यक्ति को सदैव सही रास्ता दिखाते हैं : देव प्रवर जी महराज

## जगदगुरू स्वामी देव प्रवर महाराज के सानिध्य में हुआ गुरू पूजन

**शहडोल ।** जिला उत्कृष्ट विद्यालय रघुराज क्रमांक 2में जगद्गुरु स्वामी देव प्रवर जी महाराज( युवराज सरकार) चित्रकूट पुरानी लंका के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ की मंशा के अनुरूप मध्य प्रदेश शासन के गुरु पूर्णिमा पर्व के निर्देशानुसार उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में परम पूज्यनीय जगतगुरु स्वामी देव कृष्ण प्रवर( युवराज सरकार) के मुख्य अतिथि में भव्य गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम में उनके अलावा अन्य चार संत के साथ देवांता अस्पताल के संचालक विष्णु मिश्रा उपस्थित रहे । सरस्वती वंदना और स्वागत गीत विद्यालय की छात्राओं के साथ सविता चतुर्वेदी एवं मंजू ओझा ने प्रस्तुत किया । विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण दिया गया । ममता पटेल द्वारा गुरु के सम्मान में अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनंद राय सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारीगोहपारु ललित पांडे, सेवानिवृत्ति शिक्षक महेश द्विवेदी, राजेंद्र शर्मा, अमर बहादुर सिंह उपस्थित रहे । विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोहपारु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा बहुत ही सुंदर गुरु शिष्य परंपरा की व्याख्या की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदेव भगवान के द्वारा बहुत ही प्रेरक रोचक सरल भाषा में बच्चों के लिए गुरु भक्ति का भाव एवं उसके मायने विभिन्न कहानियों एवं उदाहरण के द्वारा समझाया गया कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जगतगुरु स्वामी देव प्रवर जी महाराज,विधायक मनीषा सिंहसहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा, आर. यस. सिंह द्वारा विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य पीके मिश्रा, डॉ मनोज श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अख्तर हुसैन, एनसीसी अधिकारी आर पी सिंह, सर बीईओ गोहपारु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।

# आकाशीय बिजली से बचने के बचने के तरीके

**सतना स्वतंत्रमत।** यदि आप घर के अंदर हैं और बादलों की गड़गड़ाहट सुनाई देती है तो तत्काल सभी इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रानिक उपकरणों के प्लग निकाल दें। केवल स्विच ऑफ करने से काम नहीं चलता। डिस्कनेक्शन जरूरी है। खिड़कियां एवं दरवाजे बंद कर दें। खुले बरामदे और छत पर ना जाएं। ऐसी हर चीज से दूर रहें जहां करंट आने की संभावना है। रबर की स्लीपर या प्लास्टिक की चप्पल पहने। धातु से बने पाइप, नल, फव्वारा, वाश बेसिन आदि के संपर्क से दूर रहे।

## घर के अंदर वज्रपात से बचने के लिए क्या करें

**घर के बाहर आकाशीय बिजली से बचने के लिए क्या करें-** वृक्ष बिजली को आकर्षित करते हैं। इसलिए मौसम खराब होने पर उनके पास ना जाएं। ऊंची इमारतों वाले क्षेत्र में आश्रय न लें। समूह में खड़े होने के बजाय अलग-अलग हो जाएं। किसी निर्मित भवन में आश्रय लेना बेहतर है। यदि आप किसी वाहन में है तो मौसम खराब होने पर भी उसी में बने रहे। खुली छत वाले वाहन की सवारी न करें। धातु से बने वस्तुओं का उपयोग न करें। बाइक, बिजली या टेलीफोन का खंभा तार की बाड़ और मशीन आदि से दूर रहें। तालाब और जलाशयों से दूर रहें। यदि आप पानी के भीतर हैं, अथवा किसी नाव में हैं तो तुरंत बाहर आ जाएं।

**बज्रपात का पूर्वानुमान कैसे लगाएं-** यदि आकाशीय बिजली चमक रही है और आपके सिर के बाल खड़े हो जाएं व त्वचा में झुनझुनी होने लगे तो फौरन नीचे झुककर कान बंद कर लें। क्योंकि यह इस बात का सूचक है कि आपके आसपास बिजली गिरने वाली है।

**बज्रपात के शिकार व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कैसे करें-** बिजली का झटका लगने पर जरूरत के अनुसार व्यक्ति को सीपीआर, कार्डियो पल्मोनरी रेसिटेंशन यानि कृत्रिम सांस देनी चाहिए। तत्काल प्राथमिक चिकित्सा देने की व्यवस्था करनी चाहिए।

**क्या मोबाइल फोन पर बिजली गिर सकती है-** मोबाइल फोन एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है और स्मार्टफोन में काफी पावरफुल एंटीना होता है जो तरंगों को अपनी और आकर्षित करता है। तकनीकी विशेषज्ञ की सलाह देते हैं कि बादलों की गड़गड़ाहट होने पर यदि आप किसी ऐसे स्थान पर हैं जहां पर बिजली गिरने की संभावना है तो आपको तत्काल अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर देना चाहिए।

**आकाशीय बिजली कब गिरती है-** आकाशीय बिजली हमेशा धरती से ऊष्मा मिलने के बाद गिरती है। एक अध्ययन में पाया गया है कि जिन स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरी, वहां घटना से पहले तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। यानी कि यदि आप किसी ऐसे स्थान पर हैं जहां पर उमस बहुत ज्यादा है और अचानक बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हो जाती है तो समझ लीजिए कि आप खतरे में हैं।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में जनपद सभापति पर एफआईआर

**शहडोल ।** सोहागपुर जनपद के सदस्य और सभापति विक्रम सिंह के खिलाफ महिला थाने में किशोरी की शिकायत पर आपराधिक मामला कायम किया गया, आपराधिक मामला कायम होने के साथ-साथ ही सोशल मीडिया में एक ऑडियो भी वायरल हुआ, जिसमें जनपद सदस्य व कांग्रेस नेता विक्रम सिंह एक किशोरी से मधुर बातें करते हुए सुनाई देते हैं, इन बातों में विक्रम सिंह उस किशोरी को आई लव यू जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं। पीड़िता का कहना है कि सभापति उसे बहला फुसला कर पंचायत भवन ले गया और फिर अश्लील हरकते कर हुए छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह वह उसके चंगुल से बचकर वहां से भागी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।शहडोल जिले में दलित नाबालिग छात्रा से जनपद सभा पति द्वारा पंचायत भवन में छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित नाबालिग की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने जनपद सभापति के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही, सभापति द्वारा नाबालिग को कॉल कर प्रपोज करने का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली कॉलेज की एक छात्रा ने कल्याणपुर के रहने वाले जनपद सभापति विक्रम सिंह पर उसे पंचायत भवन बुलाकर अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि सभापति उसे बहला फुसला कर पंचायत भवन ले गया और फिर अश्लील हरकते कर हुए छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह वह उसके चंगुल से बचकर वहां से भागी।



**दो माह पुराने आडियो में की गई है छेड़छाड़-** मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेता और सोहागपुर जनपद पंचायत के सभापति विक्रम सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए इसे एक षड्यंत्र बताया है, विक्रम सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया है, कुछ माह पहले ग्राम पचगांव में अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही प्रशासन के द्वारा की गई थी, जिसमें वह भी प्रशासन के साथ सहयोगी के रूप में खड़े थे, यहां जिन लोगों के आवास तोड़े गए थे, उनके द्वारा षड्यंत्र रचकर यह प्राथमिक की दर्ज कराई गई है ।उन्होंने कहा कि जो ऑडियो वायरल हो रहा है उसमें उनकी आवाज नहीं है, ऑडियो की फोरेंसिक जांच कराए जाने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की बात उन्होंने कभी भी किसी किशोरी से नहीं की, उन्होंने यह भी कहा कि वायरल ऑडियो में किशोरी से जो आई लव यू वाला शब्द है वह उनके द्वारा नहीं कहा गया, उसे काट छांट कर जोड़ा गया है, जो जांच के बाद सामने आ जाएगा, उन्होंने यह भी कहा कि ऑडियो दो माह पुराना है, इस दौरान उन्हें लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था, उन्होंने यह भी कहा कि बीते दिवस वे ब्लैकमेल करने वालों से परेशान होकर शहडोल कोतवाली पहुंचे थे और इसकी शिकायत दी थी, जिसकी खबर तथाकथित लोगों को लग गई और उन्होंने फसाने व बदनाम करने की नियत पूर्वक उसका नाम सामने करके आपराधिक मामला दर्ज कर दिया। विक्रम सिंह ने कहा कि मुझे जिला और पुलिस प्रशासन पर पूरा भरोसा है,जांच के दौरान पूरे तथ्य सामने आएंगे और दूध का दूध और पानी का पानी सबके सामने स्पष्ट हो जाएगा। मामले की छानबीन होने पर सत्यता सामने आ ही जाएगी।

## राज्य मंत्री पटेल की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**दमोह।** शासन के निर्देशानुसार आज उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया में बड़ी ही धूमधाम से गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल रहे। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया से सेवा निवृत हो गए समस्त शिक्षकों का राज्यमंत्री लखन पटेल द्वारा शिक्षको को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। गुरुओं का हमेशा से ही अपने शिष्यों के प्रति यह कार्य रहा है कि अपने शिष्यों को प्रतिभाशाली एवं ऊर्जावान प्रकाश से अवगत कराकर उनका भविष्य उज्जवल बनाएं। इस बीच अपने पूर्व छात्रों से भेंट कर एक शिक्षक ने कहा कि गुरु की असली पूंजी वह होती है जब उनके शिष्य जीवन में कोई सफल कार्य करते हैं सफल कार्य को देख गुरुओं की जो जीवन भर की कमाई होती है उन्हें वह प्राप्त हो जाती है। कार्यक्रम में जीवन यादव एवं जन्मेजय चौधरी द्वारा भारत की गौरवशाली गुरु शिष्य परम्परा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन हरवेंद्र सिंह द्वारा एवं कार्यक्रम की समाप्ति पर संस्था प्राचार्य एमएल भारद्वाज एवं एसडी खरे द्वारा आभार प्रदर्शन किया व्यक्त किया गया।

# छात्रों ने किया गुरु की महिमा का वर्णन

**जबेरा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में रविवार को विकासखंड स्तरीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय सीएम राइस विद्यालय जबेरा के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक एनपी विश्वकर्मा, उमेश कुमार अवस्थी, प्राचार्य जेएल प्रधान, संजय बाजपेई, वरिष्ठ शिक्षक रामकिंकर शर्मा, श्रीमती विमला धुर्वे, अजय सिंघई, केएस ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य एमएल सेन, राजेश जैन आदि शिक्षकों का सम्मान श्रीफल एवं कलम देकर विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गुरु के महत्व एवं महिमा का वर्णन नृत्य गीत कविता नाटक एवं भाषण के माध्यम से करते हुए उन्हें संसार में प्रथम पूज्य बताया। गुरु की महिमा पर आधारित छात्रों की शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया जिसे जमकर सराहा गया। इस दौरान गुरुओं ने छात्रों को जीवन में सफल होने का आशीष देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। संचालन शिक्षक जेएल राय, श्रीमती सुषमा जैन द्वारा किया गया एवं आभार शिक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शिक्षक उमेश शर्मा, रामकिशोर शर्मा, माखन साहू, विवेक जैन, पप्पू राय, सुखनंदन साहू सहित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



# गुरुजनों के पूजन, अर्चन से मनाई गुरु पूर्णिमा

# गुरुकृपा ही शिष्य की अमोघ शक्ति है : ब्रह्मचारी सुबुध्दानंद



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिद्ध बगुला मुखी पीठ सिविक सेंटर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव के शुभ अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी सुबुध्दानंद महाराज ने बताया कि बिना गुरु की कृपा के शिष्य का कल्याण नहीं हो सकता। ब्रह्मचारी जी ने सर्वप्रथम पूज्य पाद ब्रह्मलीन जगद्गुरु ज्योतिष एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज का पादुका पूजन किया तथा गुरु तत्व की व्याख्या की गुरु अपनी दिव्य दृष्टि से शिष्य के जीवन की समस्त वाधाओं को दूर कर अंधकार से प्रकाश के मार्ग पर ले जाता है। इस अवसर पर ब्रम्हचारी चेतन्यानंद महाराज ने पूजन करवाया।

## श्री दसमुखी कालीमठ में मनाया गुरुपूर्णिमा पर्व

कछियाना स्थित श्री दसमुखी काली मठ में भी धूमधाम से गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर पीठाधीश्वर महंत राजेश तिवारी जी महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## महाकौशल महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में मुख्य वक्ता आचार्य अभिनेष कटेहा ने उपस्थित नागरिकों को गुरु पूर्णिमा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया और गुरु.शिष्य के संबंधों की महत्ता को प्रकाशित किया। उन्होंने कहा कि आज भी शिक्षा में नैतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में गुरु की महत्ता अद्वितीय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसी तिवारी ने भी गुरु पूर्णिमा पर अपने विचार व्यक्त किये।

## पौधा वितरण कर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया



गुरु व परम सत्ता है जो अपने शिष्य को अंधकार से उजाले की ओर ले जाती है उसके जीवन में हर प्रकार की आध्यात्मिक, भौतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक सभी प्रकार की उन्नति गुरुद्वारा कराई जाती है। गुरु कभी भी अपने शिष्य को दुखी नहीं देख सकता और शिष्य का कर्तव्य है कि गुरु पूर्णिमा के दिन वह अपने आराध्य देव गुरु को अपने श्रद्धा निष्ठा व्यक्त करते हुए उनके श्री चरणों का बंधन करें उत्तर विचार गायत्री परिवार के आचार्य रमेश पटेल द्वारा व्यक्त किए गए।

गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर में आज 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया और गुरु पर्व पर श्रद्धालुओं को एक-एक पौधा भी वितरित किया गया कि वे अपने गुरु के नाम अपने आसपास अवश्य लगाएं और उसकी गुरु मानकर सेवा करें। मुख्य ट्रस्टी बीबी शर्मा, व्यवस्थापक प्रमोद राय, राम पटेल, अरविंद श्रीवास्तव, सुनील मालवीय, आशुतोष कटारे, दीप्ति मिश्रा आदि के द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# आज सोम से हुआ सावन मास आरंभ

## शिवालयों में रहेगी श्रद्धालुओं की भीड़, शिवकृपा पाने रखे जायेंगे व्रत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



आज सोमवार 22 जुलाई से सावन का पावन महीना शुरु हो रहा है। इस साल सावन की शुरुआत सोमवार से ही हो रही है। इस माह में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अुसार, सावन में भगवान शिव और मां गौरी धरती पर आते हैं और भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर उनपर अपनी कृपा बरसाते हैं। सावन में सोमवार व्रत का भी खास महत्व है। कहते हैं कि सावन सोमवार के दिन उपवास रखने और महादेव की आराधना करने से मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार सावन सोमवार का व्रत करने से मां गौरी और शिवजी की कृपा प्राप्त होती है। वहीं जो कुंवारी लड़कियां सावन सोमवार का व्रत रखती हैं उन्हें मनचाहा जीवन साथी की प्राप्ति होती है और शिव-गौरी जैसा दांपत्य जीवन मिलता है। सावन में महादेव के साथ मां गौरी की विधि-विधान के साथ पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। 22 जुलाई को सावन महीने की शुरुआत हो रही है और सावन समाप्त 19 अगस्त को होगी।

## मौसी के घर से अपने धाम पहुंचे जगत के नाथ



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र एवं बहिन देवी सुभद्रा के साथ 13 दिन मौसी के घर विश्राम के बाद पश्चात अपने मंदिर वापस पहुंचे। वात्री साहू समाज जबलपुर द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट लॉर्डगंज के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ स्वामी की वापसी रथयात्रा निकाली गई जो बड़ी खेरमाई से प्रारंभ होकर गढ़ाफाटक स्थित साहू धर्मशाला में संपन्न हुई। साहू समाज ट्रस्ट के सदस्य कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया वात्री साहू समाज जबलपुर द्वारा निकाली जाने वाली रथयात्रा का यह 135 वां वर्ष था और परंपरा अनुसार रथयात्रा के दौरान भगवान अपने मंदिर से रथ में विराजित होकर नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर पहुंचे थे वहां 13 दिन के विश्राम के पश्चात् रथयात्रा की वापसी हुई।

## नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश परिक्रमा की गई

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में चार माह चातुर्मास विश्राम के अवसर पर नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश लड्डू गोपाल, तुलसी मैया, राधा कृष्ण की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के माध्यम से आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में की गई। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक परिक्रमा संरक्षक डॉ. सुधीर अग्रवाल, योगाचार्य डॉ. शिव शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, सत्य प्रकाश नामदेव, मनोज गुलाबबानी, देवेंद्र नेमा, अवधेश खरे, विशाल पांडया, मोहित तिवारी उपस्थित रहे।



## परिवार देख रहा था टीवी, चोरी हुई गृहस्थी

**जबलपुर।** गोरखपुर थाने में 63 वर्षीय अमरदीप सिंह निवासी नेपिटर टाउन गोरखपुर गुरूद्वारा ने ई एफआईआर दर्ज की कर बताया कि वह रात के वक्त परिवारजन के साथ बेडरूम मे मूवी देख रहा था। रात में चोर ने पीछे वाले दरवाजे को तार की मद्द से खोला और अंदर आकर उसके बहूमूल्य सामानों की चोरी कर ली। सुबह जब नींद खुली तो पाया कि घरेलू सामान जिसमें जूसर, केस काउन्टिंग मशीन, डीएसएलआ कैमरा, एप्पल का लेपटॉप, एप्पल का कीबोर्ड, माउस तथा नगदी रूपये गायब है।

## गुरू पूर्णिमा पर महाविद्यालय में आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं साहित्यकार श्री अश्वनी कुमार पाठक का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रकोष्ठ संयोजक प्रो अमिताभ पाण्डेय ने गुरुपूर्णिमा उत्सव के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला तत्पश्चात डॉ राजेश वाहने ने महाविद्यालय के परिचय के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार पाठक ने कहा कि आध्यात्मिक गुरु हमें मोक्ष की ओर ले जाने का ज्ञान प्रदान करते हैं और अकादमिक गुरु विद्यार्थी को जीवन यापन की कला सिखाते हैं और नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



## सेकंड कैम्प में निराकृत किये नामांतरण प्रकरण

### आज भी है मौका, सौंपे जायेंगे आदेश, नक्शा, खसरा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नामांतरण के अविवादित प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले में रविवार से तहसील मुख्यालयों पर जुलाई माह केदो दिवसीय शिविर प्रारंभ हुये। नामांतरण के अविवादित प्रकरणों के निराकरण के लिये लगाये जा रहे दो दिनों के जुलाई माह के दूसरे शिविरों में नामांतरण आदेश के साथ आवेदकों को खसरा.नक्शा की अद्यतन प्रतियां भी प्रदान की गई हैं। सोमवार 22 जुलाई को दूसरे दिन भी शेष रहे गये प्रकरणों का निराकरण



कर आवेदकों को नामांतरण आदेश के साथ खसरा-नक्शा की सुधारी गई प्रतियां सौंपी जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांतरण के अविवादित प्रकरणों के निराकरण के लिये तहसील मुख्यालयों पर लगाये जा रहे माह के दूसरे शिविरों में पहले दिन तहसील सिहोरा में 163, आधारताल में 419, गोरखपुर में 196, रांझी में 197, जबलपुर में 376 तथा पनागर तहसील में 160 प्रकरण का निराकरण किया गया।

# बीएसएनएल डिप्टी मैनेजर से कलेक्टर ने की चर्चा

### हरी भरी 70 एकड़ जमीन बचाने शहरवासी आतुर




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय दूरसंचार विभाग शहर में अपनी 13 बड़ी-बड़ी संपत्तियां बेच रहा है। जिसकी ऑनलाइन बोलियां भी शुरु हो चुकी हैं। बीएसएनएल ने अपनी इन संपत्तियों की कीमत 1700 करोड़ यानी 17 अरब रुपये रखी है। और इससे ज्यादा की बोलियां लोगों से आमंत्रित की जा रही हैं। जिस तरह यह प्रक्रिया चल रही है उससे लगता है कि जल्द ही बीएसएनएल जबलपुर की बड़ी-बड़ी संपत्तियां बेच देगा। हालांकि इसका विरोध भी होना शुरु हो गया है। बीएसएनएल की जमीन बेचने को लेकर जबलपुर के लोगों ने आंदोलन की तैयारी करना शुरु कर दिया है। बताया जा रहा है कि आगामी 14 अगस्त को बीएसएनएल जमीन बेचने के विरोध में एक विशाल आंदोलन की तैयारी जबलपुर में चल रही है। बीच शहर में 70 एकड़ जमीन बेचने का मामला धीरे-धीरे इस कदर तूल पकड़ रहा है कि इसे जानने और समझने के लिए अचानक ही छुट्टी के दिन कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना जमीन का निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने बीएसएनएल के डिप्टी जनरल मैनेजर से भी मुलाकात की। कलेक्टर ने करीब दो घंटे तक मौके का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

### जंगल में तब्दील हुआ 95 प्रतिशत हिस्सा

दरअसल फैक्ट्री में लगभग 100 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर बहुत छोटे से हिस्से में एक फैक्ट्री है जिसमें टेलीकॉम के वायर बिछाने के लिए प्लास्टिक के पाइप बनाए जाते और कुछ और सामान बनाए जाते थे। लेकिन अब यह फैक्ट्री बंद हो चुकी है। इस जगह पर कुछ पुराने क्वार्टर्स भी हैं, जिनमें बीएसएनएल के पुराने कर्मचारी रहते थे, फिलहाल ज्यादातर क्वार्टर खाली हैं। फैक्ट्री का 95 प्रतिशत हिस्सा अब जंगल में तब्दील हो गया है। स्वाभाविक तौर पर पेड़ पौधे उग गए हैं और इसकी वजह से एक अच्छी जैव विविधता इस पूरे इलाके में विकसित हो गई है। स्थानीय लोगों ने सरकार के इस कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया है। इसी वजह से कलेक्टर दीपक सक्सेना इसकी जानकारी के लेने के लिए बीएसएनएल के अधिकारियों से मुलाकात करने पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि 100 एकड़ की जमीन में 26 एकड़ जमीन मप्र शासन के नाम पर दर्ज हो चुकी है। कलेक्टर ने कहा कि जमीन नीलामी की अभी स्पष्ट नीति नहीं बनी है, और यह जमीन अभी बीएसएनएल के कब्जे में ही रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार की नीति के तहत जमीन का डिस्पोजल करने का काम चल रहा है।

### दिखाए जमीन से संबधित दस्तावेज

अधिकारियों से मिलने गए कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना का कहना है कि बीएसएनएल फैक्ट्री की 70 एकड़ जमीन का मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है। इसलिए अभी भारत सरकार ने टेलीग्राफ फैक्ट्री की जमीन की नीलामी पर कोई निर्णय नहीं लिया है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर बीएसएनएल के अधिकारियों से भी चर्चा की गई है। कलेक्टर का कहना है कि जब तक हाईकोर्ट ने कुछ निर्णय नहीं जाता है तब तक भारत सरकार सरकारी जमीनों में नीलामी की घोषणा के लिए टेलीग्राफ फैक्ट्री की जमीन को शामिल नहीं कर रही है। कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने बीएसएनएल के डिप्टी जनरल मैनेजर नवल कुमार डोंगरे के साथ बैठकर यह जानने कि भी कोशिश की जमीन को लेकर आखिर क्या समस्याएं आ रही है।

## बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 2 घायल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल थाने में 45 वर्षीय बलमू नुनिया निवासी गली नम्बर 2 प्रभातनगर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है। उसका दोस्त शिवांशु बर्मन भी आटो चलाता है। उसका दोस्त शिवांशु अपने दोस्त हल्लन नुनिया के साथ आटो से सवारी छोड़कर अपने घर प्रभातनगर जा रहे थे। वह भी अपने आटो मे उनके पीछे पीछे अपने घर जा रहा था। रात लगभग 2 बजे शंकर नगर मदर टेरेसा पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बस का चालक उसके दोस्त शिवांशु बर्मन की आटो में सामने से टक्कर मार दिया। जिससे आटो छतिग्रस्त हो गया, हिमांशु बर्मन को दोनों हाथ पैर एवं हल्लन नुनिया को सिर एवं शरीर में चोट आयी है।

## शुरू हुई एक रोटी गाय के नाम



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सिहोरा स्थित गोसलपुर में विधायक संतोष बड़कड़े के प्रयास से विद्यासागर सेवाश्रम समिति गौशाला सम्मेदगिरी गोसलपुर में उपस्थित गौवंश के लिए एक नई पहल का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमे गोसलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के हर घर से प्रतिदिन कम से कम एक रोटी गौ माता के भोजन के लिए गौ रथ में दान कर अपने जीवन को सफल बनाने की मुहिम रखी गई है।

# रूट परिवर्तित दर्जनों ट्रेनों की बढ़ाई गई अवधि

## प्रयागराज जंक्शन स्टेशन कार्य के चलते पमरे का फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर प्रमुख उन्नयन कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण कुछ गाड़ियाँ निर्धारित तिथियों में प्रारंभिक स्टेशन से मार्ग परिवर्तित किया गया था। उन्नयन कार्य की अवधि बढ़ जाने से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियों की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस बढ़ी हुई अवधि के दौरान मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियां का प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अस्थाई हाल्ट पूर्व अधिसूचना के अनुसार ही यथावत रहेगा।

### प्रारम्भिक तिथियों से मार्ग परिवर्तित ट्रेनें

गाड़ी संख्या 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस जो दिनांक 24 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 14 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 15560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस जो दिनांक 19 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 09 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस काशी एक्सप्रेस जो दिनांक 26 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 15 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। यह ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस जो दिनांक 25 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 14 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। यह ट्रेन के इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस जो दिनांक 20 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 10 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। यह ट्रेन सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस जो दिनांक 22 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 12 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है।



### पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस की अवधि भी बढ़ी

गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस जो दिनांक 25 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 08 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस जो दिनांक 20 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनाँक 10 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस जो दिनांक 24 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनाँक 14 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 11034 दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस जो दिनांक 19 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 09 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची एक्सप्रेस जो दिनांक 19 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनाँक 09 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-मिर्जापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है।

### छिवकी स्टेशन पर रहेगा 2 मिनिट का हाल्ट

गाड़ी संख्या 07652 छपरा-जालना एक्सप्रेस स्पेशल जो दिनांक 19 जुलाई तक अधिसूचित थी, अब दिनाँक 09 अगस्त तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। पमरे के सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरती है।

## संतोष मिश्रा का निधन



**जबलपुर।** लखराम मोहल्ला, खितौला बाजार सिहोरा निवासी संतोष कुमार मिश्रा का 53 वर्ष की आयु में लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया है, श्री मिश्रा, तस्मय मिश्रा, तन्मय मिश्रा और परी मिश्रा के पिताश्री थे। जिनका अंतिम संस्कार खितौला स्थित हिरण नदी के समीप किया गया।

# 11 करोड़ की सड़कों का सांसद ने किया शिलान्यास

## प्रदेश स्वूणम राज्य की ओर अग्रसर सतना विकासशील जिला बना : गणेश सिंह

सतना स्वतंत्रमत



शनिवार को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अबेर में आकौना से अबेर वाया गुहिया मार्ग,रामस्थान से बम्हौली खम्हरिया रोड तथा सतना विधानसभा क्षेत्र के सोनवर्षा बेलहटा सड़क का शिलान्यास सांसद गणेश सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ। रामपुर विधानसभा के कार्यक्रमों की अध्यक्षता विक्रम सिंह विधायक रामपुर बघेलान ने कीए सतना विधानसभा में विशेष रूप से अनिल जायसवाल पूर्व स्पीकर नगर निगम एवं सुधीर सिंह तोमर उपस्थित रहे। सांसद श्री सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री के द्वारा आवश्यक कार्यों के लिए राशि दी गई थी उन्हीं के तहत 11 करोड़ की लागत से जिसकी लंबाई 12 किलोमीटर का शिलान्यास किया। सांसद श्री सिंह ने बताया कि जिलेभर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सतना शहर को एनएच की ङ्करग रोड से जोड़ने के लिए तेज गति से काम प्रारंभ है। कारगिल ढाबा से सतना नदी होते हुए मैहर सतना ग्रीन रोड फोर लेन सड़क में जोड़ा जाएगा इसकी स्वीकृति हो गई है। सतना से सेमरिया रोड जिसकी 87 करोड़ की लागत से सड़क का नवीनीकरण होगा राम पथगमन सतना से चित्रकूट रोड बनाई जाएगी। नागौद से परसमनिया होते हुए मैहर कंक्रीट सड़क एनएचआई की तरफसे बनाई जाएगी। मझगवां से पहाड़ीखेड़ा सड़क एवं पिड्रा से बरौंधा भियामऊ सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सतना से अमरपाटन रोड बनकर तैयार हो चुकी ह। अमरपाटन शहर की रोड बनाई जा रही है। जिगना से शहडोल रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सभी राजस्व गांव जोड़े जा चुके हैं। नदियों में अब तक सैकड़ो ब्रिज बनकर तैयार हो चुके हैं। नागौद से दमोह सड़क का कार्य चल रहा ह। मैहर सतना रोड का कार्य पूरा हो चुका है सतना हवाई अड्डा बनकर तैयार हो चुका है। इतने सारे तमाम काम होने के बावजूद भी कांग्रेस के लोग कहते फि रते हैं कि कुछ नहीं हुआ सतना शहर में साढ़े 9 सौ करोड़ का प्रोजेक्ट है अभी तक 300 करोड़ का कार्य हो चुका है और बाकी साढ़े 500 करोड़ के कार्य चल रहे हैं। कांग्रेस ने इस राज्य को बीमार राज्य बनाया था सतना जिले को पिछड़ा राज्य बनाया था। आज मध्य प्रदेश स्वूणम राज्य की ओर अग्रसर हो रहा है। सतना जिला विकासशील जिला बन गया। सांसद श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पास सिर्फ गुमराह करने के अलावा और कुछ बचा नहीं है। अभी लोकसभा चुनाव में नकारात्मक प्रचार किया गया किश्री मोदी आएंगे तो अब देश का संविधान बदल जायेगा। मोदी आएंगे तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। मोदी आएंगे तो चुनाव देश में नहीं होंगे ऐसे झूठे दुसप्रचार के बहाने वे मोदी जी को हटाना चाहते थे। लेकिन देश की जनता ने उन्हें नकार दिया और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बना दिया ठीक उसी तरह सतना लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार किया गया था आज पूरे जिले में जो विकास कार्य चल रहे हैं वह लगभग 4 हजार करोड़ से अधिक के हैं ये कांग्रेस के लोगों को नहीं दिखता।

## खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला का किया प्रदर्शन

सतना स्वतंत्रमत

सोहावल.पन्ना रोड स्थित श्री साईं लोटस सिटी के रहवासियों व उनके बच्चों के लिए समय.समय पर तरह. तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को श्री साईं लोटस सिटी के प्रबंध निदेशक नीरज चौरसिया के निर्देशन में सोसायटी के चिल्ड्रेन पार्क में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्पून रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस व टिक टैक टो रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों के परिजनों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से बच्चों के अंदर एक अलग ही उत्साह और अपनापन उत्पन्न होता है। इसके अलावा उन्होंने सोसायटी प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सोसायटी में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से लोग एक दूसरे से जुडते चले आते है। स्पून रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हरसाली व वेद,सैक रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार युवान दत्त,ओम सिंह तोमर, समर्थ, थ्री लेग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार युवान,आरव, उत्कर्ष व अंश व टिक टैक टो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार वैभवी,हरसाली, वेद ने प्राप्त किया।

# गार्गी सिंह ने साउथ एशियन कराते चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

सतना स्वतंत्रमत




सतना की बेटी और मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिए जाने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सम्मान एकलव्य अवार्ड से सम्मानित विंध्य की इकलौती गार्गी सिंह परिहार ने साउथ एशियन कराते चैंपियनशिप भूटान में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता है।

कराते एसोसिएशन के सचिव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अंबुज सिंह बघेल ने बताया कि गार्गी ने 15 से 19 जुलाई का भूटान की राजधानी थिम्फू मे आयोजित इस अधिकृत अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता मे 18 से 21 वर्ष बालिका 61 से 68 किलोग्राम फ इट स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इसका सीधा लाइव प्रसारण भूटान ओलंपिक कमेटी द्वारा किया गया। आरपीएस मार्शल आर्ट्स ऐंड फिटनेस एकेडमी की उत्कृष्ट खिलाड़ी गार्गी इसके पहले भी तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चार पदक जीत चुकी हैं। 'जिसमें एशियन कराते चैंपियनशिप ओकीनावा जापान में रजत, जूनियर वर्ल्ड कप लास.वेगास में पार्टिसिपेशन, यू.एस ओपन मे 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीत चुकी है।' नकल बोन फ्रैक्चर की समस्या से जूझ रही गार्गी ने चोट के बाद भी स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के महासचिव शिहान महेश कुशवाहा ने टीम को कोच किया। गार्गी के अलावा मध्य प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ी विक्रम अवॉर्डी गौरव सिंधिया,राजवीर सिंह,अनुज गोस्वामी और दीक्षा राजोरिया ने स्वर्ण पदक जीता है।

धड़कन शाह और तृप्ति पाल ने रजत और निहारिका कौरव ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इंडिया की मेडल टैली में इजाफा किया है। अगस्त लास्ट वीक में फिलीपींस में होने जा रही एशियन कराते चैंपियनशिप के लिए गार्गी भारतीय दल का हिस्सा हैं। एशियन कराते चैंपियनशिप की अग्रिम तैयारी को लेकर इंडिया कैंप भी दिल्ली में आयोजित है। जिसमें पूरी भारतीय टीम एक साथ प्रेक्टिस करेगी। गार्गी की इस बेहतरीन सफलता पर सतना जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष राजललन सिंह,संरक्षक पुष्कर सिंह तोमर, गिरीश अग्रवाल,शैंकी कैला उपाध्यक्ष भरत गुप्ता, पदम रंजन मिश्रा, मनीष मिश्रा,गणेश चौधरी कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह परिहार संयुक्त सचिव संजीव मिश्रा,अनुषा सिंह,सरल बेदी,रामायण सिंह परिहार, राजनीत दिनकर,अभिमन्यु सिंह, नमन उपाध्याय,प्रतीक सिंह,यश गुप्ता, गार्गी के माता.पिता श्रीमती नंदिता अतुल सिंह वरिष्ठ पत्रकार वरुण भट्टाचार्य आरपीएस मार्शल आर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी की डायरेक्टर श्रीमती अन्नू रामायण प्रताप सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है और शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

## अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

**उमरिया।** पाली थाना अंतर्गत पाली डायल 100 को एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 45 साल का सेंट्रल बैंक पाली के पास रोड किनारे पड़ा होने की सूचना मिली। जिस पर डायल 100 वाहन के द्वारा व्यक्ति को सीएचसी पाली ले जाया गया जहां व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा अज्ञात मृतक की मृत्यु होने पर थाना में मर्ग क्रमांक 80/24 धारा 194 ठछै का पंजीबद्ध कर शव का पीएम सीएचसी पाली से कराया गया । अज्ञात पुरुष की उम्र 45 साल है। शव को मुक्तिधाम पाली में सम्मानपूर्वक दफन किया गया। अज्ञात व्यक्ति जिसका रंग सांवला, चेहरा गोल, बाल हल्के लाल कलर किए हुए, दोनो कान में पीले चमकीले रंग की बाजारू छोटी लौंग पहने हुए व दाढ़ी सफेद है। बदन में काई रंग की शर्ट तथा कम्हर के नीचे मेहरून रंग लोवर पहना हुआ है । पुलिस व्दारा पतासाजी की द्वारा की जा रही है । मृतक के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त होने पर थाना पाली में मर्ग जांचकर्ता प्रधान आरक्षक 241 महेश मिश्रा 7049145483 अथवा थाना प्रभारी पाली 9302434914 तथा कंट्रोल रूम उमरिया 7587600068 को सूचना देने का कष्ट करें ताकि अज्ञात मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचित किया जा सकता है।

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी की हुई मौत



**उमरिया।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे घुनघुटी बंधवाबारा के बीच पोल नंबर 922 का 33 /35 के बीच रेलवे कर्मचारी मोहर यादव की तीसरी लाइन में चाबिदारी का कार्य कर रहे थे,तभी शहडोल से पाली की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने आगे की कार्यवाही की ।

## राजस्व महाअभियान के तहत सभी राजस्व न्यायालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों में बैनर लगाने के दिए गए निर्देश

**उमरिया ।** अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग बांधवगढ, मानपुर, पाली से कहा है कि राजस्व महा अभियान के तहत सभी राजस्व न्यायालों, कार्यालयो, जनपद पंचायत, सार्वजनिक स्थलो बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन मंदिर में बैनर लगाए जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन कराकर अपर कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाए।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मैहर में हुआ एक हजार पौधों का रोपण



**सतना स्वतंत्रमत।** कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शनिवार को मैहर के एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रांगण में वृहद रूप से पौधा रोपण किया गया। इस दौरान विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम में अपनापन और स्नेह है जो प्रकृति को परिवार से जोड़ता है। जिस तरह हम मां की सेवा करते हैं उसी तरह हमें लगाए गए पौधों की सेवा करनी है। मध्यप्रदेश के पर्यावरण और धरती मां का श्रृंगार करना है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि इन पेड़ों की रक्षा और देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है इसलिए हम सभी संकल्प लेकर जाएं कि अपनी मां के नाम एक-एक वृक्ष लगाएंगे तथा उनकी सुरक्षा की व्यवस्था भी करेंगे। नगर पालिका अधिकारी लालजी ताम्रकार ने मैहर शहर वासियों से अपील की है कि नगरवासी यदि अपने घर के आस-पास पौधे लगाना चाहते हैं तो वे नगर पालिका में रजिस्ट्रेशन कराकर निःशुल्क रूप से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, एसडीएम मैहर विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, नगर पालिका अधिकारी लालजी ताम्रकार, जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नगर के गणमान्य नागरिक ने पौधों का रोपण किया।

# परीक्षा के परिणाम को बेहतर लाने का प्रयास करें: रानी बाटड

## कलेक्टर ने लिए प्राचार्यों से सुझाव

सतना स्वतंत्रमत





मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में जिले के शासकीय विद्यालय के प्राचार्यों की परीक्षा परिणाम संबंधित समीक्षा बैठक विवेकानंद महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर ने हाई स्कूल और हाई सेकेंडरी में छात्रों के परीक्षा परिणाम का प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उपस्थित प्राचार्यों से सुझाव चाहे गए। कलेक्टर ने कहा की सभी प्राचार्य और शिक्षक विद्यालय में समय के पहले उपस्थित हो और विद्यालय में प्रार्थना के बाद प्राचार्य द्वारा प्रतिदिन शिक्षको और छात्रों को पढ़ाई, अनुशासन और साफ-सफाई के संबंध में उद्बोधन देना सुनिश्चित कर लें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिन विद्यालाओ के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम है, वो 80 प्रतिशत तक लायें। जिन विद्यालाओं का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से अधिक है वो 90 या 95 प्रतिशत का परीक्षा परिणाम लाने का प्रयास करे। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के उपस्थित शत-प्रतिशत होना अनिवार्य है। विद्यालय में पाठक्रम इकाई बार खत्म करे। शिक्षक और प्राचार्य लगातार छात्रों के अभिभावक के संपर्क में रहे। सभी प्राचार्य त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के आधार पर शाला बार सूची बना लें, प्रत्येक विद्यालय में मासिक परीक्षा का आयोजन करें। कलेक्टर ने अमरपाटन तहसील के परीक्षा परिणामों के सराहना करते हुए कहा कि मैहर के अपेक्षाकृत अमरपाटन का परीक्षा परिणाम का प्रतिशत अधिक है। कलेक्टर ने मैहर जिले के तीनों बीओ और बीआरसी को प्रतिदिन 5 विद्यालय का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई विद्यालय में प्राचार्य और शिक्षक के बीच आपसी तालमेल सही नही होने के कारण विवाद की स्थिति बनती है जिसे सुधारने की आवश्यकता है। सभी प्राचार्य चार बातों का ध्यान रखे कार्य योजना बनाए। आदेश आने के बाद अतिथि शिक्षको की भर्ती करना, बीओ निरीक्षण करें और शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहे।

# कोतवाली थाना बैढ़न में थाना प्रभारी के प्रयास से जमीन संबंधी विवाद का हो रहा हल जनता का पुलिस के प्रति बढ़ा विश्वास

सिंगरौली



जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली थाना बैढ़न में जबसे थाना प्रभारी के रूप में अशोक सिंह परिहार पदभार ग्रहण किए है तबसे सबसे ज्यादा से ज्यादा जमीन संबंधी बिबादो का निराकरण राजस्व अधिकारियों के सहयोग से थानांतर्गत प्रत्येक चिन्हित ग्रामों में कैंप लगाकर कर रहे है ।जिला पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता जी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुन्नू सिंह परस्ते के निर्देशन में लंबे समय से विवादित जमीन संबंधी मामलों को सुलझाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त किए है ।गौरतलब है की कोतवाली थाना जनसंख्या के लिहाज से काफी बड़ा थाना माना जाता है जिसमे कई चौकियां भी बनी है प्रत्येक चौकी तथा थाना छेत्र अंतर्गत जमीन संबंधी मामलों में जो कई दशकों से विवादित रहे है उनका मौके पर ही सीमांकन चिन्हांकन कर नक्शे खसरे के मुताबिक तहसीलदार राजस्व निरीक्षक हल्का पटवारी के मौजूदगी में विवादित मामलो को सुलझा कर निराकृत किया जा रहा है ।यह थाना प्रभारी श्री अशोक सिंह परिहार जी के कुशल सोच का परिणाम है की भू स्वामियों को उनका अरसे बाद जमीनों का मालिकाना हक प्राप्त हुआ है ।साथ ही छेत्र के अंतर्गत अवैध गतिविधियों का संचालन करने वाले तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उनके मंसूबों को ध्वस्त किया गया है ।आज चोरियो पर पूर्ण रूपेण अंकुश लग गया है छेत्र में अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वालो के ऊपर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उनके ऊपर नकेल कस दिया गया है । शराब कोयला बालू मुरूम बोल्डर सहित नशे के कारोबारियों को छेत्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया है थाना प्रभारी से ऐसे ही कार्यवाही की आम नागरिकों को जरूरत थी ।अगर इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रही तो निश्चित ही पुलिस पब्लिक के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध अर्से तक कायम रहेंगे।

## अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्यों से स्वयं का रोजगार, व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार आदिवासी वित्त विकास निगम उमरिया में संचालित निम्न योजनाओं में स्वरोजगार, व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंको से सहयोग से एमपी आनलाइन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित है। भगवान विरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत आवेदक अनुसूचित जाति वर्ग का सदस्य हो। आवेदन दिनांक को आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। जाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (वार्षिक आय 12 लाख से कम हो) कक्षा 5वी उत्तीर्ण, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आई.डी.. राशन कार्ड एवं 2 पासपोर्ट फोटो, ऋण बैंक के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु राशि रूपये (एक लाख) से (पचास लाख) तक, योजना के नियमानुसार उक्त राशि पर व्याज अनुदान 5 प्रतिशत 7 वर्ष के लिये देय होगी एवं गारंटी फीस म.प्र. शासन द्वारा देय होगी।

# सीएमएचओ की ऐसी क्या मजबूरी की दागी जी जरूरी..?

## सीएमएचओ की टीम भ्रष्टाचार को तैयार...!




**उमरिया।** मुख्यमंत्री मोहन यादव भ्रष्टाचार को खत्म करने का लाख दावा करे लेकिन उमरिया में तो भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी को संरक्षण दिया जा रहा है..! अखबारों में लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी एक दागी संविदा कर्मचारी को सभी नियमों को दरकिनार करते हुए जिले में स्वास्थ्य मिशन की कमान दे दिया गया जो संविदा मानव संसाधन मैनुअल-2021 के विपरीत है..! जैसे शासकीय सेवक आचरण में कर्मचारियों के आचरण का मूल्यांकन किया जाता है वैसे ही संविदा कर्मचारियों के लिए भी नियम लागू किया गया है लेकिन उमरिया में तो नियम कानून की जैसे परवाह किये बिना हैं स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एक ऐसे संविदा कर्मचारी अनिल सिंह को दे दिया गया है जिसके ऊपर एक जाति धर्म विशेष पर आपत्तिजनक पोस्ट सोसल मीडिया में वायरल कर दी गई थी जिस पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज है और एक महिला स्वास्थ्य कर्मी ने भी महिला थाने में अनिल सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है जिसकी जाँच अभी तक चल रही हैं ऐसे आचरण वाले कर्मचारी को ही नए सीएमएचओ चौधरी साहब डीपीएम जैसे महत्वपूर्ण पद देने में क्यो अड़ गए सवाल उठना लाजिमी है कि क्या जिले के स्वास्थ्य विभाग में अन्य कोई कर्मचारी योग्य नहीं है या फिर भ्रष्टाचार में माहिर अनिल सिंह से कोई डील हुई है ये सवाल आज हर किसी के जहन में है..! पूर्व कलेक्टर द्वारा उमरिया से हटाने का पत्र भी भोपाल के लिए लिखा था और अन्य कई भ्रष्टाचार के मामले है लेकिन सीएमएचओ अपनी यारी निभाने के चक्कर मे नियम कायदों की ठोकर मारते हुए स्वास्थ्य मिशन की कमान किसी दूसरे को देने को तैयार ही नहीं है..! वही जब शुक्रवार को सीएमएचओ से इस संबंध में बात किया गया तो बोले कि आप सहयोग करे..! अब जब स्वास्थ्य विभाग के पूर्व डीएचओ और डीपीएम डॉ.एस बी चौधरी अब प्रभारी सीएमएचओ बनते ही अपनी टीम गठित कर काम शुरू कर दिया..!

# शिक्षा के मंदिर से समर्सिबल पम्प उड़ा ले गये अज्ञात चोर

उमरिया



दुब्बार पाली में स्थित शासकीय हाईस्कूल पाली में शुक्रवार की दरम्यिानी रात्रि अज्ञात चोरो द्वारा स्कूल के अंदर लगे समरसियल पम्प चोरी हो जाने का समाचार प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हाई स्कूल पाली के शिक्षक शनिवार को सुबह विद्यालय के बरामदे में चारो तक फैले तार और समर्सिबल पंप के स्थन पर खाली पाईप को देख उन्हे यह समझते देर न लगी की स्कूल में चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। शिक्षको द्वारा देखा गया कि जो विद्यालय के पीछे वाले हिस्से में लोहे का दरवाजा लगा हुआ है वह खुला हुआ है। चोरी की घटना को अंजमा देने वाले अज्ञात चोरो ने स्कूल में चोरी करने की योजना के अनुसार स्कूल के पिछले हिस्से वाले लोहे के दरवाजे में बंधी चौन और ताले को काटकर अंदर प्रवेश किए और वहां पर लगे समर्सिबल पम्प को खोलकर ले गए। चोर इतनी हड़बड़ी में थे कि जिस पाने का इस्तेमाल कर पम्प को खोलकर चोरी किए उन पानो को वे घटना स्थल पर ही छोड़कर चले गए तार और पाइपों को भी बिखरा दिये। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी उक्त स्कूल में चोरो द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। घटना में चोरो ने स्कूल में रखी कुर्सिय?बाल्टी खेल सामग्री आदि चोरी कर ले गए थे जिसकी रिपोर्ट थाना चंदिया में की गई थी किन्तु किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नही हाने से एक बार फिर चोरो ने विद्यालय में चोरी की घटना को कारित किया है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पहले 100 नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी गई साथ ही थाना चंदिया में लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है। पाली मिडिल स्कूल में भी चोरी - किसी प्रकार की कार्यवाही नही होने से चोरो के हौसले इतने बुलंद है कि शुक्रवार की रात को हाई स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरो ने मिडिल स्कूल को भी नही बक्शा वहां से भी चोर स्कूल में रखे बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गये है चंदिया पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए चोरो की पतासाजी का का शुरू कर दिया गया है।

# गुरूओं के चरण धोकर किया पूजन गुरूपूर्णिमा के अवसर पर संत और महात्माओं का परिषद ने किया सम्मान

मण्डला( स्वतंत्र मत )।

रविवार को जिले भर में गुरूपूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया शिष्यों ने इस परम्परा को भक्ति भाव के साथ मनाया। गुरूओं के चरण धोंए और पूजन किया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने जिले के विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल के संचालक आचार्य भीमदेव जी महाराज एवं संस्थापक भारत राष्ट्रादय ट्रस्ट व आचार्य विजय जी महाराज, संत रामदास जी महाराज, संत शारदात्मक जी महाराज एवं धर्मगुरू पं. नीलू महाराज का पुष्पमाला से स्वागत करते हुए धर्म और समाज के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर आभार व्यक्त किया। वहीं महात्माओं का सम्मान करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए। इस दौरान पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, समाज कल्याण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर कांसकार, राजा शुक्ला, समाजसेवी गौसेवा जिला अध्यक्ष रेनू कछवाहा, श्रीमति उमा यादव, श्रीमति गीता साहू, श्रीति सीता परतेती, दीपक रजक, रोहित





बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पं. नीलू महाराज ने कहा कि इस साल गुरु पूर्णिमा का मत्वपूर्ण त्योहार 21 जुलाई को मनाया गया आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है मान्यताओं के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है यह पूर्णिमा हमारे जीवन में गुरुओं के महत्व को दर्शाती है जो हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं नीचे आपको गुरु पूर्णिमा के इस पर्व से जुड़े कुछ सामान्य प्रश्नों का जवाब दिया गया है आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 20 जुलाई को शाम 5 बजकर 59 मिनट से होगी वहीं 21 जुलाई को दोपहर 3 बजकर 46 मिनट पर इसका



समापन होगा ऐसे में ज्योतिषाचार्यों की मानें तो 21 जुलाई को ही गुरु पूर्णिमा है अगर पूजा मुहूर्त की बात की जाए तो 21 जुलाई के दिन सुबह 5 बजकर 46 मिनट के बाद से दोपहर 3 बजकर 46 मिनट तक पूजा कर सकते हैं। मान्यताओं के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है यह पूर्णिमा हमारे जीवन में गुरुओं के महत्व को दर्शाती है जो हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान और दान--पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद माता-पिता को गुरु मानकर उनके चरण स्पर्श करने चाहिए इस दौरान उनके चरणों में पुष्प अर्पित करने चाहिए इससे जीवन में आ रही परेशानियों या बाधाओं से मुक्ति मिलती है गुरु पूर्णिमा का पर्व ज्ञान और आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए मनाया जाता है इसमें अक्सर गुरु की छवि या व्यक्तिगत रूप से गुरु को फूल फल और अन्य प्रतीकात्मक चीजें चढ़ाना शामिल होता है। बौद्धों के लिए गुरु पूर्णिमा भगवान बुद्ध के सम्मान में मनाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था सुत्त के नाम से जाने जाने वाले इस उपदेश ने धर्म चक्र को गति प्रदान की बौद्ध इस दिन को बुद्ध और अपने आध्यात्मिक गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करके मनाते हैं। गुरु पूर्णिमा की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दोनों ही जड़ें हैं और माना जाता है कि इसकी शुरुआत प्राचीन भारत की वैदिक परंपराओं से हुई थी इसे महर्षि वेद व्यास की जयंती के रूप में जाना जाता है जो इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण गुरुओं में से एक थे वे महाभारत और पुराणों के लेखक हैं। गुरु पूर्णिमा मनाने की प्रथा वर्षों पहले शुरू हुई थी लेकिन यह आज भी प्रासंगिक है बच्चों को गुरुओं का सम्मान आदर और प्रशंसा करने का महत्व सिखाना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो गुरु के रूप में उनके जीवन को बेहतर और सार्थक बनाते है। वहीं वरदान आश्रम अंजनिया में गुरूपूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया यहां पर भक्तों ने पं नीलू महाराज, साध्वी माता कल्पतरू जी की पूजन करते हुए आर्शीवाद लिया। यहां पर प्रात: काल से ही हवन पूजन पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता पं शैलेश मिश्रा, समाजसेवी राकेश जैन, सुनील बाली, इन्द्रेश बब्बल खरया, सुनील मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा सहित तमाम समाजसेवी आश्रम पहुंचे और पूजन-अर्चन करते हुए पं नीलू महाराज से आर्शीवाद लिया।



# देवहरा बम्हनी में उल्टी दस्त का कहर

**मण्डला/घुघरी( स्वतंत्र मत )।** घुघरी विकासखंड के ग्राम देवहरा बम्हनी में कुछ लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने पर अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरोते कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मनोज भास्कर सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने गांव का भ्रमण करते हुए वस्तुस्थिति का जायजा लिया। प्रभावित एक व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी भेजा गया है जबकि अन्य 27 लोगों का उपचार ग्राम में ही किया जा रहा हैए सभी की स्थिति में सुधार हो रहा है। 2 एम्बुलेंस सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ग्राम में मौजूद है तथा स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति की जाँच की जा रही है।सीएमएचओ व अपर कलेक्टर भी मौका स्थल का जायजा लेने क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं वहीं बीएमओ नीरज राज को इससे कोई लेना-देना नहीं है ना ही वह किसी का फोन उठाते ना किसी को जवाब देना उचित समझते अधिकारी के इस रवैया से ग्रामीणों में आक्रोश वही घुघरी अस्पताल की बात करें तो घुघरी के कई ऐसे मरीज हैं जिन्होंने बताया कि इंजेक्शन और वाटल लगाने का काम स्वीपर कर रहे हैं ग्रामीणों ने यह भी बतलाया है कि डॉक्टर नीरज राज एवं उनके सहयोगी डॉक्टर संजय कोरी की लापरवाही के चलते कई मरीज असंतुष्ट होकर के मंडला रेफर के लिए बोल रहे हैं मरीज व उनके परिजन भी संतुष्ट नहीं है इससे गांव में आक्रोश स्पष्ट दिखाई दे रहा है ग्राम पंचायत देवहारा के ग्रामीणों ने बताया कि मातो बाई और रिंकी दोनों आपस में रिश्तेदार हैं मातो बाई रिंकी की बुआ है मातो बाई देवहरा के सारईटोला की निवासी है और रिंकी आमाटोला के निवासी है रिंकी अपने बुआ के घर रहकर खेती का काम करने आई थी तबीयत बिगड़ने के बाद रिंकी अपने घर चली गई। ग्राम पंचायत देवहरा में 8-10 हैंडपंप से भी अधिक हैं मगर कोई भी चालू नहीं है।

# महाविद्यालय में मनाया गया गुरू पूर्णिमा



मण्डला/बिछिया( स्वतंत्रमत )।

रविवार को शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया जिसे मुख्यमंत्री की उपस्थिति में इंदौर से लाइव टेलीकास्ट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी अध्यक्ष पंकजपुरी गोस्वामी ने गुरु के महत्व को बतलाते हुए कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला गुरु कहलाता है शिक्षक मनहरण सोनी ने कविता पाठ कर गुरु का महत्व बताया कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र वरकड़े ने किया कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एव समाजसेवी राजेंद्र रावत, योगेश गुप्ता, सेवानिवृत शिक्षक प्रेमसिंह ठाकुर, भरत ठाकुर, सुनील नामदेव, महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी मरकाम, वरिष्ठ प्राध्यापक दिनेश चित्रीव, रोहिणी कोष्ठा, पंकज साकेत, भावना वाबरा, राखी वंशकार, अनिल परते, शंकर लाल धुर्वे एव समस्त महाविद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के पश्चात सभी ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया।

# पीएचई मंत्री ने लगाया रोपा

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने रविवार को जिले के ग्राम टिकरवारा में प्रतिवर्ष अनुसार अपने पैतृक खेत में धरती मां को प्रणाम कर अपने परिजन के साथ धान के पौधों का रोपण किया। उन्होंने बताया कि धान के पौधों का रोपा गांव के लोग आपस में मिलकर लगाते हैं खेती करने के लिए आपसी समन्वय बहुत जरूरी है। खेती करने की यह परम्परा हमें मिलनसार, सहृदय और विनम्र बनाती है। ये समाज की वो परंपराएं हैं जो संस्कृति रूपी पौधों का रोपण करती हैं। इससे आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना बढ़ती है।

# स्थानीय अवकाश घोषित करने सौपा ज्ञापन

**मण्डला/नारायणगंज( स्वतंत्रमत )।** अनुसूचित जनजाति महासभा मध्यप्रदेश के नेतृत्व में विगत दिनों को विश्व आदिवासी दिवस विश्व मूलवासी दिवस वर्ल्ड इंडीजीनियस प्यूपिल डे तिथि 9 अगस्त को जिला में स्थानीय अवकाश घोषित करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। बताया गया कि जिला सीमा से लगे डिंडोरी जिला कलेक्टर द्वारा 9 अगस्त को स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है। तो मंडला कलेक्टर अवकाश घोषित क्यों नहीं कर रहे है। जिले में आदिवासी समुदाय की जनसंख्या लगभग 7 लाख है जो कि कुल जनसंख्या का 70 प्रतिशत आबादी ट्राईबल समुदाय अनुसूचित जनजाति वर्ग की है मंडला जिला पांचवी अनुसूचित क्षेत्र है जिले के सभी ग्राम पंचायत के सरपंच तथा विधायक सभी सांसद अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं इसके बावजूद भी आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस विश्व मूलवासी दिवस वर्ल्ड इंडीजीनियस प्यूपिल डे के अवसर पर बहुसंख्यक अनुसूचित जनजाति वर्ग के जनभावनाओं को ध्यान में रखकर स्थानीय अवकाश घोषित न करना समाज के लिये एक गंभीर चिंता और चिंतन का विषय है। अनुसूचित जनजाति महासभा मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों के लिये आवाज बनकर आगामी 9 अगस्त को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित करवाने हेतु तथा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित कराने के लिये राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है साथ ही बताया गया कि जल्दी ही इस सम्बन्ध में अनुसूचित जनजाति महासभा मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल पीएचई मध्यप्रदेश शासन, सांसद एवं विधायक निवास तथा बिछिया से मिलकर चर्चा करेंगे।



# अंजनियां में ओवरब्रिज बिछिया में बाईपास मांग

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** बिछिया विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहने वाले विधायक नारायण सिंह पट्टा शनिवार को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते व कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के मंडला स्थित आवास पहुंचकर अपने क्षेत्र के नागरिकों की जान की सुरक्षा व नागरिक सुविधा के लिए नेशनल हाईवे 30 में अंजनियां में ओवरब्रिज निर्माण एवं बिछिया में बाईपास निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा है। अपने पत्रों में उन्होंने लेख किया है कि अंजनियां में ओवरब्रिज नहीं होने से आये दिन दुर्घटनायें घटित हो रही हैं जिसमें आम नागरिकों की असमय मृत्यु हो रही है इस हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने मंडला के कार्यक्रम में घोषणा भी की थी लेकिन आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली है। इसी तरह नेशनल हाईवे 30 में बिछिया नगर के भीतर से हाईवे जाता है जिसके कारण लगातार दुर्घटनायें हो रही हैं और नगर की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने वर्ष 2017 व 2022 में दो-दो बार घोषणा भी की है लेकिन आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली है। इस हेतु नागरिक हित में अंजनियां में ओवरब्रिज व बिछिया में बाईपास निर्माण की स्वीकृति दिलाई जाये। उक्त पत्रों को देने के लिए बिछिया विधायक स्वयं मंडला सांसद व कैबिनेट मंत्री के मंडला स्तिथ आवास पहुंचे लेकिन दोनों ही अपने आवास में नहीं मिले और उनके प्रतिनिधियों को पत्र दिया गया। बिछिया विधायक ने कहा है कि जनता के हित के लिए काम करना जनप्रतिनिधि का मूल दायित्व होता है इसी दायित्व बोध के चलते हम विगत 5 वर्ष से इन दोनों विषयों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे अब मंडला सांसद और कैबिनेट मंत्री को जनता के हित में अपनी जबाबदारी निभानी है हमें पूरी उम्मीद है वे इन दोनों विषयों को संवेदना शीलता से लेते हुए कार्यवाही करेंगे।



# निर्धारित दिवस 21 जूलाई को नहीं हुआ सीमांकन

## तारी पर तारीख दी जा रही भूमि स्वामियों को तारीख

## राजस्व विभाग स्वयं की भूमि का नहीं कर पा रहा सीमांकन

**नैनपुर।** तहसील राजस्व विभाग नैनपुर द्वारा 16 जुलाई को तहसील परिषर का सीमांकन करने समय निर्धारित किया गया था। जिन भूमि स्वामियों को सीमांकन कराने नोटिस राजस्व कार्यालय द्वारा दिया गया था वे 12 बजे से टकटकी लगाए कार्यालय परिसर में देखें गये व्यस्तता के चलते ए एस एल आर मंडला दोपहर 3 बजे तहसील कार्यालय नैनपुर पहुंचे तत्पश्चात राजस्व अधिकारी नैनपुर व ए एस एल आर मंडला ने सीमांकन करने मुनारा , चकोर नदी पुल , चकोर नदी व खेतों की मेढ़ को चिन्हांकन किया गया। परंतु समय अधिक हो जाने के कारण सीमांकन नहीं हो सका । सीमांकन करने आये अधिकारी द्वारा 21 जुलाई को सीमांकन करने बताया गया था। 21 जूलाई रविवार का बेसब्री से इंतजार कर रहे दशरथ सिंह ठाकुर पिता जीवन सिंह ठाकुर निवासी जेवनारा, राजेश कुमार चंद्रौल पिता मूलचंद्र चंद्रौल निवासी गोकुलथाना, श्रीमति ममता अवधववाल पति निर्मल अवधवाल, श्रीमति रेखा लालवानी पति गोविंदराम लालवानी, श्रीमति पूजा गेमनानी पति ओमप्रकाश गेमनानी , जावेद असलम पिता स्व. अब्दुल अलीम , सुनील सायरानी पिता रतन लाल सायरानी एवं रितेश नवानी पिता नंदलाला नावानी निवासी नैनपुर सहित अन्य भूमि स्वामी सीमांकन कराने का इंतजार करते रहे। भूमि बेचने वाले विवेक शर्मा, सुलभ खंडेलवाल एंव दो अन्य को बचाने पर कार्यवाही होगी या फिर ?





न्याय की गुहार लगा रहे भूमि स्वामी नहीं मिल रहा न्याय*

पटवारी व राजस्व निरीक्षक द्वारा पर्ची बनबा कर उपपंजीयक कार्यालय नैनपुर से रजिष्टी कराने बाद तहसीलदार के आदेशानुसार नमंत्रण करा कर रशीद बही बनाई गई इसके बाद भूमि क्रेताओं ने डायवर्सन भी करा लिया इस सब के बाबजूद उन्हें मोके पर क्रय की गई भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसके कारण भूमि स्वामी दशरथ सिंह ठाकुर पिता जीवन सिंह ठाकुर निवासी जेवनारा के द्वारा 0087(अ-12)24 खसरा नम्बर 163/1/1/1/2- रकबा 0.0167 एंव राजेश कुमार चंद्रोल पिता मूलचंद्र चंद्रोल निवासी गोकुलथाना के द्वारा सीमांकन करने आवेदन लगा रहे हैं। राजस्व निरीक्षक एंव पटवारी के संयुक्त दल ने 25 जुलाई 2023 को प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम नैनपुर स्थित भूमि खसरा नं. 161/41 रकवा 0.40 हे. भूमि न्यायालय राजस्व नक्शा सर्वे क्रं. 161/2 ब, 161/41 (संयुक्त) है तरमीम नहीं है व सर्वे क्र.162/1, 162/2 रकवा 0368, 0.15 का कास्त व अभियोजना अधिकारी के नाम दर्ज का नक्शा संयुक्त है तरमीम उपलब्ध नहीं है। संयुक्त रूप से सीमांकन कार्य डी.जी.पी.एस मशीन से सीमांकन कार्य किया गया । प्राप्त फील्ड बुक में सर्वे नं. 161/2 व 161/41 के संयुक्त में दक्षिण पूर्वी भाग में बसंत, गणेश, प्रेम चोटेल, लक्ष्मीबाई का संयुक्त रूप से घर बनाकर 0.06 हे. कब्जा पाया गया व दक्षिण पश्चिम में 0.025 हे. भूमि विवेक पिता उमाशंकर शर्मा का घर बनाकर, 0.096 हे. पर चर्च एवं ज्योति सेमअन का कब्जा 0.04 हे. पर संभव तिवारी, ज्योति तिवारी, यशवंत सिह बहने का कब्जा व 0.20 हे भूमि पर सुलभ खंडेलवाल द्वारा के द्वारा बिक्रित प्लाट है जो कि मौके पर रिक्त पाये गये है शेष भूमि पर तहसील परिसर एवं न्यायालय भवन स्थित है। व सर्वे क्र. 162/1, 162/2 रवका 0.368 का नया 0.15 ना.ना. अभियोजन अधिकारी के नाम पर दर्ज है के पश्चिम भाग में 0.05 हे भूमि में से जावेद असलम व सुनील सायरानी नैनपुर का घर बनाकर कब्जा है व शेष भूमि रिक्त है मौके पर सीमांकन कार्य शेष नहीं है। का प्रतिवेदन तहसीलदार को प्रेषित किया गया । इसके बाद 9 मई 2024 को नाप किया परंतु । जिसपर नाप के दौरान मोके पर दशरथ सिंह ठाकुर पिता जीवन सिंह ठाकुर निवासी जेवनारा के द्वारा 0087(अ-12)24 -25 खसरा नम्बर 163/1/1/1/2- रकबा 0.0167 के स्थान पर 31.5 फिट लम्बाई और चौड़ाई 30- 945 फिट मोके पर भूमि मिली शेष 1020 फिट भूमि कम पाई गई।

क्रमशय खसरा नम्बर 163/3/1/2 रकबा 0.0167 स्थान पर 24 फिट लम्बाई और चौड़ाई 30- 720 फिट कुल मोके पर प्लाट मिला शेष 1080 फिट भूमि कम पाई गई। इस प्रकार भूमि स्वामी को बताया गया। पंचनामा बनाया गया । इस तरह भूमि स्वामी परेशान ओर हलाकान होते नजर आ रहे हैं। उपरोक्त भूमि स्वामियों को न्याय मिलेगा या नहीं कि नहीं जा सकता।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी में कार्यक्रम आयोजित

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम किया गया। इस कायक्रम में क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन, ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन, गर्ल्स कॉलेज प्रिंसिपल डॉ प्रो शरद नारायण खरे, पूर्व डाइट प्रिंसिपल प्रो रश्मि बाजपेई एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जिले के ब्रह्मावत्स सुबह से ही स्थानीय सेवाकेंद्र पहुँचें। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम परम शिक्षक परमपिता परमात्मा शिव बाबा को याद किया गया। ब्रम्हाकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को गुरुपूर्णिमा की शुभकामनाएं दी और कहा कि परमपिता परमात्मा हमारा हम परम टीचर भी है और परम सद्गुरु भी है। आज के दिन हम सभी परमपिता परमात्मा को दिल से कृतज्ञता का भाव अर्पित करता है। इसके साथ सभी ने ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा और ब्रम्हाकुमारीज संस्थान की निमित्त बहनें का सम्मान किया। केक काटा गया सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी।

# आई टी आई में विदाई समारोह के चलते 150 पोधौ का रोपण

नैनपुर।

आईटीआई नैनपुर के प्रशिक्षण अधिकारी की प्रेरणा से आईटीआई परिषर मे 150 पौधौ का रोपण प्रशिक्षार्तियो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष के प्रति मानव समर्पण समझाया गया। ज्ञात हो आईटीआई में सीनियर ट्रेनिंग कर्ताओं के द्वारा जूनियर ट्रेनिंयो का बिदाई कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम के चलते गीत संगीत भाषण नाच गानो के पर छात्र छात्राओं को थिरकते देखा गया। इस दोरान प्रचार्य के एस वरकडे ने प्रथम पौधा रोपण कर वृक्ष का महत्त्व समस्त प्रशिक्षण अधिकारी व समस्त ट्रेनियो को बताया । सीनियर ट्रेनियो ने जूनियर ट्रेनियो को शिक्षा व कौशल विकास की जानकारी दी गई । वृक्षारोपण के बाद वृक्षो की सुरक्षा की जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सुरेन्द्र द्विवेदी, वैभव जयसवाल, कमल दुबे, कुमारी प्रतिमा मरकाम, मयंक डेहरिया, कविता सनोड़िया, मिठाई लाल, गणेश विश्वकर्मा, पंकज रजक, संतोष चौहान विनेश वल्के, एल के मरावी द्वारा शिक्षा का महत्व को समझाते हुए रंगारंग कार्यक्रम का समापन किया गया।




**कार्यालय ग्राम पंचायत ढेंको जनपद पंचायत मण्डला जिला मण्डला**

मण्डला दिनांक-18/07/2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ढेंको जनपद पंचायत मण्डला में आंगनवाडी केंन्द्र क्रं-02 भवन निर्माण कार्य ढेंको हेतु आवश्यक सामग्री रेत, ईंट गिट्टी 20एमएम, 40एमएम, सीमेंट, लोहा, दरवाजा, खिडकी, वेंटिलेशन, टाईल्स, मुर्रम, सेंट्रिग, मिक्चर मशीन एवं अन्य आवश्यक सामाग्री तकनीकि स्वीकृति के अनुसार जीएसटी बिलधारक सामग्री सप्लायर से बंद लिफाफे में व निर्धारित सामग्री के अनुसार निविदा आमंत्रित दिनांक से पांच ( 05 ) दिवस के अंदर कार्यालीन समय पर निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी और शर्ते कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती हैं।

सरपंच
ग्राम पंचायत ढेंको
जनपद पंचायत मण्डला

सचिव
ग्राम पंचायत ढेंको
जनपद पंचायत मण्डला

संपादकीय

# आ बैल-मुझे मार!

कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश व अन्य सरकार भोजनालयों की धार्मिक पहचान करा रही हैं। मुजफ्फरनगर व आसपास यह काम सिर चढ़कर बोल रहा है। कांवड़ यात्रा बिना जाति-धर्म के आधार पर सैकड़ों साल से बिहार से हरिद्वार तक निकाली जाती है। योगी के एक आदेश पर क्या हो जाए, कौन कहे, कौन बताए। प्रमुख धर्मों के कार्यक्रम में काफी सावधानी बरतना पड़ती है। विघ्न संतोषी भी सक्रिय हो जाते हैं। जिले-जिले शांति समितियां बनती हैं। कलेक्टर मुखिया होते हैं। सहमति से दशहरा-ईद मनाई जाती है। धर्म-सम्प्रदाय की आड़ में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। इस क्षेत्र में अभी एक उपचुनाव होना है। मुसलमानों की आबादी यहां सवा लाख है। 'आ बैल मुझे मार' से बचना जरूरी है। अयोध्या हार जाने के बाद भाजपा बद्रीनाथ भी हार गई। क्या ऐसी कोशिश (आदेश) भाजपा को जीत दिला पाएगी? योगी सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर नाम और पहचान लिखवाने का विरोध कांग्रेसियों ने जगह-जगह किया है। पोस्टर चस्पा किए हैं। राहुल गांधी की फोटो लगी है। लिखा है-'मोहब्बत की दुकान नो हिंदू-मुसलमान'। भाईचारा-एकता की बात होना चाहिए न कि उन्हें अलग-अलग करने की बात होना चाहिए। कांवड़ यात्रा का धार्मिक पक्ष मजबूत है। बिहार से सबसे ज्यादा कांवड़िये हरिद्वार जाते हैं। उत्तर प्रदेश व अन्य सरकारों के सामने यात्रा शांतिपूर्ण निकल जाने के लिए खून-पसीना एक किया जाता है। योगी सरकार का एक नया आदेश सुर्खियों में है। दुकानदार अपना नाम और धर्म बाहर चस्पा करें। भोजनालयों की पहचान के लिए यही किया गया। दोनों मुख्य धर्मावलियों को बिलावजह परेशानी झेलना पड़ रही है। हिन्दू-मुस्लिम की कौमी एकता एवं गंगा-जमुनी तहजीब पर प्रहार करने की यह नीति संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। सैकड़ों साल से यात्रा निकल रही है। धर्म कभी, कहीं आड़े नहीं आया। अब क्या हो रहा है? धर्म व आस्था की आड़ कब तक गैरवाजिब रास्ते पर चलकर ली जाती रहेगी। रालोद की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा-यह जाति और सम्प्रदाय को बढ़ावा देने वाला है। जेडीयू के नेता के.सी. त्यागी ने मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश को वापस लिए जाने की मांग की है। कहा तनाव फैलने का खतरा है। धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना जरूरी है। माहौल यही है। क्या यह जायज है? कहावत याद आती है, 'आ बैल मुझे मार'। मुजफ्फर नगर में जो सरकारी आदेश आया है। आया आदेश यह बताने के लिए पर्याप्त है कि धर्म की रक्षा की आड़ में यह हिन्दू-मुस्लिम का फलसफा चलाए जाने के पीछे विभाजन की राजनीति नया स्वांग रचकर की जा रही है। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर खुली दुकानों के मालिकों से कहा गया है कि वे अपना नाम, धर्म, दुकानों पर लिखें। एक चैनल ने कांवड़ वालों, नागरिकों व दुकानदारों से माहौल देखने बातचीत की। कांवड़ लेकर चल रहे 14-16 साल के बच्चों ने कहा- हमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि दुकान किसकी है। चाय हम जहां मिले पी लेते हैं। एनडीए सरकार के सहयोगी दल लोक जनशक्ति के अध्यक्ष चिराग पासवान ने भोजनालयों के मालिकों के नाम व धर्म प्रदर्शित करने वाले आदेश का सख्त विरोध किया है।

# महानगरों में बढ़ता जानलेवा प्रदूषण गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के हाल के अध्ययन में वायु प्रदूषण की बढ़ती विनाशकारी स्थितियों के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले है बल्कि अत्यंत चिन्तातनक है। भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण के रूप में पसर रही मौत के लिये सरकार एवं उनसे संबंधित एजेंसियों की लापरवाही एवं कोताही शर्मनाक है, क्योंकि सरकार द्वारा 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। गंभीर से गंभीरतर होती वायु प्रदूषण की स्थितियों के बावजूद समस्या के समाधान में कोताही चिन्ता में डाल रही है एवं आम जनजीवन के स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। महानगरों में प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं।

केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण एवं हवा में घुलते जहरीले तत्वों की चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। सरकार की कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। लेकिन विडम्बना है कि तय लक्ष्य हासिल नहीं हो सके। महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान को निरन्तर जीवन का हिस्सा बनाना होगा। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में गत दो-तीन साल में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।



प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। इसके लिये शहरों में वृक्षारोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे प्रयास करने के सुझावों का क्रियान्वित करने की अपेक्षा है, इसके लिये जो कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। जिससे समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। इसी कारण देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे महानगरों को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? प्रशासन अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पा रही है?

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये सक्रिय है, केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन विडम्बना है कि पर्याप्त फण्ड होने के बावजूद सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। कैसे समस्या से मुक्ति मिलेगी? जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना जटिल होता जा रहा है। अब समस्या की विकरालता को देखते हुए केंद्र सरकार इस दिशा में नये सिरे से गंभीरता से पहल कर रही है, जिससे प्रदूषित शहरों को दी जाने वाली राशि का यथा समय अधिकतम उपयोग हो सके। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता तो प्रदूषण को कम करने की दिशा में हम कुछ कदम बढ़े होते।

वायु प्रदूषण एक जाना-पहचाना पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा है। हम जानते हैं कि हम क्या देख रहे हैं जब भूरे रंग की धुंध शहर के ऊपर छा जाती है, व्यस्त राजमार्ग पर धुआँ निकलता है या धुएँ के ढेर से धुआँ निकलता है। वायु प्रदूषण मानव निर्मित और प्राकृतिक दोनों स्रोतों से उत्पन्न खतरनाक पदार्थों का मिश्रण है। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, घरों को वातानुकूलित करने के लिए ईंधन तेल और प्राकृतिक गैस, एसी का उपयोग, विनिर्माण और बिजली उत्पादन के उप-उत्पाद, विशेष रूप से कोयला-ईंधन वाले बिजली संयंत्र, और रासायनिक उत्पादन से निकलने वाले धुएं मानव निर्मित वायु प्रदूषण के प्राथमिक स्रोत हैं। बढ़ता प्रदूषण वैश्विक स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए एक बड़ा खतरा है। वायु प्रदूषण सभी रूपों में, हर साल दुनिया भर में 6.5 मिलियन से अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार है यह संख्या पिछले दो दशकों में बढ़ी है। भारत के महानगरों में यह अधिक विकराल होती जा रही है। उच्च वायु प्रदूषण से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं में कैंसर, हृदय रोग, श्वसन रोग, मधुमेह, मोटापा, तथा प्रजनन, तंत्रिका संबंधी और प्रतिरक्षा प्रणाली संबंधी विकार शामिल हैं।

वायु प्रदूषण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। महानगरों की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि दिल्ली जैसे महानगरों में रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी सहित अनेक महानगर क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं। निस्संदेह, राज्यों के शासन व स्थानीय प्रशासन के वायु प्रदूषण को लेकर उदासीन रवैये से नागरिकों के जीवन का संकट बरकरार है। सर्वविदित तथ्य है कि न तो सरकारों के पास पर्याप्त संसाधन हैं और न ही ऐसा विशिष्ट कार्यबल। नागरिकों की जागरूकता व जवाबदेही बढ़ाकर वायु प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये प्रशासन एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा।

# पेरिस ओलंपिक में भारत से है ढेरों उम्मीदें, क्या हॉकी में मिलेगा स्वर्ण पदक?

आदर्श प्रकाश सिंह

**अब हॉकी की बात करते हैं जो भारत का लोकप्रिय खेल है। भारत को इसमें पदक की आस हमेशा रहती है। वजह, इस खेल में हमारा कई दशकों तक दबदबा रहा। भारत ने ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। वह हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद का स्वर्णिम समय था।**

पेरिस में 2024 के ओलंपिक खेल आरंभ होने ही वाले हैं। 26 जुलाई को उद्घाटन समारोह के साथ ही खेलों के इस महाकुंभ का आगाज हो जाएगा। दुनिया के सभी देश इस बड़े खेल आयोजन में अपनी किस्मत आजमाने उतरेंगे। पिछले ओलंपिक खेल 2021 में जापान की राजधानी टोक्यो में हुए थे। वैसे इसे 2020 में होना था लेकिन कोविड महामारी के चलते एक साल आगे खिसकाना पड़ा। हर चार साल के बाद ओलंपिक खेलों का आयोजन होता है। जहां तक भारत की बात है तो इस बार हमारी तैयारी बहुत अच्छी है। टोक्यो में मिले सात पदकों की वजह से भारतीय दल का जोश हाई है। इस बार पदकों की संख्या दहाई के अंक तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। देशवासियों को उम्मीद है कि पिछली बार से अधिक पदक अवश्य मिलेगा। टोक्यो में भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा एक सनसनी बन कर उभरे थे। उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम ऊंचा किया था। ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला स्वर्ण पदक था। पेरिस में भी नीरज चोपड़ा से वही प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद की जा रही है। चोपड़ा ने पिछले एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस में भारत के कुल 117 खिलाड़ी पदकों की होड़ में अपनी बाजी लगाएंगे। इनके साथ 140 लोगों का सपोर्ट स्टाफ भी जा रहा है।




अब हॉकी की बात करते हैं जो भारत का लोकप्रिय खेल है। भारत को इसमें पदक की आस हमेशा रहती है। वजह, इस खेल में हमारा कई दशकों तक दबदबा रहा। भारत ने ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। वह हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद का स्वर्णिम समय था। मगर, एक दौर वह भी आया जब हमारी हॉकी रसातल में चली गई। यूरोपीय टीमें हमसे आगे बढ़ गईं। 1976 के मांट्रियल ओलंपिक में भारतीय टीम सातवें स्थान पर रही। इसके बाद मास्को ओलंपिक-1980 में भारत ने स्वर्ण पदक जीता लेकिन इसकी अहमियत इसलिए नकार दी गई क्योंकि कई बड़े देशों ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार कर दिया था। जर्मनी, हालैंड, पाकिस्तान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों ने इसमें भाग नहीं लिया। अफगानिस्तान में सोवियत संघ की सेना की मौजूदगी के विरोध में यह निर्णय किया गया था। बहरहाल, भारत ने फाइनल में स्पेन को कड़े मुकाबले में 4-3 से हराकर हॉकी का स्वर्ण पदक जीत लिया।

इसके बाद पदक का सूखा पड़ गया। भारतीय टीम लगातार हारती रही। ओलंपिक में जाकर खाली हाथ वापस आने का सिलसिला चल पड़ा। एक बार तो ऐसा भी हुआ कि बीजिंग ओलंपिक-2008 के लिए भारतीय हॉकी टीम क्वालीफाई ही नहीं कर पाई। यह बड़ी शर्मनाक स्थिति थी। यह सिलसिला 41 साल बाद टोक्यो में खत्म हुआ और हमारी टीम ने हॉकी का कांस्य पदक जीत लिया। कम से कम हम खाली हाथ नहीं लौटे। इसलिए पिछला ओलंपिक कई मायनों में भारत के लिए बेहतरीन रहा। हालांकि, स्वर्ण पदक अब भी हमसे दूर है। देखना है कि पेरिस में भारत की टीम कैसा प्रदर्शन करती है। उसके पूल में अर्जेंटीना, बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया जैसी तगड़ी टीमें हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारत स्वर्णिम सफलता के लिए बेताब होगा। अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश का यह आखिरी ओलंपिक है। टीम चाहेगी कि उन्हें स्वर्णिम विदाई दी जाए। कोच क्रेग फुल्टन ने खिलाड़ियों से अच्छी तैयारी कराई है। इसी टीम ने एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था।

पदक की एक उम्मीद मीराबाई चानू से है। भारोत्तोलन में उन्होंने टोक्यो में रजत पदक जीता था। इस बार वह पदक का रंग बदलना चाहेंगी। मुक्केबाजी में हमारी बेटियां पदक ला सकती हैं। चार महिलाएं और दो पुरुष मुक्केबाज पेरिस में दम दिखाने को तैयार हैं। दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन पहली बार ओलंपिक में खेलेंगी। टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना बोरगोहेन पेरिस में नए भार वर्ग में उतरेंगी। उनसे भी पदक जीतने की उम्मीद है। पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल और निशांत देव भी भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। अब तक मुक्केबाजी में भारत को कांस्य पदक ही मिले हैं। इस बार रजत या स्वर्ण हासिल करने की ख्वाइश जरूर होगी।

कुश्ती में भी भारत को पदक की आशा रहती है। बैडमिंटन में भारत की स्टार पीवी सिंधू ने रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य जीता था। स्वर्ण पदक के साथ वह ओलंपिक का सफर खत्म करना चाहेंगी। पेरिस में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संकल्प लेकर जा रही हैं।

# क्या आपने भूतों को देखा है? यह पदार्थ और अपदार्थ दोनों नहीं हो सकता

विशांत श्रीवास्तव


वर्ष 2021 में अमेरिका में एक सर्वे किया गया। इसमें शामिल 41 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें भूतों पर यकीन है। बीस फीसदी लोगों ने तो यहां तक दावा किया कि उन्होंने भूत को देखा है। अगर ये लोग सही हैं, तो इसका अर्थ है अकेले अमेरिका में ऐसे पांच करोड़ से ज्यादा लोग हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी में भूतों का सामना किया है। मेरे घर के पास एक किराने की दुकान का मालिक मानता है कि उसके घर में भूत हैं। उसने घर में कैमरे लगा रखे हैं, जिनमें दर्ज कई असामान्य रिकॉर्डिंग उसने मुझे भेजी भी हैं। मैंने उन रिकॉर्डिंग्स में उसके घर में कुछ कमरों में छोटे-छोटे प्रकाश के बुलबुले देखे। कुछ धीमी आवाजें सुनाई देती हैं।



कई बार किताबें सेल्फ से उड़ती भी दिखीं। एक समाजशास्त्री के रूप में मेरा काम भूत, परग्रही जीवों, पिरामिड शक्ति और अंधविश्वास जैसी चीजों में लोगों के विश्वास को परखना है। मैं मानता हूं कि असाधारण दावों की पुष्टि के लिए असाधारण सबूतों की आवश्यकता होती है। लोग जब अजीब आवाजें सुनते हैं, चीजों को चलते देखते हैं, गेंदें या रोशनी की किरणें आदि देखते हैं, तो उन्हें लगता है कि उन्होंने भूत देखा है। लेकिन किसी ने भूतों को बूढ़ा होते, खाते, सांस लेते या बाथरूम का इस्तेमाल करते हुए नहीं देखा है। तो क्या भूत किसी खास ऊर्जा से बने होते हैं, जो बिना नष्ट हुए मंडराते और उड़ते रहते हैं? अगर ऐसा है, तो इसका मतलब है कि जब भूत चमकते हैं, चीजों को हिलाते या आवाजें निकालते हैं, तो वे पदार्थों (जो जगह घेरता है और जिसका वजन होता है) की तरह काम कर रहे होंगे। पर अगर वे दीवार के पार हो जाते हैं या गायब हो जाते हैं, तो उन्हें पदार्थ नहीं होना चाहिए।

जब भी भूत-प्रेत का पता लगाने वाला कोई व्यक्ति किसी कथित भुतहा जगह पर जाता है, तो उसे कुछ ऐसी चीजें मिलती हैं, जिसे वह पारलौकिक मान बैठता है। भूतों के व्यक्तिगत अनुभवों की वजह मानवीय इंद्रियों की सीमाएं हो सकती हैं। किराने की दुकान के वीडियो क्लिप की मैंने समीक्षा की। वीडियो में प्रकाश के कई छोटे-छोटे गोले कैद हुए, जो वास्तव में धूल के छोटे कण थे, जो कैमरे के लेंस के करीब तैरते दिखे। शेल्फ पर वजन बढ़ने के कारण ब्रैकेट जब अपनी जगह पर आया, तो झटका लगा और उस पर रखी चीजें गिरने लगीं। जाहिर है कि भूतों की कहानियां आपके मस्तिष्क द्वारा कुछ दृश्यों और ध्वनियों की व्याख्या करने के तरीके से ही पैदा होती हैं।

# भारत में तेजी से हो रहा है वित्तीय समावेशन



प्रह्लाद सबनानी

सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक एवं पेन्शन क्षेत्र के हितधारकों को शामिल करते हुए वित्तीय समावेशन सूचकांक विकसित किया है। दरअसल, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में हो रही अतुलनीय प्रगति को दर्शाने के लिए अब अपने सूचकांक विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है क्योंकि वैश्विक स्तर पर वित्तीय एवं आर्थिक क्षेत्र में कार्यरत विदेशी संस्थानों द्वारा विकसित किए गए सूचकांकों के आधार पर किए जाने वाले सर्वे में तो विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रभावशाली प्रगति की सही तस्वीर पेश नहीं की जा रही है। इन सूचकांकों के आधार पर किए गए कई सर्वे में तो आश्चर्यजनक परिणाम दिखाई देते हैं। जैसे, एक सर्वे में भुखमरी के क्षेत्र में भारत की स्थिति को अफ्रीकी देशों, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बंगलादेश से भी बदतर बताया गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विकसित किए गए वित्तीय समावेशन सूचकांक के आधार पर मार्च 2024 के परिणाम हाल ही में जारी किए गए हैं। इन परिणामों के अनुसार, भारत में वित्तीय समावेशन मार्च 2017 में 43.4, मार्च 2021 में 53.9 एवं मार्च 2023 में 60.1 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 64.2 प्रतिशत हो गया है। यह सूचकांक भारत में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में हुई अतुलनीय एवं स्थिर प्रगति को दर्शाता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विकसित किया गया यह सूचकांक वित्तीय समावेशन के विभिन्न आयामों (नागरिकों की वित्तीय संस्थानों पर बढ़ती पहुंच, वित्तीय उत्पादों का बढ़ता उपयोग एवं वित्तीय सेवाओं की गुणवत्ता) पर देश में वित्तीय समावेशन के संदर्भ में जानकारी को 0 से 100 तक के मान में बताता है। यदि मान कम है तो देश में वित्तीय समावेशन भी कम है और इसके विपरीत यदि मान अधिक है तो देश में वित्तीय समावेशन भी अधिक है। भारत में यह मान मार्च 2024 में बढ़कर 64.2 प्रतिशत हो गया है। उक्त वर्णित तीन आयामों में कई पैरामीटर शामिल हैं, इनका मूल्यांकन 97 संकेतकों के आधार पर किया जाता है। इस कार्यप्रणाली के कारण ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विकसित किया गया यह सूचकांक वित्तीय समावेशन का एक व्यापक संकेतक बन गया है। वित्तीय समावेशन सूचकांक प्रत्येक वर्ष के जुलाई माह में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।

किसी भी देश में वित्तीय समावेशन के बढ़ने का आशय यह है कि उस देश के नागरिकों की उस देश के बैंकिंग संस्थानों तक पहुंच बढ़ रही है और यह उस देश की अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण में मुख्य भूमिका निभाता है। वर्ष 2014 में भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को लागू किया गया था और इस योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में गरीब वर्ग के जमा खाते खोलकर उन्हें वित्तीय समावेशन का हिस्सा बना लिया गया था। आज प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत लगभग 52 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं एवं इन जमा खातों में लगभग 2.35 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है। केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा देश के गरीब वर्ग को दी जाने वाली सहायता/प्रोत्साहन राशि को भी इन खातों में आज सीधे ही जमा कर दिया जाता है, इसे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के रूप में भी जाना जाता है, जिससे इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार लगभग समाप्त हो गया है क्योंकि इससे अंततः लीकेज



कम हुए है और यह सुनिश्चित हुआ है कि योजनाओं का लाभ अंतिम लाभार्थी तक सीधे ही पहुंचे। प्रधानमंत्री जनधन योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य भारत के दूर दराज के इलाकों में निवासरत नागरिकों को बैंकिंग, बचत और जमा खाते, राशि हस्तांतरण, ऋण, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं को उपलब्ध कराना था। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री जनधन योजना पूर्ण रूप से सफल रही है और भारत में वित्तीय समावेशन को अगले स्तर पर ले जाने में भी सहायक रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खोले गए जमा खातों को भारत की विशिष्ट पहचान प्रणाली (आधार कार्ड) से जोड़कर, केंद्र सरकार ने देश में वित्तीय लेन देन प्रणाली को सुव्यवस्थित कर लिया है एवं बैंकिंग व्यवहारों में धोखाधड़ी की सम्भावना को कम करने में भी सफलता अर्जित की है। आज भारत की प्रधानमंत्री जनधन योजना को पूरे विश्व में सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना के रूप में पहिचान मिली है।

देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना को आज भी वित्तीय समावेशन के मुख्य उपकरण के रूप में माना जा रहा है और इस योजना के अंतर्गत देश के नागरिकों के खाते विभिन्न बैंकों में उसी उत्साह से लगातार खोले जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी भारत के विभिन्न बैंकों में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत लगभग 3.3 करोड़ नए जमा खाते खोले गए हैं इससे इस योजना के अंतर्गत खोले गए कुल खातों की संख्या बढ़कर 51.95 करोड़ हो गई है एवं इन जमा खातों में 234,997 करोड़ रुपए की राशि जमा हो गई है। अब देश का एक गरीब नागरिक भी भारत की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान करता हुआ दिखाई दे रहा है। वित्तीय समावेशन के दायरे में लाए गए नागरिक वित्तीय क्षेत्र में साक्षर होने के पश्चात अब तो भारत के पूंजी बाजार (शेयर बाजार) में भी अपना निवेश करने लगे हैं एवं उनकी विभिन्न ऋण योजनाओं एवं बीमा उत्पादों तक पहुंच भी बढ़ गई है। वित्तीय सेवाओं तक इस पहुंच ने देश के नागरिकों को आर्थिक रूप से बहुत सशक्त बना दिया है, इससे अंततः यह नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं छोटे व्यवसायों में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और इस प्रकार इन नागरिकों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

भारत में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में हुई उक्त वर्णित अतुलनीय प्रगति की जानकारी हम आम नागरिकों को तभी मिल पा रही है जब भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में ही एक सूचकांक विकसित किया है। यदि वित्तीय समावेशन का सूचकांक किसी विदेशी संस्थान द्वारा तैयार किया जाता तो सम्भव है कि भारत की इस महान उपलब्धि को जानने से हम वंचित रह जाते। अब समय आ गया है कि इसी प्रकार के सूचकांक अन्य क्षेत्रों में भी भारतीय वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों द्वारा ही तैयार किए जाने चाहिए, ताकि हम आम नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में भारत की अतुलनीय प्रगति की वास्तविक जानकारी प्राप्त हो सके।

# 2050 तक दोगुनी हो जाएगी देश में बुजुर्गों की आबादी

नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत इकाई यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक दोगुनी हो जाने की संभावना है। देश में खासकर उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है, जिनके अकेले रह जाने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।

यूएनएफपीए-इंडिया की रेजिडेंट प्रतिनिधि वोजनार ने विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के कुछ दिनों बाद जनसंख्या के उन प्रमुख रुझानों को रेखांकित किया, जिन्हें भारत सतत विकास में तेजी लाने के लिए प्राथमिकता दे रहा है। इनमें युवा आबादी, वृद्ध जनसंख्या, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु के अनुसार बदलाव करना शामिल हैं। ये कारक सभी देश के लिए अनूठी चुनौतियां और अवसर पेश करते हैं। वोजनार ने कहा कि 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों की संख्या 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन योजनाओं में निवेश बढ़ाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि खासकर



वृद्ध महिलाओं के लिए ऐसा करना आवश्यक है, जिनके अकेले रहने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।

यूएनएफपीए-इंडिया प्रमुख ने कहा कि भारत में युवा आबादी काफी है और 10 से 19 वर्ष की आयु के 25 करोड़ 20 लाख लोग हैं। उन्होंने जिक्र किया कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी के लिए प्रशिक्षण और रोजगार सृजन में निवेश करने से इस जनसांख्यिकीय क्षमता को भुनाया जा सकता है और देश को सतत प्रगति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है, इसलिए झुग्गी बस्तियों की वृद्धि, वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके। वोजनार ने यह भी कहा कि आंतरिक और बाहरी प्रवासन को प्रबंधित करने के लिए अछे से सोच-विचार कर योजना बनाने, कौशल विकास करने और आर्थिक अवसर वितरण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

# पाकिस्तान का भी होगा बांग्लादेश जैसा हाल

ढाका

बांग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ प्रदर्शन अब पूरे देश में कर्फ्यू तक पहुंच गया है। इस बीच बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को वापस ले लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक 93 फीसदी सरकारी नौकरियां मेरिट के आधार पर भरी जाएंगी। हिंसा को देखते हुए शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लगा दिया है। लेकिन इसके बावजूद देश में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश पुलिस को दंगों पर नियंत्रण पाने के लिए देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया है। पूरे देश में कर्फ्यू के कारण इंटरनेट और टेलीफोन बंद है। हालांकि इस प्रदर्शन को देख कर एक्सपर्ट्स पाकिस्तान को चेतावनी दे रहे हैं। पाकिस्तान को भी इसी तरह के हालात का सामना करना पड़ सकता है।



विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने एक्स पर पोस्ट में कहा, बांग्लादेश का संकट पाकिस्तान के नेताओं के लिए सबक हो सकता है। राजनीतिक विपक्ष को दरकिनार करना आपको आर्थिक तनाव, लंबे समय से चले आ रहे कुशासन और दमन पीड़ित व्यापक जनता की लामबंदी से नहीं बचा सकता है। दरअसल शेख हसीना पर पश्चिमी देश आरोप लगाते रहे हैं कि उन्होंने विपक्ष को खत्म कर दिया है। वहीं पाकिस्तान की शहबाज सरकार भी विपक्षी नेता इमरान खान को जेल में डाले हुए है। कुगेलमैन ने आगे कहा, हम पाकिस्तान में बढ़ते असंतोष को देख सकते हैं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हाशिए पर पड़े लोगों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन से लेकर सरकारी संस्थानों में बढ़ते अविश्वास और सेना के प्रति उच्च स्तर के गुस्से तक और कुल मिलाकर युवाओं में निराशा है। रविवार की सुबह कर्फ्यू के हटने की उम्मीद थी। लेकिन अभी तक ऐसी कोई भी घोषणा नहीं हुई है। इतना ही नहीं बांग्लादेश के कोई भी न्यूज आउटलेट 19 जुलाई के बाद खबर प्रकाशित नहीं कर सके हैं, जिससे यह पता चलना मुश्किल है कि देश में क्या हो रहा है।

अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। इससे एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के कुछ दिन बाद शनिवार को प्राधिकारियों ने पूरे देश में सख्त कर्फ्यू लागू कर दिया और सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की।

# बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण फैसला वापस लिया

ढाका

बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने सरकारी नौकरी आवेदकों के लिए विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को वापस ले लिया है। कोटा प्रणाली के ऐलान के बाद बांग्लादेश में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हो रहे थे और हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की जान गई है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को अपने फैसले में 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियों को योग्यता-आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित करने का आदेश दिया। बाकी 7 फीसदी 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के रिश्तेदारों और अन्य श्रेणियों के लिए छोड़ दिया है। जिस सिस्टम पर विवाद था, उसमें 30 प्रतिशत नौकरियों को स्वतंत्रता आंदोलन के दिग्गजों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित करने की बात कही गई थी।



बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसने पिछले महीने कोटा बहाल किया था। अटॉर्नी जनरल ए ए म अमीनउद्दीन ने बताया है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसला को गलत करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सिविल सर्विस की नौकरियों में 5 प्रतिशत स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गजों के बच्चों के लिए और 2 प्रतिशत अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षित रहेंगी। कोर्ट ने सभी छात्रों से प्रदर्शन छोड़कर वापस कॉलेजों में लौटने की अपील की है। इससे बांग्लादेश में कई दिनों से जारी हिंसा रुकने की उम्मीद अब बढ़ी है।

## दक्षिण लेबनान में इज़रायली हवाई हमले में सात घायल

बेरूत, (वार्ता) दक्षिणी लेबनान के विभिन्न इलाकों में इजरायली हवाई हमलों में चार विस्थापित सीरियाई बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने दक्षिणपूर्वी गांव हौला में एक घर पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए, तीन घर नष्ट हो गए और आठ अन्य को नुकसान पहुंचा। एक अलग घटना में, एक इजरायली ड्रोन ने दक्षिणपूर्वी शहर के दक्षिण में बुर्ज अल-मुलुक क्षेत्र में एक विस्थापित सीरियाई के तंबू और तंबू के बगल में खड़ी एक कार पर हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों से हमला किया। मरजायुन के चार विस्थापित सीरियाई बच्चे घायल हो गए। इस बीच हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने तोपखाने के गोले से अल-मनारा साइट के आसपास इजरायली सैनिकों की एक सभा को निशाना बनाया।

## छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता

कोलंबो, (वार्ता) श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एक दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने श्रीलंकाई नौसेना और अन्य संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है। जिन्होंने जहाजों और उनके चालक दल का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

## रोमानिया में ट्रेन की टक्कर से 15 लोग घायल

बुखारेस्ट,(वार्ता) बुखारेस्ट के बसाराब स्टेशन पर शुक्रवार शाम एक लोकोमोटिव और एक यात्री ट्रेन के बीच टक्कर में 15 लोग घायल हो गए, स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आपातकालीन अधिकारियों के अनुसार आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार 10 दमकल गाड़ियाँ, सभी उपलब्ध चिकित्सा संसाधन, दो निकासी वाहन, एक पीड़ित परिवहन वाहन और एक मोबाइल अस्पताल को घटनास्थल पर भेजा गया। रोमानियाई रेलवे जांच एजेंसी ने कहा कि वह घटना की जांच करेगी।

## चीन में अचानक आई बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

चेंगदू, (वार्ता) दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2:30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है। सड़कें और संचार आंशिक रूप से बहाल कर दिए गए हैं और प्रभावित निवासियों को समायोजित कर दिया गया है। बचाव अभियान अभी भी जारी है।

## पाकिस्तान में इस साल का 9वां पोलियो मामला सामने आया

इस्लामाबाद, (वार्ता) पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो वायरस पाया गया, जिससे दक्षिण एशियाई देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या नौ हो गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा विनियम और समन्वय पर प्रधान मंत्री के समन्वयक मलिक मुख्तार अहमद भरत ने शनिवार को कहा कि प्रांत के झोब जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र किए गए नमूनों में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 का पता चला है। भरत ने कहा कि बच्चे में 28 जून को पक्षाघात के लक्षण विकसित हुए और वायरस का आनुवंशिक परीक्षण अभी भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि पोलियो के नौ मामलों में से सात मामले बलूचिस्तान प्रांत से सामने आए हैं, उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए खतरा पैदा करने वाला यह वायरस देश के 50 से अधिक जिलों में मौजूद है।

## पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में विस्फोट में दो की मौत, 6 घायल

चरिकर, अफगानिस्तान, (वार्ता) पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भूस्खलन, पत्थरों में दबने से तीन श्रद्धालुओं की मौत, पांच घायल

देहरादून, (वार्ता)

उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद अंतर्गत, भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के पैदल यात्रा मार्ग पर रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे के करीब तीन अलग, अलग स्थानों पर भू स्खलन हो गया। इस दौरान, पहाड़ से गिरे पत्थरों और मलवा की चपेट मे आने से तीन श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। जबकि पांच अन्य को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया है।

रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गौरीकुण्ड से लगभग 3 कि.मी. आगे श्री केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास लगभग 50 मीटर के दायरे में तीन अलग-अलग स्थानों पर ऊपर पहाड़ी से मलबा पत्थर आने से राह चल रहे



पैदल यात्री इसकी चपेट में आ गए। सूचना पर चौकी गौरीकुण्ड पुलिस, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ व प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू अभियान के दौरान, 3 लोग अचेत अवस्था में व कुछ लोग घायल दशा में मिले। जिनको स्ट्रेचर की मदद से रेस्क्यू दल ने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र गौरीकुण्ड भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि गौरीकुण्ड में चिकित्सकों ने 3 व्यक्तियों किशोर अरुण पराते (31), निवासी खापा, जिला नागपुर (महाराष्ट्र), सुनील महादेव काले (24) निवासी गौन्डी, जिला जालना, (महाराष्ट्र) और अनुराग सिंह (24) निवासी खैड़ी घंडियाल्का, जिला रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) को मृत घोषित किया गया है।

श्री रजवार ने बताया कि इस दौरान चेला भाई चौधरी(23) निवासी गुजरात, के सिर में चोट, जगदीश (45), निवासी भाटी, पोस्ट कटारवा, गुजरात, के पैर की हड्डी फ्रैक्चर हुई है। अभिषेक चौहान (18), निवासी गौण्डी, जिला जालना, महाराष्ट्र, के सिर में चोट, धनेश्वर पाण्डे (27), निवासी खापा, महाराष्ट्र, सिर में चोट तथा हरदाना भाई पटेल, निवासी गुजरात के हाथ पर हल्की चोट लगी है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का इलाज गौरी कुंड में चल रहा है। जबकि अन्य गंभीर घायलों को रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में किया जाएगा।

# धरती के लिए अंतरिक्ष से आ रही आफत

वॉशिंगटन

मेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने एक विशाल एस्टेरॉयड को लेकर अलर्ट जारी किया है। यह एस्टेरॉयड 2011 MW1 है जो 380 फुट का एक विशाल एस्टेरॉयड है। खतरनाक गति से यह पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। हमारे ग्रह के करीब से गुजरने वाले अक्सर छोटे एस्टेरॉयड के विपरीत यह आकार में किसी विशाल इमारत की तरह है। यही कारण है कि यह हमारे लिए चिंता की बात है। उल्कापिंड के पृथ्वी से टकराने पर एक बड़ी तबाही आ सकती है। यह एस्टेरॉयड वर्तमान में 28,946 किमी प्रति घंटे की स्पीड से यात्रा कर रहा है।



सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज के आंकड़ों के मुताबिक एस्टेरॉयड 28,946 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हमारे ग्रह की ओर बढ़ रहा है। जब यह धरती के करीब होगा तब इसकी दूरी 71 लाख किमी होगी। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के मुताबिक यह 25 जुलाई को धरती के सबसे करीब से गुजरेगा। खगोलीय दृष्टि से यह दूरी बहुत ज्यादा नहीं है। अगर यह अपनी ट्रैजेक्टरी से भटक जाता है तो पृथ्वी के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।


धरती के करीब होने के बावजूद नासा ने कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्पेस एजेंसी एस्टेरॉयड की ट्रैजेक्टरी पर सावधानीपूर्वक नजर रख रही है। स्पेस एजेंसी ने कहा कि यह पृथ्वी के लिए खतरा पैदा किए बिना सुरक्षित दूरी से गुजर जाएगा। यही कारण है कि इस एस्टेरॉयड को खतरनाक की श्रेणी में नहीं रखा गया है। हालांकि हमारे ग्रह की ओर इतने बड़े एस्टेरॉयड की उपस्थिति धरती के करीब की वस्तुओं को लेकर चिंता बढ़ाती है।

साल 2029 में हमारे धरती के करीब से एक उल्कापिंड गुजरने वाला है, जिसका आकार आइफिल टावर के बराबर होगा। वैज्ञानिकों की इस उल्कापिंड में बेहद ज्यादा दिलचस्पी है। यही कारण है कि जब यह धरती के बेहद करीब से गुजरेगा तब वैज्ञानिक 99942 एपोफिस की जांच करेंगे। यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने रैपिड एपोफिस मिशन फॉर सिक्योरिटी एंड सेफ्टी के लिए फंडिग की घोषणा की है। इसमें एस्टेरॉयड के आकार, आकृति, द्रव्यमान और उसके घूमने के तरीके के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्पेसक्राफ्ट भेजा जाएगा।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं : अमिताभ

अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। 'कल्कि 2898 एडी' वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।%कल्कि 2898 एडी% के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं।उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैंज् कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है। अमिताभ बच्चन ने नाग अश्विन द्वारा प्रभास को एक भगवान के समान चरित्र के रूप में चित्रित करने की प्रशंसा की। तेलुगु राष्ट्र जो प्रभास के लिए पागल है, उसके लिए इसका एक अलग अर्थ है।उन्होंने कहा कि वह अपने बेटे अभिषेक बच्चन और अपनी पोती के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी पर चर्चा करने के लिए उत्साहित हैं।





# धर्मेंद्र ने शेयर की शर्टलेस फोटो

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर अपनी शर्टलेस फोटो शेयर की है। धर्मेंद्र को बॉलीवुड का हीमैन कहा जाता है। धर्मेन्द्र ,इंस्टाग्राम पर अपनी डेली लाइफ की फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। इसी बीच उनका नया पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटो में फर्श पर धर्मेंद्र बैठे हुए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मां बाप ने नाम दिया धर्मेंद्र। आप ने प्यार से ही मैन रख दिया।दोस्तों आपके ढ़ेर सारे प्यार के लिए लिए लव यू ऑल। धर्मेन्द्र की इस फोटो को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।





# जान्हवी कपूर और नेहा कक्कड़ ने उलझ के एक नए गाने के लिए हाथ मिलाया

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर और गायिका नेहा कक्कड़ ने फिल्म उलझ के एक नए गाने के लिए हाथ मिलाया है। जान्हवी कपूर, इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म उलझ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जान्हवी ने फिल्म उलझ के अपने गाने के लिए गायिका नेहा कक्कड़ के साथ एक रोमांचक नए सहयोग का खुलासा किया है। यह नेहा और जान्हवी के बीच पहला सहयोग है इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर ने नेहा कक्कड़ की एक तस्वीर के साथ एक भावपूर्ण पोस्ट साझा की, जिसका शीर्षक था, मेरे अगले गाने की आवाज़। वहीं नेहा कक्कड़ ने जान्हवी की एक शानदार छवि पोस्ट की, जिसमें लिखा था, मेरे अगले गाने का चेहरा। जंगली पिक्चर्स प्रस्तुत,सुधांशु सारिया के निर्देशन में बनी फिल्म उलझ में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, मियांग चेंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।यह फिल्म 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# धुरंधर में काम करेंगी यामी गौतम

अभिनेत्री यामी गौतम फिल्म धुरंधर में काम करती नजर आ सकती हैं।

बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। अब इस लिस्ट में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम का नाम भी जुड़ गया है।कहा जा रहा है कि इस फिल्म में यामी गौतम लीड रोल में नजर आने वाली हैं।

कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंघर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है।आदित्य धर फिल्म 'धुरंधर' को जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।फिल्म 'धुरंधर' अगले साल यानी 2025 के सेकंड हाफ में रिलीज हो सकती है। कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंघर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं।



# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनसंवाद

नरसिंहपुर।



पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा में जनचौपाल लगाकर सुनी क्षेत्रीय जनों की समस्याएं, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में दी जानकारी साईबर अपराध से बचनें के बताएं तारीके, अपराधों की रोकथाम में पुलिस के सहभागी बनने हेतु की गयी अपील। जिले में आपराधिक गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्ययोजना तैयार की गयी है जिसके तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के ऐसे ग्राम एवं स्थान जिनमें आपराधिक गतिविधियों के संचालन की शिकायतें प्राप्त होती है उनको चिन्हित कर पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा स्वयं भ्रमण कर उक्त स्थनों पर जन चौपाल का आयोजन कर क्षेत्रीयजनों से रूबरू होकर समस्याओं को सुना जा रहा है। थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा में जन चौपाल लगाकर पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार हुये क्षेत्रीयजनों से जनसंवाद कर सुनी समस्याएं गत दिवस पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा का भ्रमण किया गया एवं जनचौपाल लगायी जाकर क्षेत्रीयजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना गया।नशे के दुषप्रभावों से आमजनों को जागरूक करने हेतु लगायी गयी जन चौपाल जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा में आज जन चैपाल का आयोजन किया जाकर आमजनों को नशे से हाने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया गया एवं नशे के काराबार पर पूर्णतः प्रतिबंध हेतु आमजनों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। साईबर अपराधों के संबंध में दी जानकारी एवं उनसे बचाव के तरीकों से ग्राम वासियों को अवगत कराया गया जनचौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा ग्राम वासियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान परिवेश में साईबर फ्राड एवं अपराधों के तरह-तरह के माध्यमों से आमजनों के साथ फ्राड किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अपराधों के संबंध में ग्राम वासियों को जानकारी दी गयी गयी एवं उनसे बचने के तरीके बताये गये। एवं साईबर हल्पलाईन नम्बरों से अवगत कराते हुये बताया गया कि साईबर अपराध घटित होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पंलाइन टोल फ्री नम्बगर 1930 पर करें अथवा साइबर हेल्पनलाइन नम्बर नरसिंहपुर 7587610186 पर फोन अथवा www.cybercrime.gov.in मेल के माध्यम से या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सके।सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार क्षेत्रीयजनों से अपील क्षेत्र में संचालित असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस का करे सहयोग जनचौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक, श्री अमित कुमार द्वारा क्षेत्रीयजनों से अपील की गयी कि यदि क्षेत्र में कोई अवैध शराब एवं अन्य असमाजिक गतिविधियों का संचालन करता है तो इसकी सूचना तत्काल मुझे एवं पुलिस को देवे ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस के सहयोगी बने।

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया ग्राम पंचायत रिछावर में पौध रोपण

## 10 हजार पौधों का हुआ पौधरोपण

नरसिंहपुर।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिले की ग्राम पंचायत रिछावर में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्री श्री बाबा श्री जी के आश्रम नीलकंठ घाट नर्मदा जी के किनारे पौधरोपण किया। उन्होंने यहां श्री श्री बाबा श्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान एक हजार लोगों की उपस्थिति में 10 हजार पौधों का रोपण किया गया। यहां आम, अमरूद, कदम, जामुन, नीबू, गुलमोहर, नीम, पीपल, बरगद, कटहल आदि के पौधों का रोपण हुआ। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज का यह पौधरोपण गुरू जी तथा अभियान के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस वर्षाकाल में पौधरोपण करें और उससे ज्यादा महत्वपूर्ण कार्य है उन्हें संरक्षित कर वृक्ष बनायें। पौधरोपण करने से पर्यावरण व जल संरक्षण व संवर्धन होगा। इस अवसर पर विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश,भोपाल दक्षिण पश्चिम विधायक श्री भगवानदास सबनानी, पूर्व राज्य मंत्री श्री जालम सिंह पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, एसडीएम



श्रीमती कलावती व्यारे, सीईओ जनपद, ग्राम पंचायत सरपंच, जन अभियान परिषद सांईखेड़ा के समन्वयक श्री राममोहन रघुवंशी, परिषद की नवांकुर संस्था, ब्रह्मर्षि वशिष्ट शिक्षण, प्रशिक्षण एवं सेवा समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरगांव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कीरखेड़ा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलोहबड़ा, सोकलपुर के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पौधरोपण किया।

# केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में हुआ परिवर्तन-प्रिजन टू प्राइड अभियान के तहत कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में परिरूत्र बंदियों में छिपी हुई सृजनशीलता, सकारात्मक सोच, अनुशासन, खेल भावना एवं अच्छे स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मप्र भोपाल द्वारा परिवर्तन- प्रिजन टू प्राइड पहले के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मप्र भोपाल के मुख्य प्रबंधक श्रीकांत माधव विद्या और सदस्य श्री प्रशांत सिंह, श्री आलोक जैन श्री शुभम पांडेय द्वारा कार्यक्रम में खेल सामग्री प्रदाय की गई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा बंदियों के मध्य सदभावनापूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जेल में निरूद्ध बंदियों के बीच कैरम, शतरंज, बॉलीबाल, एवं बैडमिंटन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। नामांकित बंदियों को बाहरी कोच द्वारा खेल प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में श्री प्रशांत सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास एवं नवीन ऊर्जा उत्सर्जन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आयोजन में उपस्थित जेल अधीक्षक श्री अजमेर सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान उप जेल अधीक्षक श्री महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक श्री एडवर्ड स्वामी, श्री आशीष खरे सहित सुरक्षा स्टॉफ मौजूद था।

# जो चेतना को जाग्रत करे वही गुरू

नरसिंहपुर।

महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं गुरूपूर्णिमा उत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती पूजन किया गया उसके पश्चात छात्रा ललिता दुबे द्वारा सरस्वती वंदना एवं गुरू वंदना प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गुरूओं एवं अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सतीश दुबे ने महाविद्यालय के विजन के बारे में बताया उन्होंने अपने वक्त में भारत को विश्व गुरू



के रूप में वर्णित किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पी.सी. डोंगरे ने बताया कि जो चेतना को जाग्रत करे वही गुरू है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी लेकिन वह आर्थिक प्राणी बन गया है। अतः वर्तमान में गुरू की जरूरत माँ की लोरी के समान है। संस्था के प्र.प्राचार्य डॉ. सी.एस. राजहंस ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गुरू के महत्व के बारे में बतलाया। एस.एल.चौधरी ने कहा कि कर्म एवं विचार से युगों का निर्माण होता है। श्रीमती ऊषा वर्मा ने कहा कि गुरू का स्थान सर्वोपरि है उसे समय तथा भूभाग में नहीं बांध सकते है और शिक्षा का दान महादान है।

श्री रामशंकर वर्मा ने कहा कि चिन्तन और चरित्र से व्यक्ति का निर्माण होता है। श्रीमती पुष्पलता चौबे से कहा कि समाज की ऊर्जा को जाग्रत करने के लिए गुरू की आवश्यकता होती है।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में देवी अहिल्याबाई कॉलेज इन्दौर में गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के बर्चुअल कक्ष में किया गया।कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. नमिता साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉ. परनाश्री मुखर्जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति समन्वयक प्रो. सुधा विकरौल एवं सदस्य प्रो. प्रीति कौरव एवं डॉ. नरेश कुमार नेमा का सक्रिय योगदान रहा।

# जिले की टापर गीता लोधी सम्मानित

**नरसिंहपुर।** उत्कृष्ट विद्यालय नरसिहपुर की हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में गणित एवं रसायन शास्त्र विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित करने वाली स्टेट मेरिट होल्डर, जिले की टापर गीता लोधी को आई बी सी 24 स्वर्ण शारदा स्कालरशिप 2024 सम्मान जिसमे 50000 रूपए एवम प्रशस्ति पत्र से मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

## सफलता की कहानी, टापर्स की जुबानी

इस सफलता पर किसान की बेटी गीता लोधी ने बताया कि मेरे पिता श्री गोपाल प्रसाद लोधी बरखेड़ा में कृषि कार्य एवम मां गृहणी है। मेरी हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी की शिक्षा उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण की। बारहवी की पढ़ाई को बिना स्ट्रेस लिए सामान्य तरीके से की। पढ़ाई के साथ साथ विधालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिबिधि में भी हिस्सा लेती थी। प्रत्येक विषय के टापिक को शिक्षकों से समझना और उनके शार्ट नोट्स तैयार करती थी एवं परीक्षा के समय नोट्स का रिवीजन करती थी। सिविल सर्विस में आई ए एस अधिकारी बनकर देश सेवा का जज्बा रखने वाली गीता लोधी ग्रामीण लड़कियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण स्वतंत्रता रहे। जिससे बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ कर अपना भविष्य बना सकें।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने बीटीआई स्कूल में किया छात्रों से संवाद



## गुरुपूर्णिमा के महत्व एवं शैक्षणिक चर्चाएं की

**गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।** बीते शनिवार को प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने नगर के पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बीटीआई) में छात्रों से संवाद किया। उन्होने इस दौरान कक्षा 10 वी में माध्यमिक शिक्षक प्रमोद राय द्वारा प?ाये जा रहे गणित विषय के कालखंड में छात्रों से उनकी प?ाई से संबंधित जानकारी ली एवं गुरुपूर्णिमा के महत्त्व पर चर्चा की। छात्रों को उन्होंने बताया कि गुरुपूर्णिमा के दिन शिष्यों द्वारा गुरुओं का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन स्कूल आकर आप सभी बेहतर प?ाई करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करते हुए स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने बीटीआई स्कूल में रसायन शास्त्र विभाग के उच्च माध्यमिक शिक्षक के के राजौरिया द्वारा सुसज्जित रसायन शास्त्र विषय की प्रयोगशाला को भी देखा एवं वहाँ किए गए नवाचारों को भी सराहा। उन्हें श्री राजौरिया ने रसायन शास्त्र से जु? विभिन्न प्रयोगों एवं स्वयं के द्वारा तैयार आवर्त सारिणी के विषय मे भी जानकारी दी। इस अवसर पर अरुण बढ़कुर, स्कूल प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल सहित स्कूल स्टाफ के सदस्य एवं छात्रों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।** महाविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व जिसमें स्थानीय खिरका मन्दिर के महंत बालक दास जी मुख्य अतिथि रहे, साथ ही महाविद्यालय से सेवानिवृत प्रभारी प्राचार्य डा. एम. पी. सिंह, सेवानिवृत प्राध्यापक डा. आर. के. कौरव भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत बालक दास, डा. एम. पी. सिंह, एवं प्रो. आर. के. कौरव का शाल, श्री फल से सम्मान किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डा ए के जैन, प्रो. पी. एस. कौरव, प्रो. आर. के. चौकसे सहित सहित सभी प्राध्यापक का सम्मान छात्रों ने किया, कार्यक्रम का संचालन प्रो. विवेक कुर्मी ने किया,कार्यक्रम में प्रो. वी. के. झारिया, प्रो. सुनील पालीवाल, प्रो. एस. के. नायक, डा. सुनील शर्मा, डी. एस. जाट,डा. दर्शन सिंह, प्रो. योगेंद्र ठगेले, प्रो. पंकज कोस्थी, प्रो. नीरज बालाही,निलेश शर्मा, डा. सतीश अग्निहोत्री एवम पिंटू दास की उपस्थिति रही, सभी आगंतुकों के प्रति आभार डा. शारदा भिंडे ने व्यक्त किया ।

# शिशु भारती के तहत गुरु पूजन कार्यक्रम संपन्न

गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर नर्मदा कालोनी मेअखिल भारतीय योजना विध्या भारती के मार्गदर्शन में शिशु भारती साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत आज गुरु पूर्णिमा पूजन कार्यक्रम मूलचंद पटेल, प्रचारक गायत्री युग निर्माण योजना के मुख्य आतिथ्य में व प्रभारी प्राचार्य विपिन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आचार्यों की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर पटेल ने गुरू पूजन पूर्णिमा कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु का अपना महत्व है और कहा कि जैसे



जल बिन सून वैसे ही व्यक्ति गुरु बिन सून है ।इस अवसर पर कार्तिक वर्मा, देव पांडे, सिध्दार्थ पांडे, आदित्य नामदेव, समर, बहिन प्रियांशी विश्वकर्मा, झलक व आचार्यों ने भी गुरू प्रसंग पर अपने विचार व्यक्त किए ।अंत में शिशु भारती प्रमुख ने आभार प्रकट किया उल्लेखनीय है कि प्रति शनिवार को शिशु मंदिर में शिशु भारती का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों के बौध्दिक विकास और अभिव्यक्ति कला के विकास के लिए कार्यक्रम होते है।

# गुरु पूर्णिमा पर हुये विविध कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** महर्षि आश्रम महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम हुए।कार्यक्रम में गुरु के महत्व और योगी महर्षि महेश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि जी ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत भजन कीर्तन और सुंदर पाठ का आयोजन हुआ। अध्ययनरत बच्चों एवं



नरसिंह प्रभात फेरी के सदस्यों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूजा पाठ की गई। आश्रम प्रभारी अश्वनी भार्गव ने कहा कि समय-समय पर गुरु का मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए और हर कार्य समय पर करना चाहिए । प्रभारी सतीशश्रीवास्तव ने महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के कार्यों और उद्देश्य को बताया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पंडित प्रमोद सोनकिया, पार्षद नीलकमल जैन, नरसिंहपुर हांकी अकादमी के संस्थापक राजकुमार चौबे, पत्रकार नीलेश जाट, सुभाष ठाकुर, आचार्य राज पाठक,राजेश पटेल , संतोष पटेल, राजा श्रीवास्तव के अलावा आश्रम के आचार्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने किया।

# ट्रेन से गिरकर घायल हुए युवक को, डायल सेवा ने पहुँचाया अस्पताल

**नरसिंहपुर।** थाना करेली क्षेत्र के अंतर्गत करेली स्टेशन से पहले ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 21-07-2024 को रात्रि 01:30 बजे प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल जीआरपी नरसिंहपुर को सूचना देकर करेली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक रमेश सिसोदिया एवं पायलट अजय पटेल ने घटना स्थल



पर पहुँचकर बताया कि करेली स्टेशन के पहले 24 वर्षीय नितेश मलय पिता खूब सिंह मलय निवासी बौचार ट्रेन से गिरकर पटरी के किनारे घायल हो गया था । डायल-112/100 स्टाफ ने घायल युवक को एफ़. आर. व्ही वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल करेली मे भर्ती करवाया जहाँ घायल का उपचार किया जा रहा है । डायल 112/100 और जीआरपी के जवानों की तत्परता से समय पर घायल को उपचार मिला जिससे उसकी जान बची ।

# छात्र छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री का वितरण



नरसिंहपुर।

बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस एवम गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एकीकृत माध्यमिक शाला गौड़ी धुवघट में गुरु सम्मान एवम उपहार वितरण का हुआ आयोजन इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा एवम ब्रांच अधिकारी ने उपस्थित होकर शाला के प्रत्येक बच्चे को उपहार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर से बी ए सी ब्रजेश नेमा ने गुरु पूर्णिमा उत्सव पर कहा कि एक गुरु के लिए बच्चों के चेहरों पर विश्वास और मुस्कुराहट देखने से अच्छा अनुभव और कोई हो ही नही सकता ।बैंक मैनेजर राहुल पाठक ब्रांच ऑफिसर पूजा वर्मा आईडीबीआईबैंक, जन शिक्षा केंद्रएम एल बी से सी ए सी हरप्रसाद कोरी प्रधान पाठक तुलसीराम पटेल एवम शाला परिवार की उपस्थिति एवम सहयोग उल्लेखनीय रहा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा एवम आभार प्रदर्शन शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारा किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरु पूर्णिमा के वसर पर ग्राम बगलई ऊजर में हुआ वृहद पौधारोपण कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायत बगलई ऊजर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 111 पौधे रोपे गये। इनमें आम, अशोक, नीम, सहजन एवं जामुन के पौधे शामिल हैं। यह पौधरोपण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जय नारायण शर्मा और विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे के निर्देशन में नवांकुर संस्था नई पहल फाउंडेशन के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील की गई है। एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में फलदार, छायादार और शोभादार पौधों का रोपण किया गया। इंजी. देवदत्त पचौरी ने पौधों के महत्व और उनके जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पौधे न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि भूमि क्षरण को रोकने, जलवायु को नियंत्रित करने और जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जिले के सभी शालाओं में परंपरागत रूप से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**नरसिंहपुर।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये।गुरू पूर्णिमा के प्रथम दिवस पर प्रार्थना सभा के पश्चात शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू- शिष्य संस्कृति विषय पर चर्चा की। प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्वितीय दिवस में गुरू पूर्णिमा पर्व पर विद्यालयों में वीणा वादिनी मां सरस्वती वंदना, गुरू वंदना एवं दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में साधु- संतों, गुरूजनों, शिक्षकों व सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया।





दद्दा जी की समाधि स्थल में हजारों लोगों ने किये दर्शन



# दद्दा धाम में गुरु पूर्णिमा पर्व की धूम, उमड़ा आस्था का सैलाब

**कटनी।** कर्म सम्राट यज्ञ सम्राट प्रातः वंदनीय हमारे आराध्य गृहस्थ संत पूज्य पं. श्री देव प्रभाकर जी शास्त्री दद्दा जी एवं पूज्यनीय गुरुमाता जिज्जी माँ के सानिध्य में एवं पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी की उपस्थिति में श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम दद्दा धाम कटनी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे पूरे भारतवर्ष से हजारों गुरु भाइयों ने हिस्सा लिया आज प्रातः काल से ही कार्यक्रम स्थल में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था सर्वप्रथम प्रातः काल पूजन के बाद पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक महा आरती,भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे संजय सत्येंद्र पाठक, प्रणय पांडे, श्री लखन घनघोरिया, विनोद गोटिया, संजय यादव निलेश अवस्थी, श्रीवर्धन त्रिवेदी, मनीष पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# एनकेजे विद्यालय में मनी गुरु पूर्णिमा



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र एन. के. जे.स्थित शासकीय प्राथमिकऔर माध्यमिक शाला न्यू कटनी जंक्सन में गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों के सम्मान में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य गुरुजनों का पुष्प, गुलदस्ता,श्रीफल भेंटकर उनका तिलक- रोरी से आत्मीय स्वागत किया गया. इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक कविता,गीत,नृत्य और नाटक का सुखद मंचन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता शालेय प्रभारी अजय मिश्रा द्वारा की गयी .वक्ताओं के क्रम में अपने उदगार में शालेय वरिष्ठ शिक्षक मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा गुरु शब्द की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये,बताया गया कि प्रत्येक गुरु अपने शिष्य में छायी अज्ञानता और अंधेरा को दूर कर उसमें ज्ञान रुपी प्रकाश भरने का कार्य किया जाता है.कार्यक्रम संचालन श्रीमती कविता जैन और आभार प्रदर्शन मोहना जरगर सोनी ने किया. इस अवसर पर ए.के.मिश्रा, एम.एस. राजपूत.जी. सी. कोष्ठी, पी.एस.भारती, जे. दुबे, ए. के. पटेल,श्रीमती रश्मि विश्वकर्मा,कविता जैन,निधि पटेरिया,मोहना जरगर सोनी, नम्रता ताम्रकार,नीतू दाहिया, नीलम श्रीवास, एवं चंद्र प्रभा केअलावा शाला प्रबंध कार्यकारणी के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। माध्यमिक शाला एन. के. जे. के शिष्यों ने लिया गुरुजनों का आशीर्वाद।

# स्वाजातीय स्वर्णकार समाज का शपथ ग्रहण हुआ सम्पन्न

कटनी।

स्वाजातीय स्वर्णकार समाज मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में कटनी मैं प्रदेश कोर कमेटी, प्रदेश युवा मोर्चा मंडल एवं प्रदेश महिला मंडल की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण सकुशल संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री मुरारी लाल सोनी, श्री राम प्रकाश जी सोनीपूर्व प्रदेश अध्यक्ष ,श्री सुरेश कुमार सोनी जी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ,श्री रामचंद्र जी सोनी प्रदेश महामंत्री, श्री मथुरा प्रसाद जी सोनी वरिष्ठसमाजसेवी,नवनियुक्त प्रदेश युवा अद्यक्ष रामहित सोनी नव नियुक्त प्रदेश महिला अद्यक्ष श्रीमती जगदम्बा सोनी, श्री मोहनलाल जी सोनी जिलाअध्यक्ष कटनी, श्री देवदत्त सोनी मैहर, श्री संतोष कुमार सोनी मैहर, श्रीमती चंद्रप्रभा सोनी प्रदेश महिला अद्यक्ष छ ग , श्रीमती मीरा सोनी शहडोल, श्रीमती सारिका सोनी, श्री मति पूजा सोनी, श्री मति प्रिया सोनी श्री मति प्रीति सोनी श्री राहुल सराफ प्रदेश अद्यक्ष छ ग , डॉ राजेश सोनी ,श्री आशीष जी सोनी कटनी, श्री सतीश सोनी एवं वृहद संख्या में सभी सम्माननीय स्वजातीय बंधु उपस्थित हुए।



# डीपीएस में हुआ छात्र संध शपथ ग्रहण समारोह

**कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल कटनी के सत्र 2024-25 के लिए नव छात्र संघ का गठन विद्?यालय के आडिटोरियम इनवेस्टिचर सेरेमनी और अलंकरण समारोह के रूप में किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्रों ने भाग लिया। नवगठित छात्रसंघ का चयन प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली से किया गया।



इस दौरान छात्रों को न सिर्फ निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई बल्कि अधिसूचना जारी होने से लेकर मतगणना एवं शपथ ग्रहण समारोह को छात्रों के समक्ष प्रदर्शित कर निर्वाचन के बारीकियों से अवगत कराया गया विद्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि के रूप आमंत्रित विद्यालय के प्रबंध निर्देशक एवं निर्देशिका श्री अनुराग जैन व श्रीमती जूही जैन जी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा स्वागत व वंदना पर भावपूर्ण गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्?यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे जी ने नव निर्वाचित छात्र संघ को अपने दायित्वों एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। नवगठित छात्र संघ में विद्?यालय के प्रेसीडेंट सनातन यादव, वाइस प्रेसीडेंट - सिराज खान, प्राइम मिनिस्टर - कल्पना शर्मा, डिप्टी प्राइम मिनिस्टर आर्या श्रीवास्तव, रेड हाउस कैप्टन - पुष्कर जैन, वाइस कैप्टन- आकाश बजाज, ग्रीन हाउस कैप्टन- अक्षत यादव, वाइस कैप्टन तन्मय बलानी, ब्लू हाउस कैप्टन - सक्षम पुरवार, वाइस कैप्टन - शिवम सिंह, यलो हाउस कैप्टन - पार्थ गेई, वाइस कैप्टन - आख्या जैन, स्पोर्ट्स इन्चार्ज अर्पित जायसवाल, डिप्टी स्पोर्ट्स इनचार्ज- भुवि अग्रवाल, कल्चरल इंचार्जव डिप्टी इंचार्ज - शोभिनी राय और वर्तिका जैन, डिसिप्लिन इन्चार्ज व डिप्टी इन्चार्ज - रुद्रेन्द्र बहादुर सिंह और वर्तिका जैन, म्यूजिक इंचार्ज जैनेंद्र रजक शामिल हुए।

इसके साथ ही प्रायमरी विभाग के नवगठित छात्र संघ में प्रायमरी हेड ब्वाय - प्रांजय जैन, डिप्टी हेड ब्वाय - प्रज्योतिर कुर्मा, हेड गर्ल- अमेया मिश्रा, डिप्टी हेड गर्ल - निर्वी प्रसाद, रेड हाउस कैप्टन - वैदेही मिश्रा, वाइस कैप्टन - मोश पमनानी, ग्रीन हाउस कैप्टन- आराध्या त्रिपाठी, वाइस कैप्टन अश्रित खंडेलवाल ब्लू हाउस कैप्टन - अक्षिता जैन, वाइस कैप्टन अंशराज, यलो हाउस कैप्टन - जीवी नागदेव, वाइस कैप्टन अद्विक वर्मा, असेम्बली इंचार्ज - सुक्रिती सिंह व सान्वी रावत, डिप्ली असेम्बली इंचार्ज - शुभ थारवाती व आदित्य तनवानी, डिसीप्लिन इंचार्ज. देवाग्या परीहा व मिशिता चौदहा, डिप्टी डिसीप्लिन इंचार्ज - राजवीर जायसवाल व मिशिका तनवानी । कार्यक्रम का संचालून शिक्षक श्री अजीत दुबे और श्री अभिषेक मिश्रा ने किया ।

# एफएलएन कोर कमेटी की कार्यशाला

कटनी



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने एफ एल एन कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों की अकादमिक प्रगति की जांच एवं सुधारात्मक क्षेत्र की पहचान के उद्देश्य से जिला एक्शन प्लान के निर्माण करने एफएलएन की कोर कमेटी के समस्त सदस्यों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त प्राथमिक विद्यालयों में संचालित एफ एल एन कार्यक्रम की निर्धारित दक्षता उपलब्धि हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त एफ एल एन शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, पाठ्य योजना अनुसार शिक्षण संदर्शिका व अभ्यास पुस्तिका का एफ एल एन प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने, मेंटरिंग के दौरान प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, जन शिक्षकों द्वारा चिन्हित समस्याओं का निराकरण कर शिक्षकों को सुझावात्मक एवं सुधारात्मक सहयोग प्रदान करने, राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय सारणी का पालन करते हुए एफ एल एन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ही शिक्षण कार्य करने पर बल देने के साथ ही छात्रों को शाला में अधिकाधिक उपस्थित विद्यालय में सुनिश्चित कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से दक्षताओं के उपलब्धि स्तर में वृद्धि करने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गेमावत ने समस्त प्राथमिक माध्यमिक शालाओं में छात्रों के नामांकन मे वृद्धि करनें, पाठ्य पुस्तक वितरण, गणेश वितरण का लक्ष्य पूर्ण रूपेण सुनिश्चित करनें, साथ ही आगामी माह में संपन्न होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा एनएएस व ओलंपियाड परीक्षा मे अधिकाधिक छात्रों की उपस्थिति हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा कर समीक्षा की जाकर संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एम फॉर सेवा हॉस्टल के छात्रों से मिले शिक्षक



कटनी।

इस दौरान शिक्षकों ने कक्षा छठवीं , सातवी एवं आठवी के छात्रों से मिलकर जीवन के उद्देश्यों पर आत्मीय संवाद किया जाकर उनका आकलन किया गया तथा मनोरंजक गतिविधि कराते हुए कहानियां भी सुनाई गई।

उल्लेखनीय है कि ग्राम मझगवां विकासखंड ब?वारा में संचालित इस छात्रावास में वर्तमान में 68 छात्र रहकर माध्यमिक शाला मझगवां में अध्ययन कर रहे हैं । ये छात्र प्रदेश के विभिन्न जिलों के हैं। इन्हें छात्रावास में स्वावलम्बी बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों जैसे पौधे लगाना, उनकी देखभाल करना, खाना तैयार करने में मदद करना,अपनी साफ सफाई स्वयं करना आदि के अवसर भी दिए जाते हैं।

इस आत्मीय वार्तालाप के दौरान डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने छात्रों से कहा कि हमको अपने जीवन में कई बार कई चीजें शुरू में अच्छी नहीं लगती पर वह आगे चलकर जीवन को सुन्दर बनाती हैं अत: हमें हर गतिविधि के दीर्घ कालिक परिणाम के बारे में चिंतन करते हुए आगे ब?कर बेहतर जीवन ग?ना है । माध्यमिक शाला मझगवां के प्रधानाध्यापक पी एन प्रसाद ने बच्चों को अपनी हर बात अपने ब?ों और टीचर्स से साझा करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर हॉस्टल वार्डन देवाशीष चतुर्वेदी एवं सहायक वार्डन दीपचंद तेकाम ने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं निरंतर मार्गदर्शन हेतु आग्रह किया।

## एम फॉर सेवा हॉस्टल में छात्रों से मिले गुरूजी

कटनी।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर स्वामी दयानन्द सरस्वती ट्रस्ट द्वारा संचालित आवासीय छात्रावास में आज शिक्षक छात्रों से मिले 7 छात्रों से मिलकर उन्होंने कक्षा 6/7/8 के छात्रों से मिलकर जीवन के उद्देश्यों पर आत्मीय बातचीत की 7 साथ ही उनका आकलन करते हुए उन्हें एक मनोरंजक गतिविधि कराते हुए कहानी सुनाई 7 उल्लेखनीय है कि ग्राम मझगवां विकासखंड ब?वारा में संचालित इस छात्रावास में वर्तमान में 68 छात्र रहकर माध्यमिक शाला मझगवां में अध्ययन कर रहे हैं 7 यह छात्र प्रदेश के विभिन्न जिलों के हैं 7 इन्हें छात्रावास में स्वावलम्बी बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों को करने के अवसर भी दिये जाते हैं

# इंदिरा गांधी वार्ड में बनेगी डब्लूबीएम रोड

## महापौर प्रीति संजीव सूरी ने वार्डवसियों को विकास कार्य की दी सौगात

कटनी।

शहर विकास को लेकर लगातार अग्रसर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने आज दिनांक 21 जुलाई 2024 को इंदिरा गांधी वार्ड में वर्षों से लंबित सड़क की मांग को पूरा करते हुए 9 लाख की लागत से बनने वाली डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। वर्षों से लंबित रोड की समस्या का निराकरण करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने लगभग 9 लाख की लागत से बनने वाली डब्लूबीएम रोड का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिक कनछेदी लाल से करवाया। सड़क निर्माण का भूमि पूजन करवाने पहुंची महापौर प्रीति संजीव सूरी ने स्थानीय नागरिकों से चर्चा करते हुए उन्हें अस्वस्थ किया कि क्षेत्र में मौजूद समस्याओं को लेकर लगातार प्रयास जारी हैं। चरणबद्ध तरीके से शहर के सभी वार्डों में विकास के कार्य कराए जा रहे हैं भाजपा शासन में हमारे सांसद माननीय वीडी शर्मा जी का भी लगातार सहयोग से विकास कार्यों को गति प्रदान मिल रही है ।



इस दौरान स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी,मण्डल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार,संतोष पटेल,अनिल सिंह भद्दू,उपयंत्री अश्वनी पांडेय के साथ स्थानीय महिलाओं का समूह एवं अन्य जनों की उपस्थिति रही।

**लालबहादुर शास्त्री वार्ड में कायाकल्प अन्तर्गत 1 करोड़ की लागत से बन रही रोड का महापौर ने किया निरीक्षण** - महापौर सूरी द्वारा लालबहादुर शास्त्री वार्ड मुख्य मार्ग पर पहुँच कर कायाकल्प अन्तर्गत 1 करोड़ की लागत से बन रही सीसी सड़क का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनों से मिल चर्चा कर विकास कार्य की शुभकामनाएँ दी साथ ही संबंधित उपयंत्री को सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान स्थानीय पार्षद सरला मिश्रा रमेश सोनी, शिब्बू साहू,अभिषेक ताम्रकार,अनिल सिंह भद्दू,उपयंत्री पवन श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।



# जायन्ट्स ग्रुप सहेली ने पौधे रोपे

**कटनी।** आज जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कटनी सहेली ने 20 जुलाई ( शनिवार) को सभी सहेलियां मिलकर *ऐम फॉर सेवा आश्रम* छात्रावास (मझगवां गांव ) जाकर वहां यूनिट डायरेक्टर श्रीमान रणवीर करण की उपस्थिति में बच्चें जो कि आस पास के गांव के गरीब बच्चें हैं। वहां पर स्वर्गीय श्री हरनामदास प्रथ्यानी की पुण्यतिथि के अवसर पर नरेन्द्र प्रथ्यानी द्वारा पठन सामग्री कॉपी व सहेलियों द्वारा पेन बिस्कुट चिप्स का वितरण किया गया और वहाँ पर 'एक पेड़ माँ के नाम' से बच्चों के साथ मिलकर 31 छोटे बड़े पेड़ लगाए गए, जिसमें अशोक, पीपल, बिही, मुन्ना सीताफल, कटहल, पपीते, शमी, आम , बेलपत्र ,कचनार व कई प्रकार के फूलों के पौधे बच्चों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया। और बच्चो को भोजन प्रसादी भी कराई गई। जिसमें वरिष्ठ सदस्य गीता जोशी, गौरी साहू, शशि शुक्ला, दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, दीपाली गुप्ता, सुषमा गोस्वामी, रिलि गुप्ता, मनीषा गौतम, आशा दीक्षित, सारिका सोनी, वंदना सोनी, शोभना खांपरिया अलका वर्मा, मेधा गुप्ता, नंदिता करण,रिचा सेक्सरिया, सुनीता सरावगी, जलपा पटेल, तृप्ति अग्रवाल व भी सहेलियों की उपस्थिति रही।

## म.प्र. राज्य सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन कटनी में

**कटनी ।** जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में विधायक प्राइज मनी 62वी अंतर जिला एवं 77वी मध्य प्रदेश राज्य सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 का आयोजन दिनांक 9 अगस्त से 14 अगस्त 2024 तक इंडोर बैडमिंटन हॉल माधव नगर कटनी में किया जाएगा। कटनी जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अलोक कुमार जूडराज जोसफ ने बताया कि 2019 मे मध्य प्रदेश राज्य जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के आयोजन के बाद पुन: एक बार फिर से कटनी में मध्य प्रदेश राज्य सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है विगत दिवस कटनी जिला बैडमिंटन संघ की इंडियन कॉफी हाउस में सामान्य सभा में यह निर्णय लिया गया कि कटनी में इस वर्ष कटनी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के अलावा मध्य प्रदेश राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन भी कराया जाए।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनी गुरु पूर्णिमा

कटनी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में गुरुपूर्णिमा उत्सव पर केन्द्रित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण माननीय एस.डी.एम. एवं प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा रेणु विश्वकर्मा एवं डॉ. फूलचंद कोरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत श्रंखला में एस.डी.एम., महाविद्यालय से सेवानिवृत्त क्रीडा अधिकारी सुश्री संध्या पुरोहित एवं ग्रंथपाल श्रीमती संध्या निगम को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। छात्रा गरिमा चक्रवर्ती एवं सहयोगियों द्वारा गुरूजनों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम संयोजक डॉ. साधना जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का परिचय एवं विजन पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने गुरूपूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में गुरू का विशेष महत्त्व होता है। उन्होंने गुरु की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि गुरू में तीन द का महत्व बहुत आवश्यक है। तीन द का अर्थ होता है- दया, दान और दमन। जिस गुरू में उर्पयुक्त तीनों गुण विद्यमान हों, उसे सर्वश्रेष्ठ गुरु की संज्ञा दी जाती है। कटनी जिले के अनुविभागीय अधिकारी, तथा महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रदीप मिश्रा, ने अपने उदबोधन में कहा कि व्यक्ति के विकास में गुरु का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज की युवा पीढ़ी गुरू की महिमा से अनभिज्ञ है। वह आभासी दुनिया में जीवन व्यतीत कर रही है उसका वास्तविक जीवन से काई लेना-देना नहीं है। महाविद्यालय में रानीतिशास्त्र की सहायक प्राध्यापक श्रीमती बंदना मिश्रा ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नैतिक शिक्षा की भूमिका को उल्लेखित किया।



भारतीय ज्ञान पंरपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने गुरुपूर्णिमा का महत्व, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूति पर वक्तव्य दिया। श्रीमती ॠचा पाण्डेय ने गुरू शिष्य परंपरा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती श्रद्धा वर्मा ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर बीए प्रथम वर्ष की शिवानी यादव, डिंपल मौर्य के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन द्वारा गुरुपूर्णिमा पर विशेष कार्यकम देवी अहल्यिा विश्वविद्यालय इंदौर में आयोजित किया गया जिसका सीधा प्रसारण महाविद्यालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं म.प्र. के अनेक विश्वविद्यालयों के कुलगुरूओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन एवं श्री भीम बर्मन ने तकनीकी सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सदस्यगण श्रीमती नेहा चौधरी, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, श्री अंजनेय तिवारी, डॉ. सपना झारिया, श्रीमती संध्या सिंह, का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज, श्री अमिताभ पाण्डेय, डॉ. आर. के. गुप्ता, श्री के. जे. सिन्हा, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, श्री बिनेश कुमार यादव, श्री नागेन्द्र यादव, समस्त अतिथि विद्वान, स्ववित्तीय अतिथि विद्वान एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# भारत ने यूएई को 78 रनों से हराया

दांबुला ( वार्ता )।

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने रविवार को महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।




### यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिये और 32 गेंदों में 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। इसके अलावा कप्तान ईशा ओझा ने 36 गेंदों में 38 रन बनाये। खुशी शर्मा 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिये। रेणुका सिंह, तनुजा कंवर, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### यूएई को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने यूएई को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया था। यूएई की कप्तान ईशा ओझा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष ने 75 रनों की आतिशी साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। 20वें ओवर में हरमनप्रीत कौर रनआउट हो गई। उन्होंने 47 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 66 रन बनाये।

### हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक

यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतरग्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। ऋचा घोष ने 29 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए 64 रनों की नाबाद पारी खेली। यह ऋचा का अंतरराष्ट्रीय करियर का यह पहला अर्धशतक है। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यूएई की ओर से कविशा एगोडगे ने दो विकेट लिये। समायरा धरनीधरका और हीना होतचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### टी-20 क्रिकेट में बना दिया सबसे बड़ा स्कोर!

महिला टी20 एशिया कप 2024 में भारतीय टीम ने यूएई के खिलाफ इतिहास रच दिया। यूएई के खिलाफ मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके साथ ही भारत की महिला टीम ने इस फॉर्मेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टी20 क्रिकेट में महिला टीम ने पहली बार 200 रन के आंकड़े को पार किया। इससे पहले टीम इंडिया का टी20 फॉर्मेट में सबसे बड़ा स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ था। टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 2018 में मुंबई टी20 मैच में 198 रन बनाए थे।




## भारतीय लड़के विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

**ह्यूस्टन ( वार्ता )।** भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए है। अमेरिका के ह्यूस्टन में शनिवार को खेले गये मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया। शौर्य बावा ने यूसुफ सरहान को 12-14, 9-11, 11-7, 11-3, 11-1 से हराया। अरिहंत के.एस. ने इवान हैरिस को 15-13, 12-10, 8-11, 11-2 से हराया।

## जो रूट ने की स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन की बराबरी

### विराट कोहली छूट गए पीछे!

नॉटिंघम।



वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जो रूट ने करियर का 32 वां शतक लगाया। इसके साथ ही रूट ने टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ की बराबरी कर ली है। इन दोनों खिलाड़ियों ने भी टेस्ट क्रिकेट में 32 सेंचुरी लगाई है। मॉर्डन डे क्रिकेट में जो रूट फैब-4 के अहम बल्लेबाज में से एक हैं। ऐसे में अब स्मिथ, विलियमसन और रूट के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। हालांकि, इस मामले में भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस मामले में पीछे रह गए हैं।फैब-4 में शामिल विराट कोहली वैसे तो इन तीनों ही खिलाड़ियों से कहीं बेहतर माने जाते हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने के मामले में वह रूट, विलियमसन और स्मिथ से पीछे छूट गए है। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली के नाम सिर्फ 29 शतक ही दर्ज है। हालांकि, उम्मीद है कि इस साल होने वाले टेस्ट मुकाबलों में विराट कोहली इन तीनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ सकते हैं। रूट 178 गेंद में 122 रन बनाकर आउट हुए।वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मुकाबले में जो रूट के अलावा हैरी ब्रूक ने भी शतकीय पारी खेली। हैरी ब्रूक 132 गेंद में 109 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। हैरी ब्रूक और जो रूट ने मिलकर इंग्लैंड के लिए दमदार बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 300 रनों के पार पहुंचाया, जिससे वेस्टइंडीज पर मेजबान टीम को एक बड़ी बढ़त हासिल हुई।दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी है। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 416 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने 457 रन बनाकर 41 रनों की बढ़त हासिल की थी। हालांकि, दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दमदार खेल दिखाते हुए वेस्टइंडीज पर अपना दबदबा बना लिया।

## चोटिल श्रेयंका पाटिल हुई एशिया कप से बाहर

दांबुला ( वार्ता )।



भारतीय ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल बाएं हाथ की उंगली में चोट के कारण महिला एशिया कप से बाहर हो गई हैं। एशियन क्रिकेट काउंसिल विज्ञप्ति के अनुसार 21 वर्षीय श्रेयंका के अपने बाएं हाथ की चौथी उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। उन्होंने एशिया कप में अब तक पाकिस्तान के साथ हुये मैच में 3.2 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये थे। भारतीय टीम ने यह मुकाबला आसानी से जीत लिया था। अब श्रेयंका की जगह 26 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर को टीम में शामिल किया गया है। तनुजा ने अभी तक भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। वह वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स और घरेलू क्रिकेट में रेलवे के लिए खेलती हैं। उन्होंने डब्ल्यूपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्हें 2023 में जायंट्स ने 50 लाख रुपये में ख़रीदा था। डब्ल्यूपीएल की नीलामी से कुछ समय पहले उन्होंने एकदिवसीय ट्रॉफी के फाइनल में रेलवे के लिए तीन विकेट हासिल किये था। टूर्नामेंट में उन्होंने कुल18 विकेट लिए थे। एकदिवसीय ट्रॉफी में तनुजा का औसत 11.16 और इकॉनमी रेट मात्र 2.43 था। तनुजा ने 2024 डब्ल्यूपीएल सत्र के आठ मैचों में 10 विकेट लिए थे और उनका औसत 20.70 और इकॉनमी रेट 7.13 का रहा था।

## ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले एथलीटों के लिए बीसीसीआई ने खोला खजाना

नई दिल्ली।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलिंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं।'

### भारत को गौरवान्वित करें : जय हिंद

उन्होंने कहा,हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद ।ञ पेरिस ओलिंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है। बीसीसीआई के इस सहयोग से पेरिस ओलिंपिक की तैयारियों में एथलीटों को काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा बीसीसीआई का अन्य खेलों के प्रति उठाया गया यह कदम काफी सराहनीय है।

### दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है बीसीसीआई

बता दें कि मौजूदा समय में भारतीय क्रिकेट बोर्ड दुनिया के सबसे अमीर बोर्ड में से एक है। क्रिकेट वर्ल्ड में बीसीसीआई का वर्चस्व है। यहां तक की आईसीसी को सबसे ज्यादा रेवेन्यू बीसीसीआई की तरफ से मिलता है। सिर्फ इतना ही नहीं, बीसीसीआई उन क्रिकेट नेशन के लिए भी मदद के लिए आगे रहता है जिसके पास संसाधनों की कमी है। यही कारण है कि विश्व क्रिकेट में बीसीसीआई की अपनी एक अलग धाक है।

### टी-20 विश्व कप चैंपियन को 125 करोड़

पिछले महीने आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम इंडिया को बीसीसीआई की तरफ से 125 करोड़ का पुरस्कार राशि भेंट गई। इसके अलावा वह भारतीय क्रिकेटरों को मोटी सैलरी भी देते हैं। साथ ही पूर्व क्रिकेटरों के लिए पेंशन की भी व्यवस्था है। इसके अलावा पूरे देश में क्रिकेट इन्फ्रास्टकचर को बढ़ाने में बीसीसीआई करोड़ों की रकम खर्च कर रही है।

## मनोलो मार्केज भारतीय फुटबॉल टीम के नये मुख्य कोच

कोलकाता ( वार्ता )



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मनोलो मार्केज़ को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। 55 वर्षीय मार्केज़ फिलहाल इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में कार्यरत हैं जहां वह 2024-25 सीज़न समाप्त होने तक बने रहेंगे मार्केज़ आईएसएल 2024-25 के बाद पूर्णकालिक तौर पर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच का पद संभालेंगे। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण भूमिका में मार्केज़ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है और उन्हें राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए छोड़ने की उदारता के लिए एफसी गोवा के भी आभारी हैं। मार्केज़ 2020 से भारत में कोचिंग कर रहे हैं। वह 100 से अधिक मैचों के लिए हैदराबाद एफसी और गौर्स के लिए मुख्य भूमिका में रहे हैं। स्पैनिश कोच ने तीन सीज़न के लिए हैदराबाद का मैनेजमेंट किया और 2023-24 सीज़न से पहले एफसी गोवा में जाने से पहले 2022 में उनके साथ आईएसएल खिताब जीता। मार्केज़ के पास स्पेन में फुटबॉल कोचिंग का अच्छा अनुभव भी है। वह 2017 में ला लीगा क्लब लास पालमास में उनके कार्यकाल से सुर्खियों में आए। उन्होंने अपने 22 साल के कोचिंग करियर के दौरान थाईलैंड और क्रोएशिया में भी कोचिंग की है।

# चना में तेजी, तुअर सस्ती, दालों में घट-बढ़

**इंदौर( वार्ता )।** स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में सप्ताहांत दलहन कामकाज सुधार लिए रहा। मांग से चना महंगा तथा तुअर सस्ती होकर बिकी। दलहन के समर्थन स्वरूप दालों के भाव भी ऊपर-नीचे हुए। चावल में खरीदी सुधार लिए रही। सप्ताहांत चना कांटा 6950 से 7000 रुपये खुलने के बाद 7050 से 7100 रुपये होकर थमा। मूंग 8000 से 8500 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। सप्ताहांत भाव 7900 से 8500 रुपये बोले गए। कारोबार में तुअर 10000 से 12200 रुपये खुलकर 10000 से 12100 रुपये प्रति क्विंटल होकर स्तर पर थमी। उड़द 8900 से 9500 खुलने के बाद 9300 से 9500 रुपये बिकी। मसूर 6150 से 6200 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर खुलने के बाद 6150 से 6200 रुपये होकर थमी। दालों में भाव मांग से ऊपर नीचे हुए। सप्ताहांत चना दाल, मसूर दाल के साथ तुअर कभी ऊंची तो कभी नीची बिकी। रवा, मैदा, गेहूं का आटा में लिवाली रही। चना बेसन ऊंचा बिका। चावल में ग्राहकी सुधार लिए रही।



**मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड में तेजी** - सप्ताहांत खाद्य तेलों में पूछपरख सुधार से भाव ऊपर- नीचे हुए। हालांकि सप्ताहांत मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली बताई गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1540 से 1560 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1560 से 1580 रुपये पर रुका। कारोबार के दौरान भाव ऊपर नीचे हुए। सोयाबीन रिफाइंड 940 से 945 रुपये पर खुलकर 955 से 960 रुपये बिका। पाम तेल 950 से 955 रुपये खुलकर 955 से 960 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव बने रहे। सरसों, सोयाबीन में रिफाइनरी वालों की खरीदी से भाव ऊपर-नीचे हुए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली से भाव में मजबूती रही।

**शक्कर महंगी, खोपरा गोला, साबूदाना मजबूत** - सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर पूछपरख कम होने से सस्ती बिकी। खोपरा गोला में कामकाज सुधार लिए रहा। खोपरा बूरा महंगा बिका। दिसावरी समर्थन से हल्दी के साथ साबूदाना मजबूती लिए रहा। स्थानीय किराना बाजार में शक्कर 3980 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3900 से 3940 रुपये? के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 03 से 04 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 110 से 130 रुपये पर रुका। हल्दी में पूछपरख बताई गई। इसमें कामकाज 220 से 285 रुपये की रंगत पर हुआ। खोपरा बूरा के दामों में सुधार दर्ज किया गया। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2500 से 4800 रुपये होकर थमा। साबूदाना में उठाव रहा।

## सोना-चांदी में मिश्रित रंगत

*इंदौर ( वार्ता )। सप्ताहांत सोना मजबूत रहा जबकि चांदी में कमी दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 550 रुपये महंगा तथा चांदी 450 रुपये सस्ती होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 72850 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 73400 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 90250 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 89800 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 74200 नीचे में 72750 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 91450 तथा नीचे 89700 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2400 डॉलर तथा चांदी 2920 सेन्ट प्रति औंस बिकी।*

## पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज ने क्यूआईपी से जुटाए 149.50 करोड़ रुपए

नयी दिल्ली ( वार्ता )



पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट से 149.50 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज मुख्य रूप से अपने घरेलू और ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और सप्लाई चेन के जरिए पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए तैयार परिधानों की डिजाइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सोर्सिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और एक्सपोर्ट का कारोबार करती है। इस क्यूआईपी में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, बंधन म्यूचुअल फंड, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, गोल्डमैन सैक्स फंड, टाटा म्यूचुअल फंड और फ्रैंकलिन इंडिया म्यूचुअल फंड सहित तमाम निवेशकों ने निवेश किया है। कंपनी क्यूआईपी से मिले फंड का इस्तेमाल कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, कुछ बकाया उधारों के पुनर्भुगतान, इनऑर्गेनिक ग्रोथ से जुड़ी जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। कंपनी के उपाध्यक्ष और गैर कार्यकारी निदेशक पुलकित सेठ ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि क्यूआईपी सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। यह उपलब्धि हमारे कामकाज और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमारा साझा समर्पण उजागर करती है। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं, अपनी प्रगति की निगरानी करने और अपनी सभी मौजूदा और भविष्य की परियोजनाओं को मजबूती देने के साथ अपनी गति को बनाए रखने के लिए सतर्क हैं। हम उत्कृष्टता और ईएसजी सिद्धांतों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेंगे और शानदार परिणाम हासिल करेंगे।

## विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड बढ़त के साथ 666.9 अरब डॉलर पर



**मुंबई ( वार्ता )।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.7 अरब डॉलर की रिकॉर्ड बढ़त के साथ 666.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 585.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.2 अरब डॉलर का इजाफा लेकर 58.7 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 7.6 करोड़ डॉलर की तेज़ी आई और यह बढ़कर 18.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 4.61 अरब डॉलर हो गया।

# आर्थिक सर्वे और बजट का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई ( वार्ता )।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दमदार लिवाली से 81 हजार अंक के पार पहुंचने के बावजूद सप्ताह के अंतिम दिन हुई भारी मुनाफावसूली के दबाव में बीते सप्ताह मामूली बढ़त में रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह संसद में पेश होने वाले समाप्त वित्त वर्ष की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और चालू वित्त वर्ष के पूर्ण बजट का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 85.31 अंक अर्थात 0.1 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 80604.65 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 28.75 अंक यानी 0.1 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24530.90 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर मुनाफावसूली हुई। इससे मिडकैप 1248.23 अंक अर्थात 2.63 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 46260.03 अंक और स्मॉलकैप 1531.45 अंक यानी 2.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर 52481.80 अंक रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह सोमवार को 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी होने वाली है। इसके अगले दिन मंगलवार को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। बजट में कारोबार और उद्योग जगत के विकास के लिए किए जाने वाले प्रस्ताव पर बाज़ार अपनी प्रतिक्रिया देगा। इसके



अलावा अगले सप्ताह एलटी, पावरग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, कैनरा बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, आईजीएल, अशोक लेलैंड, सिप्ला, फेडरल बैंक, इकरा, सुजलॉन, यूको बैंक और इंडिगो जैसी दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का परिणाम जारी होने वाला है। अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।बीते सप्ताह बुधवार को मुहर्रम पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिनमें से तीन दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 145.52 अंक की तेजी के साथ 80,664.86 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर और निफ्टी 84.55 अंक चढ़कर 24,586.70 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, दूरसंचार, रियल्टी आईटी और टेक समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 51.69 अंक चढ़कर 80,716.55 अंक और निफ्टी 26.30 अंक बढ़कर 24,613.00 अंक हो गया। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के शेयरों में हुई जबरदस्त लिवाली ने गुरुवार को शेयर बाजार को ऊंचाई के नये शिखर पर पहुंचा दिया। सेंसेक्स 626.91 अंक की तेजी के साथ पहली बार 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,343.46 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 187.85 अंक यानी 0.76 प्रतिशत मजबूत होकर 24,800.85 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (आईटी) की प्रमुख कंपनी इंफ़ोसिस के चालू वित्त वर्ष के पहली तिमाही के परिणाम उम्मीद से बेहतर रहने के बावजूद ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में बुधवार को शेयर बाजार शिखर से नीचे लुढ़क गया। सेंसेक्स 738.81 अंक का गोता लगाकर 80,604.65 अंक और निफ्टी 269.95 अंक की गिरावट लेकर 24,530.90 अंक रह गया।

# भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का स्थान सर्वोच्च : डॉ. यादव

## प्रदेश के सभी स्कूल और कॉलेजों में अब हर वर्ष मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा का महापर्व



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व कुल गुरुओं एवं शिक्षकों का किया सम्मान

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का स्थान सर्वोच्च है। गुरू शिक्षा के साथ ही ज्ञान का प्रसार भी करते हैं। वे अपने शिष्यों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरुजनों का सम्मान भारतीय परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुरुजनों के सम्मान के लिए अब प्रदेश में हर वर्ष सभी स्कूल और कॉलेजों में गुरूपूर्णिमा का महापर्व मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को गुरुओं की महत्ता बताई जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस आयोजन से जुड़े और गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित गुरू पूर्णिमा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### गुरू शिक्षा के साथ ज्ञान भी देते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाभारत के अनेक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए गुरू शिष्य परम्पराओं का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गुरू शिक्षा के साथ ज्ञान भी देते हैं। वे अन्याय एवं अधर्म से लड़ना सिखातें हैं। जीवन जीने की कला सिखाते और शिक्षा एवं ज्ञान का दान करते हैं। इस कार्य में वे अपने कष्टों को भी बाधा नहीं बनने देते हैं। गुरू का साथ मिलते ही शिष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और वह सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करने लगता है। उन्होंने कहा कि गुरू-परम्परा समुचित मानवता को धन्य करने की परम्परा है।

### गुरुओं का महत्व सबके के सामने आना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आचार्य सांदीपनि का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुजन राष्ट्रवादी सोच का प्रवाह अपने शिष्यों में करते हैं। आचार्य सांदीपनि इसका बेहतर उदाहरण है। आचार्य सांदीपनि ने अपने ज्ञान से राष्ट्र निर्माण और अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव सिखाया है। गुरुओं का महत्व सबके के सामने आना चाहिए। इसके लिये हमने प्रदेश में हर वर्ष स्कूल और कॉलेजों में गुरू पूर्णिमा का महापर्व पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत देश को अपने ज्ञान के आधार पर ही विश्व गुरु का दर्जा मिला है।

### गुरू अंतस के अंधकार को भी मिटाता है

महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरू मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि गुरुओं का जीवन में अक्षुण्ण महत्व है। गुरू अंतस के अंधकार को भी मिटाता है। गुरू अपना सब कुछ शिष्य को दे देता है।

गुरू शिष्य में प्रतिबिंबित होते हैं। गुरू ज्ञान के साथ ही संस्कार एवं जीवन मूल्य भी सिखाते हैं। गुरुओं के महत्व को बताने के लिये राज्य शासन द्वारा हर वर्ष गुरू पूर्णिमा का महापर्व मनाये जाने का निर्णय सराहनीय है।

**भारतीय गणित पर लिखित पुस्तकों का विमोचन**–अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा के.सी. गुप्ता ने भारतीय परंपरा में गुरु शिष्य के संबंधों की महत्ता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. रेणु जैन ने स्वागत भाषण दिया।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलगुरूओं एवं शिक्षक गणों का सम्मान भी किया गया। साथ ही गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय गणित पर लिखित पुस्तकों का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में उन्होंने मोढ़ी लिपि को देवनागरी लिपि में परिवर्तित करने, सॉफ्टवेयर तैयार करने वाली बालिका अंशिका जैन का सम्मान भी किया।

### गुरुजनों का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। डॉ. यादव मंच से उतरकर गुरुजनों के बीच पहुंचे। उन्होंने सभागृह में मौजूद पूर्व कुलगुरूओं एवं शिक्षकों का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया।

# प्रधानमंत्री ने जो आव्हान किया देश ने अक्षरसः पालन किया



## 400 से अधिक पौधों का हुआ रोपण



**दमोह।** जो भी लोग यहां काम कर रहे हैं, सेवाएं दे रहे हैं मैं उन्हें बधाई देता हूं। इस बार जो कार्यक्रम चल रहा है एक पेड़ मां के नाम इसके तहत मुझे लग रहा है करोड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं, दमोह जैसी जगह में कम से कम 4 से 5 लाख पौधे लगाए गए हैं, अभी संभवत 10 तारीख को सीता नगर में 51000 पौधे लगाए जाएंगे, जिसकी सूचना जारी की जाएगी। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने भारत माता पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान कार्यक्रम के दौरान कही। पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया, जीबजरिया वार्ड नंबर 6 के पार्षद राघवेंद्र श्रीवास्तव, जिपं उपाध्यक्ष डॉ. मंजू देवेंद्र कटारे ने भी पौध रोपण कर अपनी सहभागिता निभाई।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा वे इंदौर में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए थे, वहां पर 1 दिन में 11 लाख पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। उन्होंने कहा निश्चित रूप से देश के प्रधानमंत्री का धन्यवाद और आभार करना चाहता हूं कि उन्होंने जो भी आवाहन किया है उसको पूरे देश ने अक्षरसः पालन किया है, चाहे वह एक पेड़ मां के नाम हो, चाहे सफाई अभियान हो, चाहे शौचालय का हो, जो भी उन्होंने आवाहन किया है देश के लोगों ने उसका पालन किया है। ऐसे प्रधानमंत्री के आव्हान पर यहां जो पौधे लगाए गए हैं उसके लिए मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं और यह भी आशा करता हूं की पौधों को लगाने के बाद उनकी सुरक्षा भी होगी। इन पर पानी भी डाला जाएगा इन्हें जिंदा रखने का काम किया जाएगा, ऐसा मेरा पूरा विश्वास है। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा आज राम जानकी पार्क में पौधे लगाने का अवसर मिला, यहां आकर बहुत खुशी हुई। नगर पालिका, स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित पार्क में लगभग 400 पेड़ लगाए गए हैं। इसमें आम, नींबू, नीम सहित बहुत से पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा पौधों की हाइट अच्छी है, पौधे स्वस्थ है उनमें लकड़ियां और लग जाए तो अच्छा रहेगा। इस अवसर गायत्री परिवार, पतंजलि योग संस्थान, योग आयोग, संत निरंकारी सत्संग मण्डल, विश्व हिन्दू परिषद की सहभागिता रही। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयोजन में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ध्सामाजिक संगठनों/ व्यापारिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में आज एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत भारत माता पार्क में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत 400 पौधों का रोपण किया गया।

# गुरु का रोल जीवन में कहीं ना कहीं अवश्य होता है : पटेल




## गुरु पूर्णिमा के दिन हम अपने गुरुओं का सम्मान करेंगे : विधायक मलैया

दमोह।

जीवन में बहुत सारे गुरु मिलते हैं अलग-अलग क्लास में पढ़ने वाले लेकिन कुछ गुरु ऐसे होते हैं जो अपने जीवन में छाप छोड़कर चले जाते हैं, जीवन में कोई ऐसा मूल मंत्र देकर चले जाते हैं जो आपके जीवन भर याद रहता है और जीवन भर आपके काम में आता है, गुरु का रोल जीवन में कहीं ना कहीं अवश्य होता है चाहे वह किसी भी फील्ड में हो। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने उत्कृष्ट विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यर्पण कर किया गया।

राज्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उपस्थित सभी गुरुजनों को प्रणाम किया। उन्होंने कहा मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने नई परंपरा को शुरू करके इस परंपरा को आगे बढ़ने का काम किया है।

उन्होंने कहा वे जयंत भैया के साथ पिछले 42-43 साल से साथ हैं, मैंने आज तक नहीं देखा कि उनके दरबार में, उनके घर पर कोई आया हो और वह खाली हाथ गया हो, जितनी मदद हो सकती है उतनी मदद करने का प्रयास करते हैं। मैंने बहुत कुछ उनसे सीखा है, जीवन में बड़े भाई जैसा आशीर्वाद उनका रहा हैए उनसे मैंने जीवन भर सीखा है।

आज मैं जहां पर भी हूं तो उनकी असीम कृपा से हूं। उन्होंने कहा इस स्कूल से बहुत सारी यादें जुड़ी हुई हैं। पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा सनातन धर्म में गुरु और शिष्य की बड़ी लंबी परंपरा है, सनातन धर्म में लोग गुरु जी के आश्रम में पढ़ने जाते थे, बाद में गुरुकुल हुए फिर आज का स्वरूप आया। उन्होंने कहा यह बहुत प्रसन्नता की बात है की प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री राज्यमंत्री लखन पटेल मंत्रिमंडल में जो उनके साथी हैं सभी ने मिलकर मध्य प्रदेश में इस गुरु पूर्णिमा से हर विद्यालय में चाहे वह शासकीय.अशासकीय विद्यालय या महाविद्यालय हो सभी जगह गुरु पूर्णिमा के दिन हम अपने गुरुओं का सम्मान करेंगे।

## हटा नगर एवं आसपास गुरु पूर्णिमा महोत्सव की धूम रही

**हटा।** बुंदेलखंड की काशी हटा में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया लोगों ने प्रातःकाल से ही चण्डी जी मन्दिर, गौरीशंकर मन्दिर पहुंचकर पूजन आरती की। चण्डी जी मंदिर में वीरेंद्र शास्त्री का गुरुपूजन किया गया। पीताम्बरा पीठ में ब्रम्हलीन संत ग्या प्रसाद नायक बाबूजी का पादुका पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। रामगोपाल जी वार्ड में शशि दुबे, शास्त्री वार्ड में बृजेन्द्र बड़गैंया के



आवास के अलावा अनेक गुरुजनों का पूजन कर गुरुपूर्णिमा मनाई गई।

शिष्यों ने गुरुपूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अजब धाम फतेहपुर में मुख्य आयोजन हुआ, जहां छोटे सरकार अनुग्रह दास द्वारा ब्रह्मलीन संत अजबदास जै-जै सरकार की चरण पादुका का पूजन कर आरती की गई।

# 135 मीटर लंबी सड़क मौके पर 68 मीटर मिली

## नौकरी में वापस लिए उपयंत्री ने चढ़ाए गलत माप, वसूली प्रस्तावित

**हटा।** हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में कतिपय पंचायत प्रतिनिधि ठेकेदारों और तकनीकी अधिकारियों की भ्रष्ट कारगुजारियों का शिकार बन रहे है, उनके ग्रह ग्रामों में निर्माण की गुणवत्ता तो प्रभावित हो रही है। कार्यवाही का शिकार भी कतिपय पंचायत प्रतिनिधि बन रहे है। ऐसी शिकायतें लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रही है कि उपयंत्री और ठेकेदार मिलकर पंचायत के फंड के बारे न्यारे कर रहे है और जवाब सबाल सरपंच सचिव से हो रहे है जबकि उन्हें बहुत ज्यादा आर्थिक लाभ नहीं हो रहा है। ऐसी ही एक शिकायत अमझिर ग्राम पंचायत की ढुला ग्राम की हुई जिसमें आरोप लगाया कि ग्राम में चपटा अदिवासी के घर से रजपुरा मड़ियादो मुख्य मार्ग की जो सीसी रॉड बनाई गई है उसमें मौके पर बनी रोड और माप पुस्तिका में दर्ज प्रविष्टि में अंतर है और खासा भ्रष्टाचार किया गया है। इसी ग्राम में 15वे वित्त मद से मनररेगा में क्लू आदिवासी के घर के




पास चबूतरा निर्माण में भी माप पुस्तिका की प्रविष्टि और मौके के कार्य मे भारी अंतर है। शिकायत पर हटा सीईओ बीएस यादव ने जांच समिति गठित की जिसमे सहायक यंत्री अमर सिंह एवं उपयंत्री भगीरथ तंतुवाय ने मौके पर पहुंचकर दोनों कार्यो की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन हटा जनपद सीईओ को सौंपा जिसकी प्रति सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त कर जब इस जांच प्रतिवेदन के तथ्य देखे गए जिसमें स्पष्ट हुआ कि सीसी सड़क के निर्माण के लिये 5 लाख की तकनीकी स्वीकृति दी गई और निर्माण कार्य पूर्ण कर चार लाख चौबीस हजार चार सौ बानवे रुपये खर्च के बिल बाउचर पोर्टल पर दर्ज्ज किये गए और माप पुस्तिका में लगभग 134 मीटर सड़क निर्माण के माप दर्ज्ज हुए जिसकी मौके पर जांच में सहायक यंत्री अमर सिंह और उपयंत्री भगीरथ तंतुवाय द्वारा किये गए भौतिक सत्यापन में मौके पर मात्र 68 मीटर ही सड़क निर्मित पाई गई जिसका वास्तविक मूल्यांकन दो लाख छब्बीस हजार छै सौ छियाछठ रुपया आंकलित किया गया।

इस प्रकार सीसी सड़क के लिए एक लाख सन्तानवे हजार आठ सौ छब्बीस रुपये अतिरिक्त भुगतान के बसूली योग्य पाए गए है। इसी प्रकार चबूतरा निर्माण में माप में अंतर पाया गया है जो नापजोख माप पुस्तिका में दर्ज किए गए है, जांच के दौरान मौके पर कार्य नहीं पाया गया। माप पुस्तिका के अनुसार निन्यानवे हजार एक सौ बीस रुपये का भुगतान प्रस्तावित हुआ जबकि मौके पर केवल अठासी हजार तीन सौ चौरानवे रुपये का कार्य पाया गया।

## 22 से 30 तक महा शिव पुराण कथा एवं महा रूद्र अभिषेक

**हटा।** गायत्री शक्तिपीठ परिसर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार 22 जुलाई से 30 जुलाई तक महाशिवपुराण कथा एवं रूद्र महाअभिषेक का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रातः 7 से 8 तक पंचकुडीय गायत्री महायज्ञ एवं 8 से 11 तक महाशिवलिंग निर्माण एवं महारूद्र अभिषेक का आयोजन किया गया है। यह कथा कथा व्यास प्रतीक मिश्रा श्रीधाम वृंदावन करेंगे। कलश यात्रा सोमवार को दोपहर 12 बजे से गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर पेट्रोल पंप, दुर्गा मंदिर से गौरीशंकर मंदिर, गणेश मंदिर, चंडीजी मंदिर से होती हुई आयोजन स्थल गायत्री शक्तिपीठ पहुंचेगी।

## प्राचीन धरोहरों को सहेजना हमारा कर्तव्य

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के सप्ताह में एक बार सफाई श्रमदान कार्यक्रम से प्रभावित होकर खडेरी गांव के ग्रामवासियों ने 150 वर्षों से अधिक पुरानी बावड़ी कि ग्राम के समाजसेवियों ने मिलकर की सफाई की और श्रमदान किया। जिसमें सेवक पटेल गणेश दुबे गुलजारी रुरया आकाश पटैल ऋषि पटेल एवं जयदीप की उपस्थिति रही।

## साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम में पौधों में पानी दिया

**हटा।** हटा में गौरीशंकर वार्ड स्थित मुक्तिधाम में प्रत्येक रविवार को समाजसेवियों द्वारा श्रमदान कर पौधों की खरपतवार हटाई जा रही है, पौधों में खाद मिट्टी पानी दिया जाता है। पिछले चार-पांच दिन से हटा में बारिश न होने के कारण राजाराम गोश्वामी, चम्पी अशोक चौरसिया, ओमकार उपाध्याय इमरत तंतवाय आदि द्वारा मुक्तिधाम में लगाए गए। पौधों में टैंकर से पानी भर पानी डालने का एवं खरपतवार निकालने रविवार 21 जुलाई को श्रमदान किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुरुपूर्णिमा पर्व की बधाई दी और इसी तरह पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

## पंचकुंडीय यज्ञ कर मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**हटा।** समीपवर्ती ग्राम तेवरईया में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रथम दिवस सूर्योदय से सूर्यास्त तक सवा लाख गायत्री महामंत्र का अखंड जाप एवं द्वितीय दिवस पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। टृष्टि रतनलाल अग्रवाल द्वारा परिजनों से गुरु सत्ता के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखकर काम करने की अपील की गई॰ज्ञापीठ समन्वयक हरिनारायण चौकरिया एवं पंडित गिरधर पटेरिया ने दो पारियों में यज्ञ सम्पन्न कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीलाधर पटेल, नर्मदा असाटी, डॉ. जानकी पटेल, मोती सिंह राजपूत, दुर्गा प्रसाद पटेल, धनीराम दाहिया एवं गंगाराम नामदेव का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपजोन सहसमन्वयक दिनेश दुबे ने क्षत्रीय 15 ग्रामों से पधारे गायत्री परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर शिक्षण संस्थाओं में गुरू पूर्णिमा पर भव्य आयोजन





## शैक्षणिक संस्थाओं में उत्साहपूर्वक मनाई गयी गुरू पूर्णिमा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश में गुरू पूर्णिमा को उत्साहपूर्वक मनाने की शुरूआत की गई है। उनके निर्देश के अनुसार सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में गुरूजनों और शिक्षकों का सम्मान किया गया और विद्यार्थियों ने आशीर्वाद लिया। शिक्षकों ने गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डाला। विद्यालयों में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन आयोजित किया गया। राज्य शासन द्वारा विश्व विद्यालयों में पूर्व से प्रचलित कुलपति नाम को परिवर्तित कर कुल गुरू किये जाने के निर्णय से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया।

**गुरू भविष्य गढ़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं**-स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि समाज में गुरू का स्थान सर्वप्रथम है। धार्मिक ग्रथों में तो यह भी कहा गया है कि गुरू इसलिए महत्वपूर्ण है, जो हमें सच्चे मार्ग और भगवान की शक्ति का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन स्कूल शिक्षा में शिक्षकों की बेहतरी के लिये लगातार निर्णय ले रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसके लिये प्रदेश में पीएम श्री और सीएम राइज स्कूल लगातार खोले जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह नरसिंहपुर जिले के राजमार्ग स्थित रूकमणी देवी पब्लिक स्कूल में आयोजित गुरू पूर्णिमा उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

**भारतीय ज्ञान की उपलब्धि जो विश्व भर में अनुसरणीय**–उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शाजापुर जिले के शुजालपुर स्थित शासकीय जेएनएस महाविद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में कहा कि शिक्षा के माध्यम से पुरातन से सीखकर नूतन की ओर आगे बढ़ते हुए विश्वमंच पर भारत को सिरमौर बनाना हमारा ध्येय है। इसके लिए भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षा में पुनर्स्थापित कर आमूलचूल परिवर्तन जारी है। श्री परमार ने कहा कि दुनिया को भारत के ज्ञान पर गर्व है। जो देश अपने ही ज्ञान को समाप्त कर देता है, उसकी पहचान भी स्वतः समाप्त हो जायेगी। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारतीय समाज का दृष्टिकोण विज्ञान पर आधारित दृष्टिकोण है। भारत की ज्ञान परम्परा पर पुनः अध्ययन एवं अनुसंधान करने की आवश्यकता है। श्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब भारतीय परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 को लागू किया, तब से देश भर में भारत की उपलब्धियों और उल्लेखनीय कार्यों पर गर्व का भाव जागृत हुआ है। अपनी भाषा, अपने ज्ञान, अपनी विरासत को पुनर्स्थापित करते हुए विश्वमंच पर विश्वगुरु के रूप में पुनः स्थापित होंगे। श्री परमार ने कहा कि युगानुकुल परिवर्तन करना हमारा व्यापक दृष्टिकोण है। कण की परिकल्पना भारतीय ऋषि कणाद ऋषि की अवधारणा थी। उसके बाद आधुनिक युग में अणु और परमाणु का विकास हुआ।

